सुप्रभात
रांची, गुरुवार
19.06.2025
* * नगर संस्करण। पेज :12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | आषाढ़, कृष्ण पक्ष, अष्टमी, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 334



12 आकाश और अनंत बने भारत के अमीर शख्स

# आज भारी बारिश का रेड अलर्ट, स्कूलों में रहेगी छुट्टी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मौसम विभाग ने रांची समेत राज्य के अधिकांश जिलों के लिए 19 जून को लेकर रेड अलर्ट जारी किया है। इस दौरान भारी बारिश, तेज हवाएं और बाढ़ जैसी आपदा की संभावना है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने सभी जिलों से पूरी सतर्कता बरतने को कहा है। इधर रांची समेत कई जिलों में प्रशासन ने बचाव की तैयारी शुरू कर दी है।



भारी बारिशा से लातेहार के महुआडांड़ प्रखंड स्थित लोध जलप्रपात उफान पर।

जिला पंचायती राज अधिकारी को कहा गया है कि सभी मुखिया गांवों में मुनादी करवाएं और लोगों को सतर्क रहने की सलाह दें।

## लोग सतर्क रहें, जरूरी संसाधन तैनात रखें

ग्रामीण इलाकों में लोगों को सुरक्षित जगहों पर रहने और जरूरी सामान जैसे टॉर्च, दवा, सूखा राशन तैयार रखने की सलाह दी गई है। सड़क और यातायात व्यवस्था पर खास ध्यान रखने का निर्देश जारी किया गया है। ट्रैफिक डीएसपी और जिला परिवहन अधिकारी को कहा गया है कि टूटी सड़कें, बह गए पुल या जाम की स्थिति पर नजर रखें। संबंधित विभागों को कहा गया है कि जाम नालियों की सफाई करें, गिरे पेड़ों को हटाएं, बाढ़ संभावित क्षेत्रों में राहत के इंतजाम रखें। जनता से सहयोग और सतर्कता की अपील की गई है ताकि कोई बड़ी अनहोनी न हो।

**चेतावनी का पालन करें**

- बिना जरूरत घर से बाहर नहीं निकलें
- कोई आपात स्थिति हो तो नजदीकी प्रशासनिक कार्यालय या हेल्पलाइन नंबर पर तुरंत संपर्क करें।

## सभी स्कूल छुट्टी के आदेश का पालन करें : प्रशासन

रांची समेत राज्य के कई जिलों में गुरुवार को भारी बारिश के मद्देनजर जिला प्रशासन ने स्कूलों को बंद रखने की घोषणा की है। रांची जिले में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के आदेश पर 19 जून को जिले में संचालित सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक समेत) एवं निजी स्कूलों में केजी से 12वीं तक की कक्षाएं नहीं चलेंगी। वहीं सरायकेला-खरसावां, धनबाद और रामगढ़ जिले के स्कूलों में आठवीं तक कक्षाएं स्थगित रहेंगी। आदेश का पालन नहीं करने वाले स्कूलों के खिलाफ आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 के तहत कार्रवाई की जाएगी। मौसम विभाग ने रांची में 21 जून तक भारी बारिश की चेतावनी दी है और रेड अलर्ट जारी किया है। रांची में अगले दो दिन सावधानी बेहद जरूरी है। सतर्क रहें, सुरक्षित रहें।

## न्यूज डायरी

### कैबिनेट की बैठक कल, लिए जायेंगे अहम फैसले

**रांची।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक 20 जून को शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन में होगी। जानकारी के अनुसार, बैठक में पथ, स्कूली शिक्षा, ऊर्जा सहित अन्य विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी जा सकती है। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी।

### 10 जुलाई को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक

**रांची।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने झारखंड सरकार को पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक के आयोजन की आधिकारिक सूचना दे दी है। यह बैठक 10 जुलाई को रांची में होगी। इसकी अध्यक्षता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह करेंगे। बताते चलें कि पिछली बार 10 मई को रांची में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक प्रस्तावित थी, लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के कारण यह बैठक स्थगित कर दी गई थी। सरकार ने बैठक की तैयारियां शुरू कर दी है। बैठक में चार राज्यों झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल और ओड़िशा के मुख्यमंत्री शामिल होंगे।

### नावाबाजार सीओ ₹30 हजार घूस लेते गिरफ्तार

**पलामू।** पलामू एसीबी ने बुधवार को नावाबाजार के अंचलाधिकारी शैलेश कुमार को तीस हजार रुपए घूस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार अंचलाधिकारी पर जमीन संबंधी एक कार्य के बदले में रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी ने आरोपी अधिकारी से पूछताछ शुरू कर दी है।

### सांस की नली में फंसा कुरकुरे, बच्चे की मौत

**रामगढ़।** जिले के रजरप्पा थाना क्षेत्र अंतर्गत बड़कीपोना पारडीह गांव में एक साढ़े तीन साल के बच्चे की मौत सांस की नली में कुरकुरे फंसने से हो गई। बच्चे को पहले हिचकी आई और कुछ देर के बाद वह बेहोश हो गया। परिजन जब उस बच्चे को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे तो चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार रेयांश राज कुरकुरे खा रहा था। इसी दौरान उसे पहले गले में परेशानी हुई। कुछ देर तक हिचकी आने के बाद वह असमान्य व्यवहार करने लगा। उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बचायी जा सकी।

### नक्सली कमांडर बैजनाथ ने किया सरेंडर

**लातेहार।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर बैजनाथ सिंह ने बुधवार को डीआईजी नौशाद आलम, एसपी कुमार गौरव, कमांडेंट राकेश कुमार के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया। मनिका थाना क्षेत्र के शैलदाग गांव का रहने वाला बैजनाथ कई वर्षों से नक्सली संगठनों में सक्रिय था। बैजनाथ सिंह पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 7 से अधिक नक्सली हिंसा के मामले दर्ज थे।

### सीएम की मौजूदगी में शिक्षा विभाग और एचसीएल के बीच एमओयू

# सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कॅरियर के लिए टेक-बी बड़ा कदम : मुख्यमंत्री

- गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उच्च शिक्षा के लिए बिना गारंटी के ₹15 लाख तक का ऋण दे रही सरकार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि राज्य की युवा पीढ़ी का बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। श्री सोरेन बुधवार को प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में आयोजित एमओयू कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नयी पीढ़ी को कॅरियर



निर्माण का रास्ता दिखाने और नया आयाम जोड़ने का प्रयास जारी है। इसी कड़ी में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग और एचसीएल टेक के बीच प्लेसमेंट लिंक्ड बेस्ड प्रोग्राम **टेक-बी** के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि इस पहल से राज्य के युवाओं को सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उज्जवल भविष्य के सपने को साकार करने का मौका मिलेगा। यह एक बड़ा कदम है।

### कंपनियों व संस्थानों को सरकार करेगी सहयोग

मुख्यमंत्री ने 12 वीं कक्षा के बाद से ही झारखंड के विद्यार्थियों को आईटी सेक्टर से जोड़ने की दिशा में एचसीएल के **टेक-बी** कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यहां की युवा पीढ़ी को तकनीकी शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण के साथ जॉब उपलब्ध कराने के लिए अगर कोई कंपनी-संस्थान पहल करती है, तो उसे राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी।

### निश्चित भविष्य की ओर बढ़ने का सुनहरा मौका

मुख्यमंत्री ने कहा कि टेक-बी एक ऐसा कार्यक्रम है, जिसके जरिये विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा पूरी करने के साथ ही निश्चित भविष्य बनाने का मौका मिल रहा है। इतना ही नहीं, सफल प्रशिक्षण के बाद जॉब और उच्च शिक्षा प्राप्त करने के भी अवसर मिलेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे लगन के साथ इस प्रोग्राम का हिस्सा बनकर अपने कॅरियर को नई दिशा दें।

# 15 अगस्त से फास्टैग का वार्षिक पास होगा लागू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांच।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की घोषणा के बाद अब देश में हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर यात्रा करना और आसान होने जा रहा है। एनएचएआई ने 15 अगस्त से देश में फास्टैग आधारित वार्षिक पास की शुरूआत करने का फैसला किया है। एक साल के पास की कीमत तीन हजार रुपये होगी। इससे अधिकतम 200 टोल यात्रा की जा सकेगी। यह योजना झारखंड के उन नागरिकों को भी राहत होगी, जो अक्सर रांची, जमशेदपुर, धनबाद जैसे शहरों से हाईवे के माध्यम से दूसरे राज्यों की यात्रा करते हैं।

### वार्षिक पास की खासियत

- फास्टैग आधारित वार्षिक पास की कीमत मात्र 3,000 रुपये होगी।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास की वैधता 1 वर्ष या अधिकतम 200 यात्राएं (जो पहले हो) मान्य होगी।
- वार्षिक पास का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस वे पर होगा।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास वाहनों की श्रेणी में गैर-व्यावसायिक निजी वाहन जैसे कार, जीप और वैन शामिल होंगे।
- फास्टैग आधारित वार्षिक पास लेने के बाद बार-बार भुगतान की जरूरत नहीं होगी।
- देश के टोल बूथों पर लगने वाली लंबी कतारें कम होंगी।
- यात्रा के दौरान समय की बचत होगी।
- नियमित यात्रियों के लिए राहत।
- नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर पास उपलब्ध होगा।
- सड़क परिवहन मंत्रालय की वेबसाइट पर मिलेगा पास।
- राजमार्ग यात्रा ऐप से भी ले सकते हैं वार्षिक पास।

### गुमला की डॉ पार्वती तिर्की को मिलेगा साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार



**नयी दिल्ली।** झारखंड की डॉ पार्वती तिर्की को 2025 के साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। फिर उगना हिंदी कविता के लिए उनका चयन इस पुरस्कार के लिए किया गया है। साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार, साहित्य अकादमी द्वारा 35 वर्ष से कम आयु के युवा लेखकों को 24 भारतीय भाषाओं में से किसी एक में उत्कृष्ट साहित्यिक कार्य के लिए दिया जाने वाला यह एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। इस पुरस्कार के तहत 50 हजार रुपए नकद दिया जाता है। इसके साथ ही एक उत्कीर्ण ताम्र पट्टिका दी जाती है। झारखंड के गुमला जिले की रहने वाली डॉ पार्वती तिर्की रांची के रामलखन सिंह यादव कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। यूपी के बीएचयू (बीएचयू) से हिंदी में पीएचडी हैं।

### प्रधानमंत्री मोदी की ट्रंप को दो टूक

# भारत ने कभी भी मध्यस्थता न स्वीकार की थी और न करेगा

एजेंसी

**दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार पीएम मोदी ने बुधवार को अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से फोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों नेताओं के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। भारत ने आतंकवाद पर अपनी बात रखी। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत ने कभी मध्यस्थता स्वीकार नहीं की, न ही अब करता है और न ही कभी करेगा। इस मुद्दे पर सभी एकमत है।

**भारत आयेंगे ट्रंप :** विदेश सचिव विक्रम मिसरी के अनुसार दोनों नेताओं की मुलाकात जी7 शिखर सम्मेलन से इतर होनी थी, लेकिन राष्ट्रपति ट्रंप को जल्दी अमेरिका लौटना पड़ा, जिसके कारण यह मुलाकात नहीं हो सकी। फिर अमेरिकी राष्ट्रपति के अनुरोध पर बुधवार को दोनों नेताओं के बीच फोन पर बातचीत हुई। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद दोनों के बीच यह बात करीब 35 मिनट तक हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने राष्ट्रपति को क्वाड शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए भारत आने का न्यौता भी दिया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया।

**पाक के अनुरोध पर हुई सीधी बातचीत :** विदेश सचिव ने कहा, 'पीएम मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप से साफ कहा कि इस पूरी घटना के दौरान भारत-अमेरिका व्यापार समझौते और अमेरिका की ओर से भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता को लेकर किसी भी स्तर पर चर्चा नहीं हुई। सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर बातचीत भारत और पाकिस्तान के बीच दोनों सेनाओं के बीच स्थापित मौजूदा चैनलों के तहत सीधे हुई, यह पाकिस्तान के अनुरोध पर हुआ।

### अयातुल्ला अली खामेनेई का राष्ट्रीय संबोधन में ऐलान

# ईरान नहीं झुकेगा, अमेरिका को दिया अल्टीमेटम

**बढ़ता टकराव**

एजेंसी

**तेहरान।** ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते टकराव के बीच अब अमेरिका की ओर से भी खुली धमकियां सामने आ रही हैं। ऐसे हालात में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल दोनों को सख्त लहजे में चेताया है। खामेनेई ने राष्ट्रीय संबोधन में कहा-ईरान आत्मसमर्पण नहीं करेगा। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, 86 वर्षीय खामेनेई ने स्पष्ट किया कि अगर अमेरिका ने ईरान के खिलाफ कोई सैन्य कदम उठाया, तो उसका अंजाम बेहद गंभीर होगा, जिसकी भरपाई अमेरिका



कभी नहीं कर पायेगा। एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। खामेनेई ने स्पष्ट किया कि ईरान किसी जबरदस्ती थोपे गये युद्ध के आगे झुकेगा नहीं और न ही किसी दबाव में शांति समझौता स्वीकार करेगा।

**ईरान किसी की धमकी नहीं सुनता :** सीएनएन चैनल के अनुसार खामेनेई ने कहा, जो लोग समझदार हैं, वह ईरान और उसके नागरिकों के इतिहास से परिचित हैं। वह लोग कभी ईरान से धमकी की भाषा में बात नहीं करते हैं। खामेनेई ने कहा कि पिछले सप्ताह इजराइल के ईरान पर हमला शुरू करने के बाद यह उनकी दूसरी सार्वजनिक टिप्पणी है।

**इरान का ट्रंप को अल्टीमेटम :** ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चेतावनी दी कि युद्ध में अमेरिकी हस्तक्षेप से पूर्ण युद्ध" छिड़ जाएगा। प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश' समाचार चैनल पर प्रसारित एक साक्षात्कार के दौरान ये टिप्पणियां कीं। इस साक्षात्कार का सीधा प्रसारण किया गया।

**इजराइल को भी चेतावनी :** इजराइली ड्रोन द्वारा ईरानी हवाई क्षेत्र में घुसपैठ पर खामेनेई ने तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, यह ईरान की रेड लाइन है, और जो इसे पार करेगा, उसे माफ नहीं किया जाएगा। इजराइल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। खामेनेई ने नागरिकों से अपील की कि वे इस संकट की घड़ी में एकजुट रहें।

**अमेरिका ने कई युद्धक विमान भेजा :** अमेरिका ने शुरू में ईरान पर इजराइल के हमलों से खुद को दूर रखा था लेकिन बाद में अमेरिका की अधिक भागीदारी का संकेत देते हुए कहा कि वह संघर्ष विराम से कहीं अधिक बड़ा" कुछ चाहते हैं। अमेरिका ने इस क्षेत्र में कई युद्धक विमान भी भेजे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप और उनके सलाहकार ईरानी परमाणु ठिकानों पर संभावित सैन्य हमले को लेकर इजराइल के साथ मिलकर रणनीति बना रहे हैं।



# झारखंड में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, एक झटके में 67 आईएएस अधिकारी बदले गये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया है। सरकार ने 67 आईएएस अधिकारियों का एक झटके में तबादला कर दिया। सरकारी विभागों में इस फेरबदल को लेकर खूब चर्चा है। 67 आईएएस के ट्रांसफर से प्रदस्थापन (पोस्टिंग) की प्रतीक्षा कर रहे सभी अधिकारियों को नया दायित्व मिला है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक विभाग ने जारी कर दी है। विनोद कुमार के हस्ताक्षर से जारी आदेश में कहा गया है कि इस अधिसूचना के क्रम में प्रभार रहित पदाधिकारी कार्मिक विभाग में योगदान करेंगे।

ट्रांसफर की लिस्ट में आईएएस अमिताभ कौशल, राजेश कुमार शर्मा, अरवा राजमकल, राजेश्वरी बी, शशि प्रकाश झा, शेखर जमुआर, रवि शंकर शुक्ला, नेहा अरोड़ा, संदीप सिंह, संजीव कुमार बेसरा, अक्षय कुमार सिंह, कुमुद सहाय, रविरंजन कुमार, मनोहर मराण्डी, घोलप रमेश गोरख जैसे तेजतर्रार अफसरों के नाम शामिल हैं।

## कईयों को अतिरिक्त प्रभार, राप्रसे के नागेंद्र पासवान बने डीडीसी जमशेदपुर

| | | |
|---|---|---|
| अमिताभ कौशल | अतिरिक्त प्रभार | उत्पाद एवं मध्य निषेध विभाग |
| राजेश कुमार शर्मा | अतिरिक्त प्रभार | नागरिक सुरक्षा आयुक्त, झारखंड |
| अरवा राजकमल | अतिरिक्त प्रभार | खान आयुक्त |
| ए दोड्डे | विशेष सचिव | राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार, निदेशक भू अर्जन का अतिरिक्त प्रभार |
| राजेश्वरी बी | निदेशक | पंचायती राज |
| शशि प्रकाश झा | अभियान निदेशक | एनआरएचएम |
| शेखर जमुआर | निदेशक | खेलकूद, कार्यकारी निदेशक झारखंड खेल प्राधिकरण का अतिरिक्त परभार |
| रवि शंकर शुक्ला | उत्पाद आयुक्त, | अतिरिक्त प्रभार एम बिवरेज कॉरपोरेशन |
| नेहा अरोड़ा | विशेष सचिव | स्वास्थ्य, अतिरिक्त प्रभार कार्यपालक निदेशक झारखंड राज्य आरोग्य समिति और परियोजना निदेशक झारखंड राज्य इड्स कंट्रोल सोसायटी |
| संदीप सिंह | विशेष सचिव | अतिरिक्त प्रभार निदेशक अंकेक्षण निदेशालय और निदेशक पेंशन एवं लेखा निदेशालय। |
| संजीव कुमार बेसरा | परिवहन आयुक्त | |
| अक्षय कुमार सिंह | विशेष सचिव | योजना एवं विकास विभाग |
| कुमुद | सहायक निदेशक | अर्थ एवं सांख्यिकी निदेशालय |
| रवि रंजन कुमार विक्रम | श्रमायुक्त, | अतिरिक्त प्रभार निदेशक नियोजन एवं प्रशिक्षण |
| मनोहर मरांडी | विशेष सचिव | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग अतिरिक्त प्रभार मिशन निदेशक स्वच्छ भारत मिशन |
| घोलप रमेश गोरख | विशेष सचिव | पेयजल स्वच्छता विभाग, अतिरिक्त प्रभार एमडी जल जीवन मिशन |
| सूरज कुमार | निदेशक सुडा, | अतिरिक्त प्रभार सीईओ स्मार्ट सिटी और एमडी झारखंड राज्य आवास बोर्ड |
| आदित्य कुमार आनंद | पशुपालन निदेशक | |
| जीशान कमर | गव्य निदेशक, | अतिरिक्त प्रभार एमडी मार्केटिंग बोर्ड |
| मृत्युंजय बरनवाल | अतिरिक्त प्रभार | सीईओ झारखंड राज्य जलछाजन मिशन |
| किरण कुमारी पासी | अतिरिक्त प्रभार | मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी तेजस्विनी परियोजना |
| अजय कुमार सिंह | अपर सचिव | एसटी-एससी एवं अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण विभाग, अतिरिक्त प्रभार निदेशक टीआरआई |
| नैंसी सहाय | निदेशक | नगरीय प्रशासन नगर विकास |
| सुशांत गौरव | नगर आयुक्त | रांची नगर निगम, अतिरिक्त प्रभार उपाध्यक्ष आरआरडीए |
| कुलदीप चौधरी | आदिवासी कल्याण आयुक्त | |
| भोर सिंह यादव | निदेशक कृषि | |
| शशि रंजन | निबंधक सहयोग समितियां, अतिरिक्त प्रभार सीईओ सिद्धो कान्हों कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ | |
| वरुण रंजन | अतिरिक्त प्रभार | जियाडा |
| मनोज कुमार रंजन | निदेशक | प्राथमिक शिक्षा |
| सुधीर बाड़ा | निदेशक | उच्च शिक्षा |
| संदीप कुमार | सचिव | जेपीएससी |
| राजकुमार गुप्ता | अपर सचिव | उच्च शिक्षा |
| माधवी मिश्रा | निदेशक | उद्यान |
| अनन्य मित्तल | सीईओ | जेएसएलपीएस |
| जाधव विजया नारायण राव | निदेशक | पर्यटन |
| कर्ण सत्यार्थी | अतिरिक्त प्रभार | बंदोबस्त पदाधिकारी पूर्वी सिंहभूम और प्रशासक स्वर्ण रेखा परियोजना |
| मेघा भारद्वाज | आईजी रजिस्ट्रेशन, | अतिरिक्त प्रभार एग्जामिनेशन कंट्रोलर जेसीईसीई बोर्ड |
| गरिमा सिंह | एमडी | झारक्राफ्ट |
| हिमांशु मोहन | संयुक्त सचिव | होम |
| विशाल सागर | निदेशक | उद्योग |
| लोकेश मिश्रा | परीक्षा नियंत्रक | जेपीएससी |
| विजय कुमार सिन्हा | निदेशक | सामाजिक सुरक्षा, अतिरिक्त प्रभार निदेशक सह सदस्य सचिव बाल संरक्षण संस्था |
| बाघमारे प्रसाद कृष्णा | अपर निदेशक | रिम्स |
| समीरा एस | अतिरिक्त प्रभार | बंदोबस्त पदाधिकारी पलामू |
| दीपक कुमार दुबे | डीडीसी | गोड्डा |
| सौरभ कुमार भुवानिया | डीडीसी | रांची |
| मो. जावेद हुसैन | डीडीसी | पलामू |
| आलोक कुमार | डीडीसी | खूंटी |
| रवि जैन | डीडीसी | कोडरमा |
| दीपांकर चौधरी | डीडीसी | सिमडेगा |
| आशीष अग्रवाल | डीडीसी | रामगढ़ |
| अनिकेत सचान | डीडीसी | दुमका |
| पीयूष सिन्हा | डीडीसी | देवघर |
| रीना हंसदा | डीडीसी | सरायकेला |
| शताब्दी मजूमदार | डीडीसी | बोकारो |
| सैय्यद रियाज अहमद | डीडीसी | लातेहार |
| नागेंद्र पासवान | डीडीसी | पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर |
| ओम प्रकाश गुप्ता | एसडीओ | |
| राजीव रंजन कुमार | निदेशक माटी कला बोर्ड अतिरिक्त प्रभार सीईओ मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर मध्यम बोर्ड। | |

# राज्यपाल ने डॉ प्रदीप बलमुचू की पुस्तक का किया लोकार्पण



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को राजभवन में पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू द्वारा लिखित पुस्तक 'झारखण्ड एक सिंहावलोकन' का लोकार्पण किया। इस दौरान राज्यपाल ने प्रदीप बलमुचू को पुस्तक की रचना के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू ने कहा कि आज हुए लोकार्पण पुस्तक में खासकर झारखंड की संस्कृति, धरोहर, आंदोलनों और आज के ओद्योगिक विकास तक जिक्र है। मुझे लगता है कि झारखंड के प्रति रूचि रखने वाले लोग पुस्तक पढ़कर झारखंड का इतिहास और उपलब्धियों के बारे में बहुत कुछ जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व सांसद धीरज प्रसाद साहु, मीडिया चेयरमैन सतीश पॉल मुंजनी, सच्चिदानंद चौधरी, मृत्यूंजय शर्मा, राजेश बलमुचू, रिचर्ड लकड़ा, सुनील तिग्गा, जॉयरूंडा, रामाकांत आनंद, आश्वा तिग्गा, फियाज शामिल थे।

### झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर आधारित है पुस्तक : केशव महतो

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि झारखण्ड एक सिंहावलोकन पुस्तक वास्तव में झारखंड शब्द की उत्पत्ति कहां से हुई है, झारखंड आंदोलन से लेकर वर्तमान परिप्रेक्ष्य पर आधारित है। इसमें पहला लेख हुल क्रांति दिवस पर लिखी गई है। झारखंड की संस्कृति, सम्पदा, वन, पर्यावरण, विभिन्न विद्रोह शुरू से लेकर अंत तक क्रमबद्ध जिक्र किया गया है। यह प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे अभ्यार्थियों के लिए बहुत ही लाभदायक होगा। एक छोटी से किताब में पूरा झारखंड का विवरण समेटने का काम किया गया है।

# गैंगस्टर अमन साव मुठभेड़ में क्यों दर्ज नहीं की गयी ऑनलाइन एफआईआर?

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने मुठभेड़ में मारे गए गैंगस्टर अमन साव की मां की चिट्ठी पर स्वतः संज्ञान से दर्ज याचिका पर सुनवाई की। जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद व जस्टिस राजेश कुमार की खंडपीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान प्रार्थी व सरकार का पक्ष सुना। खंडपीठ ने मौखिक रूप से सरकार से पूछा कि परिजन की ओर से एफआईआर के लिए ऑनलाइन शिकायत दी गयी थी। उसे अब तक रजिस्टर्ड क्यों नहीं किया गया? एफआईआर दर्ज करने में क्यों देरी की जा रही है? खंडपीठ ने पूरे मामले में राज्य सरकार को जवाब दायर करने के लिए समय देते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 जुलाई की तिथि निर्धारित की।

**ऑनलाइन शिकायत के बाद भी एफआईआर दर्ज नहीं :** प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता हेमंत कुमार सिकरवार ने फ्रेश हस्तक्षेप याचिका (आइए) याचिका दायर की। उन्होंने बताया कि परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज करने के लिए ऑनलाइन शिकायत दी थी, लेकिन उसे अब तक रजिस्टर्ड नहीं किया गया है। सुप्रीम कोर्ट के छह न्यायाधीशों के फैसले के बाद ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने से इनकार नहीं किया जा सकता है। अमन साव के मुठभेड़ को फर्जी बतानेवाली शिकायत पर सरकार प्राथमिकी दर्ज नहीं करना चाहती है। वह मामले में देरी कर रही है, ताकि उच्च पदस्थ आरोपी सबूतों को नष्ट कर सकें। मामले में देरी होने से कई साक्ष्य प्रभावित होंगे। कॉल ड्रॉप के रिकॉर्ड मिलने का समय समाप्त हो जाने से कंपनी से इस संबंध में जानकारी नहीं मिल पायेगी।

**अमन साव मुठभेड़ की सीबीआई जांच की मांग :** अमन साव को रायपुर (छत्तीसगढ़) से लेकर जिस रास्ते से पुलिस झारखंड ला रही थी, वह रायपुर से आने का रास्ता नहीं है। मामले में जवाब दायर करने के लिए सरकार को बहुत समय मिल गया है। अब उसे अधिक समय नहीं देना चाहिए। वहीं राज्य सरकार की ओर से तीन सप्ताह का समय देने का आग्रह किया गया। 11 मार्च को पलामू में अमन साव के मुठभेड़ की सीबीआई जांच की मांग की गयी है।

# ग्रामीण विकस और पेयजल मंत्री से मिला झारखंड सचिवालय सेवा संघ का डेलिगेशन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड सचिवालय सेवा संघ का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से शिष्टाचार मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में संघ के अध्यक्ष रितेश कुमार, महासचिव राजेश कुमार सिंह सहित धर्मेंद्र कुमार, शशिकांत गोप, अनिल सरदार, धर्मवीर कुमार, सुश्री अष्टमी बानरा एवं अमिता लकड़ा शामिल थीं। यह मुलाकात सौहार्द्र, पारस्परिक विश्वास और सहयोग की भावना के साथ संपन्न हुई। दोनों मंत्रियों ने नवगठित कार्यकारिणी को अपनी शुभकामनाएं दीं और संगठन के साथ सकारात्मक संवाद एवं सहयोग बनाए रखने का आश्वासन दिया। संघ की ओर से संगठन के विषयों में रुचि लेने के लिए मंत्रियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। यह भेंट संगठन एवं शासन के मध्य विश्वास और पारस्परिक सहयोग की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।

# सीजीएल परीक्षा के रिजल्ट पर रोक जारी, 26 जून को होगी सुनवाई

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की स्नातक योग्यताधारी (सीजीएल) परीक्षा के रिजल्ट पर लगी रोक बरकरार रखते हुए हाईकोर्ट ने अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की है। 26 जून को सरकार सीजीएल परीक्षा के पेपर लीक मामले की जांच की रिपोर्ट पेश करेगी। बुधवार को सरकार ने रिपोर्ट पेश करने के लिए समय देने का आग्रह किया, जिसे चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस राजेश शंकर की पीठ ने स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 26 जून निर्धारित की। सरकार ने अदालत को बताया कि अब तक के अनुसंधान में पेपर लीक का कोई साक्ष्य नहीं मिला है।

सरकार की इस दलील का प्रार्थियों ने विरोध किया और इस पर जवाब देने के लिए समय देने का आग्रह किया। पूर्व में इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने परीक्षाफल प्रकाशन पर अगले आदेश तक रोक लगा दी है। सीआईडी ने दो केस किए हैं दर्ज जेएसएससी सीजीएल परीक्षा मामले की जांच सीआईडी कर रही है। सीजीएल परीक्षा-2023 में गड़बड़ी के आरोप में सीआईडी ने दो केस दर्ज किए हैं। पहला केस रांची पुलिस से टेकओवर करने के बाद दर्ज किया गया है, जो रातू थाने में दर्ज हुआ था। जबकि, दूसरा केस जेएसएससी की शिकायत पर दर्ज किया गया है। इस मामले के अनुसंधान के लिए एसआईटी भी गठित है।

**क्या है याचिका में याचिका में :** कहा गया है कि झारखंड सामान्य स्नातक योग्यताधारी संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा (2023) 28 जनवरी 2024 को हुई थी। लेकिन, प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया और परीक्षा रद्द कर दी गई। दोबारा 21 सितंबर 2024 एवं 22 सितंबर 2024 को हुई परीक्षा में भी पेपर लीक होने का आरोप लगाया गया है। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता पीयूष चित्रकार, जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।


## शपथ पत्र

मैं सतेन्द्र मेहता, (SATENDRA, MEHTA) पिता सुदर्शन मेहता, ग्राम बड़ेपुर टोला घोड़बंधा, पोस्ट बराही थाना हुसैनाबाद जिला पलामू राज्य झारखण्ड का निवासी हूं। सपथ पत्र संख्या बुक नम्बर 7 क्रमांक नम्बर 4524 दिनांक 18/06/2025 यह कि मैं मुख्य आरक्षी समान्य सतेंद्र मेहता (SATENDRA MEHTA) 41 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रानी दंगा पश्चिम बंगाल में कार्यरत हूं।यह कि समर मेहता (SAMER MEHTA) मेरा पुत्र हैं। जिनका जन्मतिथि 15/10/2017 हैं।यह कि मैं अपने पुत्र समर मेहता की सेवा पुस्तिका में अपने पुत्र का नाम दर्ज कराना चाहता हूं। इसी आशय का यह सपथ पत्र समर्पित कर रहा हूँ। यह कि उपरोक्त कथन सत्य व सही हैं। यह कि उपरोक्त सेवा पुस्तिका में पूर्व से मेरा पुत्र का नाम समर दर्ज हैं। जबकि सही नाम समर मेहता हैं।यह कि दिनांक 18/06/2025 से मेरा पुत्र समर मेहता (SAMER MEHTA) के नाम से जाना जाएगा।


# झारखंड के सरकारी स्कूलों में नियुक्त किये जायेंगे 1373 शिक्षक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- माध्यमिक आचार्य नियुक्ति के लिए 27 से भरे जाएंगे ऑनलाइन फॉर्म
- 510 उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालयों में 1,373 पदों पर होनी है नियुक्ति

रांची। झारखंड प्रशिक्षित माध्यमिक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा-2025 में सम्मिलित होने के लिए अब ऑनलाइन आवेदन 27 जून से भरे जाएंगे। साथ ही ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 27 जुलाई तक बढ़ा दी गई है। पहले इस परीक्षा के लिए बुधवार (18 जून) से ही आवेदन भरे जाने थे, लेकिन तकनीकी कारणों से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी। अब इसकी तिथि बढ़ा दी गई है। साथ ही आयोग ने इसके लिए संशोधित कार्यक्रम जारी किया है। आयोग ने अब परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि 29 जुलाई तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की है।

ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन दो से चार अगस्त तक हो सकेगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है। पहली बार प्लस टू उच्च विद्यालयों में आर्टिफिशयल इंटेलीसेंस एंड कोडिंग, साइबर सेक्यूरिटी एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस, अप्लाइड इंग्लिश आदि विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी। ऑनलाइन भरे गए आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन दो से चार अगस्त तक हो सकेगा। इस परीक्षा के माध्यम से राज्य के 510 सरकारी प्लस टू उच्च विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य के 1,373 पदों पर नियुक्ति होनी है। पहली बार प्लस टू उच्च विद्यालयों में आर्टिफिशयल इंटेलीजेंस एंड कोडिंग, साइबर सेक्यूरिटी एंड डेटा साइंस, कंप्यूटर साइंस, अप्लाइड इंग्लिश आदि विषयों में शिक्षकों की नियुक्ति इस प्रतियोगिता परीक्षा के माध्यम से होगी।

# भाकपा ने अमेरिका और जी-7 के आक्रामकता की निंदा की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने ईरान पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के आक्रामक बयानों की कड़ी निंदा की है। पार्टी का मानना है कि इस तरह की बयानबाजी से तनाव और बढ़ेगा और पूरा पश्चिम एशिया क्षेत्र युद्ध और अस्थिरता की ओर बढ़ेगा।

**इजरायल की आक्रामकता की निंदा :** पार्टी ने इजरायल की आक्रामक हरकतों पर भी चिंता व्यक्त की है। गाजा पर अपने नरसंहारक हमले शुरू करके इजरायल ने जानबूझकर सीरिया, लेबनान, यमन और अब ईरान सहित क्षेत्र के अन्य देशों में अपनी सैन्य कार्रवाइयों का विस्तार किया है। पार्टी का मानना है कि इजरायल पर लगाम लगाए बिना, क्षेत्र में शांति और स्थिरता भ्रामक बनी रहेगी।

**अमेरिका और इजरायल पर दबाव बनाने की मांग :** अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मांग की है कि अमेरिका और इजरायल पर दबाव बनाने के लिए तत्काल कदम उठाए जाएं, ताकि वे अपनी आक्रामक कार्रवाइयों को रोककर कूटनीति की ओर लौट सकें।

**भाजपा सरकार से अमेरिका समर्थक नीति बदलने की मांग :** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने भाजपा के नेतृत्व वाली भारतीय सरकार से अपनी अमेरिका समर्थक और इजरायल समर्थक विदेश नीति का रुख त्यागने की मांग की है। वैश्विक दक्षिण के प्रति वास्तविक प्रतिबद्धता के लिए अन्य देशों के साथ एकजुटता की आवश्यकता है, ताकि सामूहिक रूप से इजरायल और उसके प्रमुख समर्थक संयुक्त राज्य अमेरिका की आक्रामकता को तत्काल समाप्त करने की मांग की जा सके।


## CCL सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड

Fuelling Sustainable Growth

एक मिनीरत्न कंपनी (कोल इण्डिया लिमिटेड की एक अनुषंगी कंपनी)

**सूचना**

सामग्री, कार्यों एवं सेवाओं के खरीद हेतु सीआईएल एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाईट www.coalindia.in/ संबंधित अनुषंगी कंपनी (सीसीएल, www.centralcoalfields.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं सेन्ट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अतिरिक्त जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी खरीद की जाती है।



## रेल पुलिस अधीक्षक का कार्यालय धनबाद

**प्रेस विज्ञप्ति**

गुमशुदा रौशन कुमार



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जसीडीह रेल थाना कांड सं0-29/23 दिनांक-04.05.2023 धारा 363/भा0द0वि0 में गुमशुदा रौशन कुमार दिनांक-04.05.2023 को समय करीब सुबह 04:00 बजे जसीडीह रेलवे स्टेशन के टिकट काउन्टर के पास परिवार वालो के बिच से गायब होने के संबंध में कांड दर्ज कराया गया। उक्त बच्चे का जसीडीह रेलवे स्टेशन पर काफी खोजबीन किया गया साथ ही सी0सी0टी0वी0 फुटेज भी चेक किया परन्तु गुम हुए बच्चा का कोई पता नही चल पाया है। गुमशुदा रौशन कुमार उम्र-04 वर्ष, रंग-गोरा, पहनावा-गुलाबी रंग का टी-शर्ट पहना हुआ।

गुमशुदा रौशन कुमार के बारे में किसी प्रकार की जानकारी प्राप्त हो, तो निम्नलिखित पदाधिकारियों के मोबाईल नम्बर पर सूचना देने की कृपा करे।

पुलिस अधीक्षक, रेल धनबाद- 9431706117

पुलिस उपाधीक्षक(द्वितीय), रेल धनबाद-7033619661

पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, रेल थाना जसीडीह-7903174831

प्रभारी डी0सी0बी0 शाखा, रेल धनबाद-8340713828

ह0/- पुलिस अधीक्षक, रेल, धनबाद

PR 355401 Police(25-26)#D


# शराब घोटाले के सात आरोपियों के खिलाफ वारंट निर्गत

**रांची।** राज्य में 38 करोड़ रुपये से अधिक के शराब घोटाले से जुड़े मामले में अनुसंधान पदाधिकारी ने सात आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तार वारंट प्राप्त कर लिया है। इससे आरोपियों की मुश्किलें बढ़ गई है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने मंगलवार को गिरफ्तार वारंट का आवेदन दिया था। इसे एसीबी कोर्ट ने अनुमति प्रदान की। आईओ ने महाराष्ट्र और गुजरात के सात आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट प्राप्त कर लिया है। इसमें गुजरात की विजन हॉस्पिटैलिटी सर्विस एंड कंसल्टेंट से जुड़े बिपिन जादवभाई परमार, महेश शेडगे, परेश अभेसिंह ठाकोर और बिक्रमसिंह अभेसिंह ठाकोर शामिल है। जबकि महाराष्ट्र की मार्शन इनोवेटिव सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े जगन तुकाराम देसाई, कमल जगन देसाई और शीतल जगन देसाई का नाम शामिल है। एसीबी ने अब तक 16 से अधिक लोगों को आरोपी बना चुकी है। इसमें से तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे समेत छह की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य आरोपी को एसीबी पूछताछ के बुला रही है। इसके लिये सभी को समन कर रखा है। बावजूद आरोपी नहीं पहुंच रहा है। इसको देखते हुए मामले के पूर्व में निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी विनय कुमार सिंह और छत्तीसगढ़ के चर्चित कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ वारंट जारी हो चुका है।

## चार्जशीटेड छह आरोपियों को मिली जमानत की सुविधा

रांची। जेपीएससी द्वितीय नियुक्ति घोटाले में चार्जशीटेड छह आरोपियों को अदालत ने अग्रिम जमानत की सुविधा प्रदान की है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसएन तिवारी की अदालत में बुधवार को आरोपियों की ओर से दाखिल याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राजीव कुमार सिंह, नंदलाल, डॉ दीनानाथ सिंह, मुनिंद्र तिवारी, शिव बहादुर सिंह एवं रघुवीर सिंह तोमर को अग्रिम जमानत याचिका स्वीकार किया। इनलोगों ने अप्रैल महीने में अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुये याचिका दाखिल की थी। वहीं, रजनीश कुमार की याचिका पर 24 जून को भी सुनवाई जारी रहेगी। अदालत ने बीते 7 मार्च को 26 भ्रष्ट अफसरों समेत 64 आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुये समन जारी किया है। इसके बाद से आरोपियों का अदालती दौड़ जारी है।

# खेलगांव के हरिवंश टाना भगत स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह आजसू का स्थापना दिवस

- प्रमुख झारखंड आंदोलनकारी नेताओं ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस में दी जानकारी
- 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनेगा आजसू का स्थापना दिवस



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के वरिष्ठ झारखंड आंदोलनकारी नेताओं डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता एवं दीपक महतो ने संयुक्त रूप से कहा है कि 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में आजसू का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। मुख्य समारोह खेलगांव के हरिवंश टाना भगत इनडोर स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। उस दिन झारखंड के संघर्ष के इतिहास और वर्तमान दशा पर भी मंथन होगा।

पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में युवा नेता संजय मेहता, मीडिया संयोजक परवाज खान, महानगर प्रवक्ता देवाशीष चट्टोराज आदि भी उपस्थित थे।

### शहीदों को समर्पित होगा बलिदान दिवस

मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि यह दिन झारखंड आंदोलन के उन अमर शहीदों को समर्पित है, जिन्होंने राज्य की अस्मिता, अधिकारों और अस्तित्व की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। बलिदान दिवस केवल अतीत को याद करने का दिन नहीं है, बल्कि यह आत्ममंथन और भविष्य निर्माण का भी समय है।

उन्होंने कहा कि 22 जून झारखंडी भावना को जागृत करने और शहीदों के सपनों को साकार करने का संकल्प दिवस है। यह दिन हमें सोचने पर विवश करता है कि राज्य गठन के बाद हम जनता की अपेक्षाओं पर कहां तक खरे उतरे हैं।

### राज्य के सभी प्रखंडों से जुटेंगे कार्यकर्ता

वरिष्ठ नेता प्रवीण प्रभाकर ने बताया कि इस मौके पर राज्यभर के 24 जिलों और 260 प्रखंडों से आजसू कार्यकर्ता समारोह में जुटेंगे और नवनिर्माण की हुंकार भरेंगे। उन्होंने बताया कि बलिदान दिवस की पूर्व संख्या पर 21 जून को जिला एवं विधानसभा स्तर पर झारखंड आंदोलनकारियों को सम्मानित किया जाएगा।

### अनुषंगी संगठनों के सदस्य भी पहुंचेंगे

केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी ने बताया कि पार्टी के केंद्रीय, जिला एवं प्रखंड के कार्यकर्ता बलिदान दिवस की तैयारी में जुट गए हैं। उन्होंने कहा कि समारोह में सभी अनुषंगी इकाइयों महिला, युवा, छात्र, अधिवक्ता, किसान, बुद्धिजीवी, श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और सदस्य भी पहुंचेंगे। सभी प्रमंडलों तथा जिलों में तैयारी बैठक संपन्न हो चुकी है।

### कई लोगों ने ग्रहण की आजसू की सदस्यता

इस प्रेस कांफ्रेंस से पूर्व सुमित कुमार, अभिषेक त्रिवेदी, संजीव कुमार पासवान, पिंकू कुमार वर्मा, पीनू प्रसाद, अमित समेत कई युवाओं ने आजसू की सदस्यता ग्रहण की।

सुप्रभात
धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
गुरुवार 19.06.2025
धनबाद, वर्ष 02, अंक 95
epaper.khabarmantra.net

# सांसद की अध्यक्षता में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई दिशा की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**धनबाद।** सांसद ढुलू महतो की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान पूर्व में हुई बैठक के अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। वहीं बैठक के समापन से पूर्व सांसद पी एन सिंह ने कहा कि जिले के नए उपायुक्त के साथ नई उम्मीद से दिशा की बैठक संपन्न हुई है। जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रतिवेदनों की जांच पड़ताल करते हुए उचित कर्रवाई करें। जो नए प्रस्ताव आए हैं उसका निष्पादन समय पर करें।

### जल जमाव को दूर किया जाय : टुंडी विधायक

विधायक टुंडी मथुरा प्रसाद महतो ने बिनोद बिहारी चौक तथा नावाडीह में हो रहे जल-जमाव को दूर करने, अधूरी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने को कहा।

### श्रीराम ईपीसी पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करें : निरसा विधायक

वहीं विधायक निरसा अरुप चटर्जी ने जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजना में अप्रत्याशित विलंब करने के कारण श्रीराम ईपीसी पर प्राथमिकी दर्ज कर उसे ब्लैकलिस्ट करने को कहा। साथ ही आदिवासी पेंशन एवं सम्मान राशि शुरू करने, जल जीवन मिशन के तहत बंद पड़ी पानी टंकियों को शुरू करने तथा पाण्ड्रा बेजरा को निरसा प्रखंड में जोड़ने तथा निरसा सीएचसी की जर्जर स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट कराया।

### जल जमाव को दूर करें : बाघमारा विधायक

विधायक बाघमारा शत्रुघ्न महतो ने गौशाला पुल के पास जल जमाव को दूर करने, लिलोरी स्थान, बुढ़ा मंदिर एवं रामराज मंदिर में सुविधाएं बढ़ाने, टुंडू प्लस टू विद्यालय को उत्क्रमित करने तथा बाघमारा फेज 1 एवं फेज 2 जलापूर्ति योजना में विलंब के कारण संवेदक पर कार्रवाई करने को कहा।

### ढोखरा को बलियापुर में समायोजित करने का प्रस्ताव दिया: सिंदरी विधायक

विधायक सिंदरी चंद्रदेव महतो ने ढोखरा को बलियापुर में समायोजित करने का प्रस्ताव दिया। साथ ही बलियापुर में नया सब स्टेशन बनाने, बलियापुर धनबाद रोड तथा भुदा से मुकुंदा तक सड़क बनाने का सुझाव दिया।

### झरिया में भारी वाहनों के लिए रूट एवं समय सारणी निर्धारित करने का अनुरोध किया: झरिया विधायक

विधायक झरिया रागिनी सिंह ने जर्जर अंचल कार्यालय का जीर्णोद्धार करने, पानी की समस्या दूर करने, आउटसोर्सिंग कंपनियों द्वारा घनी आबादी में ओवर बर्डन गिराने और नियम विरुद्ध ब्लास्टिंग करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने झरिया में भारी वाहनों के लिए रूट एवं समय सारणी निर्धारित करने का अनुरोध किया।



## शहरी क्षेत्र में लंबित 35 सड़क योजनाओं के लिए एसीबी क्लियरेंस लेकर समाधान निकाले : धनबाद विधायक

विधायक धनबाद राज सिन्हा ने एसीबी जांच के कारण शहरी क्षेत्र में लंबित 35 सड़क योजनाओं के लिए एसीबी क्लियरेंस लेकर समाधान निकालने, केंदुआ पुल के पास जर्जर सड़क की मरम्मत करने, रानी बांध के पास जलजमाव का समाधान करने, हैवी ब्लास्टिंग के कारण होने वाली क्षति के लिए एफआईआर दर्ज कर डीजीएमएस को भी पार्टी बनाने, बिरसा मुंडा चौक से जोड़ा फाटक रोड का चौड़ीकरण करने, रेलवे एवं बीसीसीएल को सार्वजनिक रास्ता एवं नाली बंद नहीं करने को कहा। साथ ही करकेंद अर्बन हेल्थ सेंटर में अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने का आग्रह किया।

## एयरपोर्ट निर्माण में सभी का हो सहयोग: सांसद

सांसद ढुलू महतो ने कहा कि धनबाद में लंबे समय से एयरपोर्ट की मांग उठाई जा रही है। धनबाद एक महत्वपूर्ण जिला है। एयरपोर्ट निर्माण की दिशा में सभी को सहयोग करना चाहिए। इसके लिए कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन से बात की है। सरकार एयरपोर्ट के लिए जमीन अधिग्रहित करती है तो उन्होंने सीआईएल द्वारा जमीन का मूल्य देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कोयला खनन के लिए भारत कोकिंग कोल लिमिटेड और डीजीएमएस से वार्ता कर ब्लास्टिंग का मापदंड तय करने, पाइपलाइन एवं सड़क को क्षतिग्रस्त करने वाली आउटसोर्सिंग कंपनियों तथा जलापूर्ति योजना को समय पर पूरा नहीं करने वाली एजेंसियों पर कार्रवाई करने को कहा।

## सभी समस्याओं का निवारण जल्द: उपायुक्त

वहीं उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन ने कहा की दिशा की अगली बैठक से पहले सभी निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित कर लिया जाएगा। उन्होंने करकेंद अर्बन हेल्थ सेंटर में शीघ्र अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने तथा निरसा सीएचसी की जांच करने का निर्देश दिया। साथ ही जलापूर्ति जैसी महत्वपूर्ण योजना में अप्रत्याशित विलंब करने के कारण संवेदक को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया शुरू करने का आश्वासन दिया।

### बैठक में ये थे शामिल

बैठक में सांसद गिरिडीह चंद्र प्रकाश चौधरी, जिला परिषद की अध्यक्ष शारदा सिंह, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर पियूष सिन्हा, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, वन प्रमंडल पदाधिकारी विकास पालीवाल, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, के अलावा सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### तपोवन कॉलोनी के घर में निकला सांप

**धनबाद।** सरायढेला थाना क्षेत्र के अंतर्गत तपोवन कॉलोनी में नीरज कुमार के घर में एक जहरीले सांप का रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू करने आए बजरंगी ने मौके पर पहुंचकर आधे घंटे के प्रयास के बाद सांप को पकड़ा।

### झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप

**जोड़ापोखर।** जल संयंत्र केन्द्र जामाडोबा में 6 घंटे बिजली आपूर्ति बाधित रहने से झरिया एवं आस पास के क्षेत्रों में जलापूर्ति ठप हो गई हैं।केन्द्र के कर्मियों ने बताया है की संयंत्र केन्द्र में जामाडोबा विद्युत सब स्टेशन से बिजली की आपूर्ति की जाती हैं। मेंटेनेंस करने को लेकर सुबह 1 बजे से लेकर संध्या 6 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित हो गया है। वही कहा जा रहा है की मेंटेनेंस में दो घंटे समय और लगेगा। जिससे की जल भंडारण नही हो सकता है। भंडारण नही होने से झरिया 30 इंची एवम पाथरडीह 18 इंची से जलापूर्ति नही हुआ है।बारिश में शुद्ध पानी पीने की सप्लाई नही होने से झरिया के लोग गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं। जिससे की क्षेत्र में महामारी का खतरा बढ़ गया है।संयंत्र केन्द्र के पदाधिकारी आशुतोष राणा ने बताया है की बिजली की आपूर्ति बाधित रहने से जलापूर्ति नही हो रही हैं। बिजली आपूर्ति बहाल होने से जलापूर्ति बहाल हो जायेगा।

### यू ट्यूबर को जेल भेजने पर मुखियाओं में खुशी



**मैथन।** शिवलीबाड़ी पूरब पंचायत के मुखिया आवास पर बुधवार को मुखिया संघ की बैठक हुई। संघ से जुड़े मुखियाओं ने एक स्वर में चिरकुण्डा थाना प्रभारी रामजी राय की कार्रवाई की सराहना की और धन्यवाद दिया। संघ अध्यक्ष काकुली मुखर्जी ने कहा कि कुछ दिन पूर्व जूनकुदर निवासी सचिन कुमार सिंह द्वारा सोशल मिडिया में डुमरकुण्डा उत्तर पंचायत मुखिया रंजीत पासवान का आपत्तिजनक वीडिओ प्रसारित किया गया था। जिसके बाद मुखिया संघ उस मामले को लेकर चिरकुंडा थाना प्रभारी से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग की थी। उस मामले में मुखिया रंजीत पासवान की शिकायत पर रविवार को सचिन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी ने जिस तत्परता से कार्य किया है उसकी हमलोग सराहना करते है। इसके लिए वे बधाई के पात्र है। हमलोगों का मानना है की इस तरह से बेबुनियाद खबर चलाना अपने आप में एक जुर्म है। ऐसे लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए। बैठक में मुखिया तनवीर आलम, अजय मुर्मू, मलका मेहर निगार, रीता रवानी, बंदना देवी, रामदेव पासवान आदि थे।

### रीता देवी बनी मुखिया संघ की अध्यक्ष



**मैथन।** निरसा प्रखंड के मुखियों की बैठक बुधवार को धनंजय महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर नई कमेटी का गठन किया गया। नई कमेटी में निरसा मध्य पंचायत की मुखिया रीता देवी को मुखिया संघ का अध्यक्ष, आलोकी मरांडी को उपाध्यक्ष, सपन गोराई को सचिव, रिंकू देवी को सहसचिव एवं वंदना मोदी को कोषाध्यक्ष तथा सात सदस्यीय निगरानी समिति का गठन किया गया।उक्त अवसर पर मुखियों ने कहा कि पूर्व मुखिया द्वारा प्रखंड के मुखियों की आवाज को प्रमुखता से नहीं उठाया जा रहा था। इस कारण हम लोगों ने सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया है। उक्त अवसर पर अध्यक्ष गीता देवी ने कहा कि प्रखंड के सभी मुखियों की समस्याओं को लेकर हमेशा मुखर रहूंगी। पदाधिकारी की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी।

# सीबीआई ने सेक्शन ऑफिसर और सहायक को 20 हजार रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**धनबाद।** सीबीआई की टीम को मिली बड़ी सफलता सीबीआई की धनबाद इकाई ने बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोल माइंस प्रॉविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (सीएमपीएफ) के सेक्शन ऑफिसर विष्णु प्रसाद गुप्ता और एक अन्य कर्मचारी धीरज निषाद को 20 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सीएमपीएफ में कार्यरत एक सेवा-निवृत्त कर्मचारी की रिटायरमेंट राशि की निकासी के एवज में रिश्वत मांगने के मामले में की गई। इस संबंध में सीबीआई एसपी प्रहलाद किशोर झा ने बताया कि सीबीआई को इस संबंध में एक शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि सीएमपीएफ के उक्त अधिकारी सेवानिवृत्त कर्मचारी की वैध रिटायरमेंट राशि रिलीज करने के लिए 20,000 रुपये की अवैध मांग कर रहे हैं। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए सीबीआई धनबाद शाखा द्वारा प्राथमिक जांच की गई, जिसमें आरोप सही पाए गए। सीबीआई की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर बुधवार को सीएमपीएफ कार्यालय में यह कार्रवाई की। जैसे ही शिकायतकर्ता ने आरोपियों को तयशुदा राशि सौंपी, सीबीआई टीम ने तत्काल छापेमारी कर दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए सीबीआई कार्यालय लाया गया है।

## पत्रकार स्व. नीरज कुमार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**धनबाद।** धनबाद प्रेस क्लब के जुझारू पत्रकार नीरज कुमार के निधन पर बुधवार को गांधी सेवा सदन में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर, उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि सभा में धनबाद प्रेस क्लब के महासचिव अजय प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रतीक पोपट, शरद पांडे व अमर कुमार, सचिव राम मूर्ति पाठक, संजय चौरसिया, नवीन राय व चंदन पाल, पूर्व अध्यक्ष अशोक कुमार, वरिष्ठ पत्रकार ज्ञानवर्धन मिश्र पंकज कुमार, अमित रंजन, मनोज रवानी, निकुंज कुमार, सुनील कुमार, अनिल कुमार, संतोष कुमार, निकुंज कुमार समेत धनबाद प्रेस क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## मानसून की पहली बारिश में मैथन एवं पंचेत डैम का बढ़ा जलस्तर, डैमों का खोला गया फाटक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मैथन।** मानसून की पहली ही मूसलाधार बारिश से मैथन एवं पंचेत डैम के जल स्तर में वृद्धि होने लगा है। जिसके कारण केंद्रीय जल आयोग के निर्देश पर डीवीसी प्रबंधन ने मैथन डैम से 18589 एकड़ फीट पानी छोड़ रहा है तो वही 5967 एकड़ फीट जल जमाव हो रहा है मैथन डैम का जलस्तर 471.59 फिट बना हुआ है। वही पंचेत डैम से 41970 एकड़ फीट पानी निचले इलाकों में छोड़ी जा रही है यहां पर 3575 एकड़ फीट जल जमा हो रहा है पंचेत डैम का जलस्तर 404.04 फिट बना हुआ है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा भारी बारिश की चेतावनी इस इलाके में दी गई थी जिसके बाद से डीवीसी प्रबंधन ने दोनों ही डेमो से पानी छोड़ना शुरू किया है जिसकी सूचना झारखंड एवं पश्चिम बंगाल के जिला प्रशासन को दे दिया गया है।

## ब्लॉक-2 क्षेत्र में भविष्य निधि एवं पेंशन पर समन्वय बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कतरास।** ब्लॉक-2 क्षेत्र में कोल कर्मियों के भविष्य निधि एवं पेंशन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर महत्वपूर्ण समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यालय से अभिषेक राय (प्रबंधक-मानव संसाधन) श्रीमती अर्चना (प्रबंधक-मानव संसाधन) पहुंचे थे। लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कोल कर्मियों के सेवानिवृत्ति से पूर्व भविष्य निधि और पेंशन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। मुख्यालय टीम ने आवश्यक सुधारों और प्रक्रियाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने के सुझाव भी दिए। बैठक में ब्लॉक-2 क्षेत्र की ओर से अनिल कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक ( मानव संसाधन), अजय सिंह यादव उप-प्रबंधक, विकास कुमार सहायक प्रबंधक, लिपिक संजय पांडेय और मुन्ना शर्मा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य कोल कर्मियों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा उनके पेंशन और भविष्य निधि से जुड़े मुद्दों के समाधान को गति प्रदान करना था।

## धरती आबा जनजाति उत्कर्ष ग्राम शिविर में आयें 130 आवेदन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मैथन।** धरती आवा जनजाति उत्कर्ष ग्राम अभियान के तहत निरसा प्रखंड के सिजुआ एवं गुंडवा गांव में शिविर का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविर में कुल 130 आवेदन आए। दोनों स्थानों पर आयोजित शिविर में 62 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया तथा उन्हें दवा दी गई। शिविर में जॉब कार्ड निर्माण के लिए 20, मैया सम्मान योजना के लिए, राशन कार्ड बनाने के लिए 32, जाति प्रमाण पत्र के लिए दो, आवासीय प्रमाण पत्र के लिए दो एवं पेंशन से संबंधित सात आवेदन आये। शिविर में आए आवेदनों का 15 दिनों में निष्पादन करने का ग्रामीणों को पदाधिकारी ने आश्वासन दिया।

# बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधिमंडल ने समस्याओं को लेकर पणन सचिव से की मुलाकात

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**धनबाद।** बाजार समिति चेंबर ऑफ कॉमर्स का प्रतिनिधिमंडल चेंबर अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल के नेतृत्व में मंडी परिसर में व्याप्त व्यापारियों की विभिन्न समस्याओं को लेकर पणन सचिव विपुल कुमार से मिला एवं त्वरित निष्पादन की मांग की। जिसमे विधान सभा चुनाव के दौरान लिए गए गोदाम और वेयरहाउस का किराया माफ किया जाए। बरसात से पूर्व बाजार समिति परिसर के सभी नालों की सफाई कराई जाए। जगह-जगह गंदगी के अंबार को जेसीबी के माध्यम से सफाई करवा के ट्राली से बाहर फेका जाए। सुरक्षा के दृष्टिकोण से सिक्योरिटी गार्ड उचित व्यवस्था कराई जाए। बाजार परिसर में लगभग लाइट खराब है उन्हें दुरूस्त कराया जाए। बाजार परिसर में थाना द्वारा डंप गाड़ियों को हटाया जाए। बाजार परिसर में जगह-जगह भारी भरकम गड्ढे भरवा कर सड़क को दुरुस्त किया जाए। बाजार में जाम की परिस्थितियों को देखते हुए चिन्हित जगह के एक्स्ट्रा चबूतरा को तुड़वाकर सड़क चौड़ीकरण किया जाए। बाजार में फल पट्टी के पास टेंपो स्टैंड बनाया जाए।बाजार समिति चैंबर को ऑफिस हेतु स्थान उपलब्ध कराया जाए। बाजार में व्यापारियों के लिए एक अच्छे शौचालय की व्यवस्था की जाए। मंडी परिसर में खराब चापाकल को ठीक करा कर अभिलंब चालू कराया जाए। आदि प्रमुख समस्याएं हैं। पणन सचिव ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि बहुत जल्द आपकी समस्याओं का समाधान कर लिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल में चेंबर के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, सचिव गौरव गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक कटेसरिया, वरीय उपाध्यक्ष विक्की सांवरिया, विवेक अग्रवाल, संतोष सिंह, श्याम भीमसरिया, सूरज यादव, आनंद अग्रवाल, सुदामा कादमिया इत्यादि शामिल थे।

## एक नजर में

### बारिश के कारण जिले के सभी सरकारी व निजी विद्यालय की कक्षा के.जी. से 8 तक आज रहेंगे बंद

**धनबाद।** जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त, गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग केजी से वर्ग 08 तक की कक्षाएँ 18 जून 2025 को बंद रहेंगी। इस संबंध में उपायुक्त आदित्य रंजन ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग, भारत मौसम विज्ञान केन्द्र, झारखण्ड राँची के विशेष बुलेटिन द्वारा झारखण्ड में 17 जून से 21 जून 2025 के लिए भारी बारिश से संबंधित चेतावनी उपलब्ध कराई गई है। विशेष बुलेटिन के माध्यम से दिनांक 18 जून 2025 को भारी बारिश के परिप्रेक्ष्य में रेड जोन की श्रेणी में धनबाद जिला को चिन्हित करते हुए भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है। इसके आलोक में धनबाद जिले में संचालित सभी कोटि के सरकारी, गैर सरकारी सहायता प्राप्त/गैर सहायता प्राप्त (अल्पसंख्यक सहित) एवं सभी निजी विद्यालयों में वर्ग के.जी. से वर्ग 08 तक की कक्षाएँ दिनांक 18 .06 .2025 को बंद रहेंगी। आदेश का अनुपालन नहीं किये जाने पर संबंधित विद्यालय/संस्थान के आपदा प्रबंधन अधिनियम-2005 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई हेतु उत्तदायी होंगे।

### तोपचांची थाने के नए प्रभारी बने अजीत कुमार भारती, अपराध व महिला सुरक्षा को दी प्राथमिकता



**तोपचांची।** प्रशासनिक फेरबदल के तहत बुधवार को अजीत कुमार भारती ने तोपचांची थाना के प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया। वे 2012 बैच के पुलिस अधिकारी हैं और पूर्व में इसी क्षेत्र में सर्किल इंस्पेक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद श्री भारती ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि अवैध शराब के धंधे, कोयला चोरी और पशु तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने महिला सुरक्षा को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर बताया और इसके लिए ठोस कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर थाना परिसर में आयोजित स्वागत में आजसू पार्टी के नेता सदानंद महतो, दुर्गा प्रसाद गोप, गोपाल भारती, जितेंद्र सिंह समेत कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। सभी ने नए प्रभारी को शुभकामनाएं दीं और क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने की उम्मीद जताई।

### अलकडीहा बीज गुणन प्रक्षेत्र की बारिश अनुकूल होने पर कराई जाएगी पुन: मापी



**सिंदरी/बलियापुर।** बलियापुर अंचल अंतर्गत अलकडीहा बीज गुणन प्रक्षेत्र में बुधवार को पूर्वघोषित मापी बारिश के कारण अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है। बलियापुर अंचल अधिकारी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि दो दिनों से लगातार बारिश होने के कारण खेतों में पानी भर गया है। ऐसी स्थिति में मापी कार्य करना संभव नहीं है। अंचल अधिकारी के अनुसार पर्याप्त संख्या में महिला एवं पुरुष बल की मांग की गई थी। उन्होंने बताया कि पूर्व में कुछ असामाजिक तत्वों ने मापी का विरोध किया था। अंचल अधिकारी बलियापुर ने बताया कि संबंधित थाना प्रभारी व पुलिस निरीक्षक प्रतिनियुक्त अधिकारी के साथ मापी कार्य हर परिस्थिति में किया जाएगा। फिलहाल बारिश के कारण अगले आदेश तक मापी कार्य स्थगित किया गया है। मौसम में सुधार के बाद परिस्थितियाँ अनुकूल होने पर अलकडीहा बीज गुणन प्रक्षेत्र का मापी कार्य फिर से शुरू किया जाएगा।

### जामाडोबा 6/7 कोलियरी कॉपरेटिव सचिव धर्मबीर यादव के खिलाफ शिकायत

**जोड़ापोखर।** जामाडोबा 6/7 कोलियरी कॉपरेटिव सचिव धर्मबीर यादव के खिलाफ राकोमयू रीजनल अध्यक्ष अशोक राय व सचिव संतोष महतो ने जिला सहकारिता पदाधिकारी से शिकायत किया। अध्यक्ष श्री राय और सचिव श्री महतो शिकायत पत्र में लिखा है कि धर्मवीर यादव ने शीध्र सेवानिवृत्त का विकल्प चुना है। अब कंपनी के कर्मचारी नही है। टाटा स्टील सेवानिवृत्त सदस्य को सचिव का पद संभालने की अनुमति देना न तो कानूनी रूप से और न ही नैतिक रूप से उचित है। उन्होंने बताया कि श्री यादव के खिलाफ कर्मचारियों द्वारा कई शिकायत की गई है। श्री यादव पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने अपने अधिकार का अतिक्रमण किया है। नेताद्वय ने धर्मवीर यादव को तत्काल सचिव पद से हटाने का अनुरोध किया है और उनके खिलाफ शिकायतों की जांच कर सत्यता की जाए। दूसरी ओर धर्मवीर यादव ने कहा कि शिकायत की कोई जानकारी प्राप्त नही है । अध्यक्ष अशोक राय ने अपने 3/4 जामाडोबा कॉपरेटिव का मजदूरों का पैसा क्यों नहीं दिलवा रहे हैं। प्रबंधन पंकज दास के इशारे पर काम कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

## बारिश से अग्नि प्रभावित इलाके में जमीन से वाष्प के साथ गैस का रिसाव

कतरास। बारिश से अग्नि प्रभावित इलाके में जमीन से गैस का रिसाव शुरू हो गया। भारी मात्रा में निकल रहे गैस से आस पास मोहल्ला और गांव के लोगों की मुश्किलें बढ़ गयी है। लोयाबाद के बांसजोड़ा बारह नम्बर, तेतुलमुड़ी, जोगता, साउथ गोविंदपुर आदि कई इलाके में जमीन से वाष्प के साथ गैस का रिसाव देखा गया।

## भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट, आज बंद रहेंगी सभी स्कूलें

गिरिडीह/बिरनी। जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश को देखते हुए उपायुक्त रामनिवास यादव ने गुरुवार के लिए रेड अलर्ट जारी करते हुए सभी स्कूल को बंद रखने का आदेश दिया है। मौसम विभाग द्वारा गुरुवार को भारी बारिश की संभावना जताई गई है, जिसे ध्यान में रखते हुए एहतियाती कदम के तौर पर यह फैसला लिया गया है। उपायुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा है कि विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी शैक्षणिक संस्थान बंद रहेंगे। साथ ही उन्होंने आम जनता से अपील की है कि बिना किसी जरूरी काम के घर से बाहर न निकलें। भारी बारिश के कारण जलजमाव और बिजली गिरने जैसे खतरे बढ़ सकते हैं। प्रशासन द्वारा सभी प्रखंड अधिकारियों और शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया है कि वे इस आदेश का सख्ती से पालन कराएं। साथ ही जिला आपदा प्रबंधन टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

## पीएम के नेतृत्व में आज दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है: राज

धनबाद। मोदी सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सफल 11 वर्ष पूर्ण होने एवं विकसित भारत का अमृत काल के अवसर पर भाजपा धनबाद महानगर जिला अंतर्गत धनबाद सदर मंडल में मंडल अध्यक्ष राजाराम दता की अध्यक्षता में प्रियांशी होटल हीरापुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प सभा आयोजित की गई। इस अवसर पे उपस्थित सभी मंडल पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र के संयोजक सहसंयोजक ने सहभागी बनकर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी साझा किया गया। सभी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराते हुए मोदी सरकार की जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पे मुख्य अतिथि के तौर पे उपस्थित धनबाद विधायक राज सिन्हा ने कहा कि, पीएम के नेतृत्व में आज दुनिया भारत को सम्मान की दृष्टि से देख रही है।

# एग्यारकुण्ड प्रखंड कार्यालय में बीएलओ और बीएलओ पर्यवेक्षकों की हुई बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बुधवार को बीडीओ सह सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी मधु कुमारी की अध्यक्षता में एग्यारकुण्ड प्रखण्ड सभागार में बीएलओ व बीएलओ पर्यवेक्षकों की बैठक हुई। जिसमें नजरी नक्शा की मैप एवं जिओ फेंसिंग आदि से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया। बीडीओ ने कहा कि नक्शा किसी क्षेत्र का दृश्यात्मक प्रतिनिधित्व है, जो देश, राज्य, शहर, जिला, नदी, पहाड़ सड़कों आदि जैसी भौतिक या अमूत विशेषताओं को दर्शाता है। कहा कि बीएलओ द्वारा तैयार किया गया नगरी नक्शा न केवल मतदान क्षेत्र की पूरी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए है बल्कि मानचित्र और जिओ फेंसिंग के अन्य रूपों में उपयोग के लिए बहुत ही उपयोगी है। शिक्षक प्रमोद कुमार झा ने कहा कि सबसे पहले नजरी नक्शे पर महत्वपूर्ण विशेषताओं और स्थल चिह्न बनायें जैसे कि सडक, रेलवे लाइन, पहाड़, नदी, तालाब, पूजा स्थल, महत्वपूर्ण इमारतें, जैसे कि मतदान केंद्र, स्कूल, डिस्पेंसरी, डाकघर, पंचायत भवन, खेत, खाली जगह आदि सभी क्षेत्रों को दर्शाया जाना चाहिए। निर्वाचन ऑपरेटर अमित तिवारी ने कहा कि जिओ फिक्सिंग के उद्देश्य से नजरी नक्शा की सीमाओं को अक्षांश और देशांतर निर्देशांकों का उपयोग करके कैप्चर किया जाना चाहिए, जो स्थान निर्देशांकों को रिकॉर्ड कर सकते हैं। इसका उपयोग गूगल मैप या जीआईएस मेपिंग में किया जा सकता है। प्रशिक्षण में निर्वाचन पोषण ऑपरेटर अमित तिवारी, छत्रपति शाही किस्कू, प्रमोद कुमार झा, कमलेश राणा, अशोक महतो, मंसूर रहमान, विनय किशोर, रीमा कुमारी, सुलोचना गोप, रीता देवी, रेणु कुमारी, मिलन बाउरी, मीना देवी नीलू घोष, सीमा देवी, वंदना आदि उपस्थित थे।



# विस्थापित ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले ग्रामीणों ने किया रोषपूर्ण प्रदर्शन



खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। विस्थापित ग्रामीण संघर्ष मोर्चा के बैनर तले कांड्रा और चासनाला के ग्रामीणों ने सेल कार्यालय चासनाला पर बुधवार को रोषपूर्ण प्रदर्शन किया और सेल प्रबंधन को पांच सूत्री मांग पत्र देकर रोजगार, बिजली पानी की मांग की। मोर्चा ने सेल प्रबंधन को सौंपे गए मांग पत्र में उल्लेख किया है कि रैयतों ने क्षेत्रीय विकास और कोयला उत्पादन को लेकर अपना जमीन सेल प्रबंधन को दिया था। जमीन के एवज में हमें रोजगार चाहिए था, परंतु सेल प्रबंधन रोजगार देने में विफल रही। विस्थापितों को बिजली पानी सी एस आर फंड से शिक्षा और चिकित्सा की व्यवस्था करने में भी सेल प्रबंधन विफल रहा। मोर्चा ने 15 दिनों के भीतर अपनी मांग पत्र पर निर्णय करने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही चेतावनी भी दी है कि मांग पूरी नहीं हुई तो आंदोलन करने के लिए बाध्य हो जाएंगे।

# अबुआ आवास बना रहे परिवार पर जानलेवा हमला करने वालों को गिरफ्तार करे पुलिस : राजेश यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। बड़ी शिद्दत से अबुआ आवास मिलने पर अपनी जमीन पर उसका निर्माण कर रहे एक परिवार पर उसी गांव के कुछ लोगों ने कल 17 जून को जानलेवा हमला कर परिवार के कई सदस्यों को अस्पताल पहुंचा दिया है। पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने अपने संगठन की टीम के साथ सदर अस्पताल गिरिडीह जाकर घायलों से मुलाकात कर उनकी व्यथा सुनी। हमले में बुरी तरह से घायल बिरजू यादव और उसकी पत्नी प्रीति कुमारी ने बताया कि, अपनी जमीन पर ही वे सरकार से मिला अबुआ आवास बना रहे थे लेकिन गांव के ही बूंदी महतो व महादेव महतो ने कुछ अन्य के साथ मिलकर उसे अपनी जमीन बताकर हमला कर दिया। कहा कि, पूर्व में भी वे उनकी कुछ जमीन हड़प चुके हैं और बाकी जमीन भी हड़पना चाहते हैं। लेकिन उन्हें पुलिस-प्रशासन से न्याय की उम्मीद है नहीं तो उनका जीना दूभर हो जाएगा। मुलाकात के बाद श्री यादव ने अपने संगठन की ओर स्थानीय पुलिस से अमानवीय तरीके से किए गए इस जानलेवा हमले के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि, यदि गिरफ्तारी नहीं हुई तो आंदोलन किया जाएगा। कहा कि, उन्हें स्थानीय लोगों से इस बात की जानकारी मिली है कि, आरोपी दबंग प्रवृति के लोग हैं और पंचायत आदि के फैसले को भी नहीं मानते हैं। पंचायत में हुए फैसले के खिलाफ जाकर ऐसी घटना को अंजाम दिया गया है। हमला ऐसा था कि, किसी की जान भी जा सकती थी। श्री यादव ने कहा कि, जरूरत पड़ी तो जिले के आला पुलिस-प्रशासनिक अधिकारियों से भी उनका संगठन मिलेगा। मौके पर मनोज कुमार यादव एवं पीड़ित परिवार के लोग मौजूद थे।



## एक नजर में

### उपायुक्त की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

गिरिडीह। गिरिडीह समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सर्वप्रथम जिला कल्याण पदाधिकारी से मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत गिरिडीह जिले में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लाभुकों को दिए जा रहे लाभ की जानकारी ली। इस संबंध में हो रहे कार्यों की जानकारी देने के उपरांत जिला कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में योजना का लाभ लेने के उद्देश्य से कुल 140 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इसके पश्चात बैठक में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि के लिए प्राप्त आवेदनों को प्रस्तुत किया गया। आवेदनों की समीक्षा के उपरांत कुल 133 आवेदनों का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान उपायुक्त ने जिला कल्याण पदाधिकारी को जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्रों तक ज्यादा से ज्यादा योग्य लाभुकों को योजना का लाभ देने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### न्यू बाबा स्वीट्स में कार्यरत युवक की मौत



धनबाद। धनबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बस स्टैंड के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया, जब न्यू बाबा स्वीट्स नामक दुकान में कार्यरत एक युवक की अचानक गिरने से मौत हो गई। मृतक भूखन महतो उर्फ टाइगर जो कि तोपचांची प्रखंड के मुर्दईडीह गांव का निवासी था। भूखन महज पांच दिन पहले ही दुकान में काम करने आया था। जानकारी के अनुसार, प्रतिदिन की तरह आज भी भूखन महतो सुबह दुकान पहुंचा था। कार्य के दौरान अचानक वह जमीन पर गिर पड़ा। दुकान संचालक संतोष गुप्ता ने स्थिति को गंभीर देखते हुए तत्काल एक स्थानीय चिकित्सक को फोन कर बुलाया। चिकित्सक ने मौके पर पहुंचकर जांच की, लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी स्थानीय थाना को दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को एस एन एम एम सी एच पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को भी दे दी गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### एसएसपी ने बाघमारा, तोपचांची एवं तेतुलमारी में नए थानेदार के पदस्थापन का आदेश जारी किया

कतरास। धनबाद में पदभार ग्रहण करने के बाद ही अपराध नियंत्रण को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार ने प्रभावकारी कदम उठाया। आम जनों का पुलिस पर विश्वास मजबूत करने के लिए पुलिस पदाधिकारियों को कई निर्देश दिये। कार्य में सुस्ती बरतने वालों को हिदायत भी दी। हर संवर्ग के अधिकारियों के अलग-अलग बैठक कर आवश्यक निर्देश दे चुके हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में एसएसपी ने बाघमारा, तोपचांची एवं तेतुलमारी में नए थानेदार के पदस्थापन का आदेश जारी किया है। पुलिस इंस्पेक्टर अजीत भारती को तोपचांची का नया थानेदार बनाया गया है। गोविंदपुर के जेएसआई विवेक चौधरी को तेतुलमारी का थानेदार बनाया गया है वहीं केंदुआडीह के जेएसआई अजीत कुमार को बाघमारा का थानेदार बनाया गया है। अजीत कुमार ने बाघमारा थाना में अपना योगदान दिया। सोमवार को गोविंदपुर और बरवाड्डा के थानेदार लाइन हाजिर किया गया है। बता दें एसएसपी की कारवाई से संभावना व्यक्त की जा रही है कि अब लापरवाह अधिकारियों की खैर नहीं है। एसएसपी के प्रभावशील कदम से जनता की उम्मीद को बल मिला है।

### सिन्दरी के प्रतिनिधि मंडल ने हर्ल प्रबंध निदेशक से की दिल्ली में मुलाकात



सिंदरी। भाजपा झारखंड प्रदेश के आईटी सेल के प्रदेश संयोजक अमर झा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं धनबाद जिला ग्रामीण के प्रभारी शैलेन्द्र सिंह एवं धनबाद जिला ग्रामीण के जिला महामंत्री मनोज कुमार मिश्रा ने बुधवार को हर्ल के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद मोहंती से उनके दिल्ली स्थित स्कोप मीनार कार्यालय में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान गेस्ट हाउस, सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा और कौशल विकास कर युवाओं के रोजगार देने जैसी समस्याओं पर चर्चा हुई। अमर झा ने हर्ल के सीएसआर फंड के द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान पर बल दिया। प्रबंध निदेशक ने बताया कि सीएसआर फंड जिले के उपायुक्त के माध्यम से परियोजनाओं पर खर्च करने का निर्देश दिया गया है। परन्तु वित्तीय वर्ष में आवंटित पूरे फंड का उपयोग नहीं हो पा रहा है। इसलिए जमीनी स्तर पर परियोजनाएँ पूर्ण होती नहीं दिख रही हैं। प्रतिनिधि मंडल ने सिन्दरी के प्रबुद्ध नागरिकों के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने और योजनाओं के विस्तृत मॉनिटरिंग, क्रियान्वयन पर बल दिया। अमर झा ने बताया कि प्रबंध निदेशक ने आश्वासन दिया है कि इन मुद्दों से संबंधित दिशा निर्देश दिल्ली से सिन्दरी स्थानीय प्रबंधन को भेज दिया जाएगा।

### कर्नाटक में हादसे में मौत, मुखिया प्रतिनिधि ने शव मंगवाने की प्रक्रिया कराई पूरी

गिरिडीह/बिरनी। बिरनी प्रखंड के ग्राम पेशम निवासी शंकर तुरी के दामाद मुकेश तुरी की सड़क हादसे में कर्नाटक में मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही पेशम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि गुड्डु सिंह ने तत्परता दिखाते हुए कर्नाटक में शव का पोस्टमार्टम करवाया और हवाई मार्ग से शव को रांची मंगवाया। वहां से एंबुलेंस द्वारा शव को मृतक के पैतृक गांव मननपुर, कोवाड गुरुवार पहुंचाने की व्यवस्था कराई गई। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को मरणोपरांत सरकारी लाभ दिलाने हेतु एफआईआर समेत सभी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी कराई गई।

# रिस्टिकेट सर्टिफिकेट होल्डरों का प्रमोशन पॉलिसी बनाया जाए : विजय कुमार सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

मैथन। रिस्टिकेट सर्टिफिकेट होल्डरों का प्रमोशन पॉलिसी कोल इंडिया जल्द से जल्द बनाए तथा इन्हें प्रमोशन दे, इसके लिए हमारी संस्था बीते दो वर्षो से प्रयासरत है। हम लोगों ने कोल इंडिया प्रबंधन को इस संबंध में मांग पत्र भी दिया है। आशा है कि अगले महीने कोल इंडिया प्रबंधन से वार्ता में यह मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाएगा। उक्त बातें इनमोसा (इंडियन नेशनल माइनिंग ऑफिशल्स और सर्वेयर स्टाफ एसोसिएशन) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने इनमोसा के निरसा में बुधवार को इनमोसा के पदाधिकारी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 में सीएमआर के अमेंडमेंट होने के बाद रिस्ट्रिक्टेड सर्टिफिकेट का प्रावधान किया गया। दुखद बात यह है कि कोल इंडिया द्वारा रिस्टिकेट सर्टिफिकेट धारकों को अभी तक प्रमोशन की कोई पॉलिसी ही नहीं बनाई है। जबकि नाल्को एवं एनटीपीसी जैसी संस्थाएं रस्टिकेट सर्टिफिकेट धारकों को प्रमोशन दे रही है तो कोल इंडिया क्यों नहीं देगी। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर डीजीएमएस से भी निवेदन किया जाएगा कि कोल इंडिया प्रबंधन पर रस्टिकेट सर्टिफिकेट धारकों के लिए पॉलिसी बनाने का निर्देश दिया जाए। क्योंकि सर्टिफिकेट डीएमएस ने ही दिया है। साथ ही इनमोसा का एक प्रतिनिधि मंडल जनप्रतिनिधियों से मिलकर इस मुद्दे को लोकसभा तथा राज्यसभा में उठाने की मांग करेगी। साथी कोयला मंत्री से मुलाकात पर इस समस्या का समाधान करने का आग्रह करेगी। यदि हमारी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो हम लोग आंदोलन के लिए बातें होंगी। बैठक में ईसीएल, सीसीएल, बीसीसीएल, एसईसीएल, एमसीएल, एनसीएल, डब्ल्यूसीएल एनईसी से जुड़े इनमोसा के सदस्य मौजूद थे।

## बारिश से बांसजोड़ा, बासदेवपुर व कनकनी कोलियरी का हाल बेहाल

# परियोजनाओं में काम काज पर असर कार्यालय के छत से टपक रहा पानी

खबर मन्त्र संवाददाता

लोयाबाद। लगातार बारिश से सिजुआ क्षेत्र के बांसजोड़ा, बासदेवपुर व कनकनी कोलियरी का हाल बेहाल है। तीनो कोलियरी में उत्पादन बंद है। सारे वाहन माइंस के बाहर खड़ी कर दी गई है। बासदेवपुर में कार्यालय भवन के छत से पानी टपक रहा है। अधिकारियों व कर्मचारियों को कागजी काम करने में दिक्कतें आ रही है। परियोजना पदाधिकारी प्रबंधक, कार्मिक प्रबंधक, सर्वे, हाजिरी घर, गार्ड रूम, हॉलपेक टूल्स रूम, फीटर रूम आदि का हालात बदत्तर बना हुआ है। छतों का हाल जर्जर है। बारिश की वजह से कनकनी परियोजना में काम बंद है। यहां रोजाना 4000 टन ओबी एवं कोयला का उत्पादन भी हल्के मात्रा में होती है। बांसजोड़ा में डिस्पेच पर असर पड़ा है। इधर लोयाबाद क्षेत्रीय अस्पताल व कोलियरी डिस्पेंसरी भी बारिश की से अछूता नहीं है। यहां भी छत से पानी रिस रहा है। अस्पताल में पानी घुस रहा है। बांसजोड़ा 12 नंबर में बारिश के बाद जहरीले गैस व धुआं रिसाव बढ़ गया है। 12 नंबर इलाके में दुर्गंध ग्रामीणों की परेशानी बढ़ी हुई है।



शीघ्र ही मरम्मती कराया जाएगा। कागजी प्रोसेस में है। सिविल इंजिनीयर को कार्यालय की हालात की जानकारी दी गई है।

मंतोष कुंडू, पीओ, बासदेवपुर कोलियरी।

# विधायकों के लिए बेतहाशा वेतन बढ़ाने वाली सरकार विपत्ति ग्रस्त परिवारों के लिए भी मुआवजा बढ़ाये : राजेश यादव

खबर मन्त्र संवाददाता

गिरिडीह। पूर्व जिप सदस्य सह फॉरवर्ड ब्लॉक नेता राजेश यादव ने गांडेय थाना क्षेत्र के कारीपहरी जाकर बिगत दिनों गिरिडीह महेशमुंडा रोड में ट्रैक्टर इंजन लदे ट्रेलर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होकर इलाज क्रम में मरे युवक मुकेश वर्मा के परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने मृतक परिवार को सांत्वना देते हुए संकट की इस घड़ी में हर संभव मदद का भरोसा भी दिया। श्री यादव ने इसे लेकर घटनास्थल से संबंधित गिरिडीह मुफस्सिल थाना प्रभारी तथा गांडेय के अंचल अधिकारी से बात कर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने के लिए कानूनी प्रक्रिया और राहत-मुआवजा हेतु उचित पहल को लेकर चर्चा की। कहा कि, जरूरी हुआ तो जिले के शीर्ष पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से भी मुलाकात कर बात करेंगे। श्री यादव ने कहा कि, जिस राज्य में लगातार विधायकों का वेतन बढ़ कर आसमान छू रहा है, वहीं इस तरह के विपत्ति ग्रस्त पीड़ित परिवार के लिए मिलने वाला मुआवजा नाकाफी है। सरकार को मुआवजा राशि बढ़ाकर इतना करना चाहिए, जिससे पीड़ित परिवार को संबल मिल सके। उन्होंने मुआवजे के अतिरिक्त मृतक की विधवा के लिए तत्काल पेंशन स्वीकृति और उसके सभी बच्चों का नामांकन सरकारी आवासीय विद्यालय में कराने की भी मांग की। मौके पर फॉरवर्ड ब्लॉक नेता शंभु तुरी सहित स्थानीय मिथिलेश वर्मा, रामदेव वर्मा, प्रवीण वर्मा, रंजीत महतो, किशोर कु वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, सुनील वर्मा, मोहन महतो, दिनेश वर्मा, अजीत कुमार, प्रेमचंद कुमार, सुनील कुमार वर्मा, मनोज वर्मा, दुलारचंद वर्मा, अरविंद वर्मा, संतोष कुमार सहित अन्य



# झारखंड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में धनबाद के खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। 12 से 15 जून तक जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नावामुंडी (जमशेदपुर) में आयोजित झारखंड सब-जूनियर एवं जूनियर बॉक्सिंग स्टेट चैंपियनशिप में धनबाद के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 10 पदक जीते।

इस अवसर पर जिला खेल पदाधिकारी, धनबाद ने सभी विजेताओं को कार्यालय में आमंत्रित कर शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने इसे जिले की खेल प्रतिभा की प्रगति का प्रतीक बताया।



**पदक विजेता खिलाड़ी**

सब-जूनियर (बालक):
- विशांत कुमार-स्वर्ण (55-58 किग्रा)
- आयुष सिंह-रजत (37-40 किग्रा)
- अंकुश कुमार-कांस्य (43-46 किग्रा)
- आरव प्रकाश-कांस्य (46-49 किग्रा)
- यूसुफ अहमद-कांस्य (49-52 किग्रा)

जूनियर (बालक):
- रोशन पांडे-कांस्य (50-52 किग्रा)
- सत्यम कुमार-कांस्य (60-63 किग्रा)

सब-जूनियर (बालिका):
- खुशी कुमारी-रजत (50-52 किग्रा)
- माधुरी कुमारी-कांस्य (52-55 किग्रा)
- कीर्ति कुमारी-रजत (58-61 किग्रा)

# ब्लॉक दो क्षेत्र में संवादात्मक सत्र: ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नवीनतम तरीकों पर चर्चा

## ब्लॉक दो क्षेत्र की सभी इकाइयों में स्वच्छता अभियान शुरू

खबर मन्त्र संवाददाता

कतरास। बीसीसीएल में 16 जून से मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत ब्लॉक-2 क्षेत्र के सिविल विभाग द्वारा बुधवार को क्षेत्रीय सम्मेलन हॉल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। जिसमें स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपशिष्ट प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। अभियान के महत्व को उजागर करते हुवे और नागरिकों को जागरूक करने पर जोर दिया गया। ताकि लोग अपने घर और आस पास को साफ सुथरा रख खुशी हाली की जिंदगी व्यतीत कर सकें। अधिकारी, विशेषज्ञ और कर्मचारी मौजूदगी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नवीनतम तरीकों पर चर्चा की गई। बताया गया कि स्वच्छता ही सेवा के सिद्धांत पर आधारित इस प्रयास का मंत्रालय, कोल इंडिया लिमिटेड, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड सहित विभिन्न संस्थानों ने समर्थन किया। इधर ब्लॉक-क्षेत्र के सभी इकाइयों एवं भीमकनाली और माटीगढ़ डिस्पेंसरी में स्वच्छता अभियान की शुरूआत हुई। स्वच्छता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक, ब्लॉक-क्क क्षेत्र कुमार रंजीव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शुरूआत अपने घर से करने हेतु प्रेरित किया। आसपास के क्षेत्र एवं कार्यस्थल को स्वच्छ रखने हेतु अपील की गई। कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक (मानव संसाधन), अनिल कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रशासन पी.के. झा, क्षेत्रीय चिकित्सा पदाधिकारी अनामिका कुमारी, क्षेत्रीय असैनिक अभियंता अनिल यादव, नोडल अधिकारी (सुरक्षा) राजीव रंजन, उप प्रबंधक (मानव संसाधन) अजय यादव, सहायक प्रबंधक विकास कुमार, स्नेहा एवं अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं महिला कर्मचारी उपस्थित रहे और बढ़-चढ़कर सहभागिता की।



# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार, दो देशी कट्टा बरामद



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार की देर रात गढ़वा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध हथियार के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना क्षेत्र के खोंडहर गांव निवासी स्व. हरदेव राम का पुत्र अखिलेश चंद्रवंशी उर्फ अखिलेश राम (उम्र 44 वर्ष) है। जिसके पास से दो देशी कट्टा बरामद किया गया है। यह जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार ने थाना परिसर में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर कही।

एसडीपीओ ने बताया कि एसपी अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि गढ़वा थाना क्षेत्र के तिलदाग चौक के पास एक युवक हथियार के साथ देखा गया है, जो खोंडहर की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही गढ़वा थाना में सनहा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।

एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ नीरज कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल गठित किया गया। करीब रात 9:45 बजे पुलिस ने राइस मिल के पास एक युवक को सफेद शर्ट में पैदल चलते देखा। पुलिस को देखते ही वह भागने लगा, लेकिन घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अखिलेश चंद्रवंशी के रूप में हुई। उसके पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। पूछताछ में उसने बताया कि बनपुरवा निवासी अरुण दुबे ने उसे दो देशी कट्टे दिए थे।

पुलिस ने उसकी निशानदेही पर उसके घर से दूसरा हथियार भी बरामद कर लिया, जिसे विधिवत सील कर जब्त किया गया है।

छापामारी दल में एसडीपीओ नीरज कुमार के अलावे, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, थाना प्रभारी बृज कुमार, प्रदीप यादव, जनार्दन राउत, अभिमन्यु कुमार सिंह, शमीम अंसारी, प्रसिद्ध राम, अरविंद चौधरी, उत्तम कुमार आदि शामिल थे।

# 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शानदार आगाज

## बुलका और टंडवा की टीमों ने मारी बाजी



खबर मन्त्र संवाददाता


**रमना।** प्रखंड के जमा दो उच्च विद्यालय रमना के स्टेडियम में 64वीं सुब्रतो कप फुटबॉल टूर्नामेंट का दो दिवसीय प्रखंड स्तरीय आयोजन शुरू हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सुनीता कुजूर ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सुनीता कुजूर ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों को खेल प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है और उनके आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। टूर्नामेंट में अंडर-17 बालक व बालिका और अंडर-15 बालक वर्ग के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के पहले दिन अंडर-17 बालक वर्ग में उत्क्रमित उच्च विद्यालय बुलका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया, वहीं उत्क्रमित उच्च विद्यालय टंडवा उपविजेता रहा। बालिका वर्ग में उच्च विद्यालय टंडवा विजेता और कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय रमना उपविजेता बनी। विजेता और उपविजेता टीमों को कप प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में लेखपाल अरुण कुमार गुप्ता, प्रधानाध्यापक सुरेंद्र प्रसाद गुप्ता, नंदकिशोर चौबे, सुनील कुमार सिंह, मनोज कुजूर समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

# लगातार बारिश से खड़ार टोला में कच्चा मकान गिरा, परिवार बाल-बाल बचा

**भवनाथपुर।** प्रखंड के अरसली पंचायत स्थित खड़ार टोला में बुधवार को झमाझम बारिश के कारण महिन्द्र भुईयां का कच्चा मकान ढह गया। घटना के वक्त महिन्द्र अपने पूरे परिवार के साथ घर में मौजूद थे, लेकिन सौभाग्यवश सभी सुरक्षित बच निकले। जानकारी के अनुसार लगातार हो रही बारिश से मिट्टी की दीवारें कमजोर हो गई थीं। बुधवार दोपहर दीवारों में दरारें आने लगीं और देखते ही देखते पूरा मकान भरभराकर गिर गया। महिन्द्र भुईयां मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते हैं और उनकी आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। इस आपदा के बाद उनके सामने रहने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन से आपदा राहत योजना के तहत त्वरित सहायता की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद के साथ अस्थायी आवास की व्यवस्था जल्द की जानी चाहिए, ताकि वे सुरक्षित रह सकें।

## राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक

# डीसी ने दिया समयबद्ध निष्पादन का निर्देश



बैठक करते डीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** समाहरणालय सभागार में डीसी दिनेश कुमार यादव की अध्यक्षता में राजस्व संबंधी कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के सभी अंचल अधिकारियों ने भाग लिया और अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत की। समीक्षा में भू-अर्जन, दाखिल-खारिज, सीमांकन, नक्शा त्रुटि सुधार, प्रमाण पत्र निर्गत, परिशोधन पोर्टल और लंबित वादों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई। बैठक के दौरान डीसी श्री यादव ने लंबित राजस्व मामलों की गहन समीक्षा करते हुए स्पष्ट निर्देश दिया कि राजस्व से जुड़ी समस्याओं का समयबद्ध व पारदर्शी निपटारा सरकार की प्राथमिकता है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि यदि किसी अधिकारी या कर्मी के विरुद्ध भ्रष्टाचार या अनुचित गतिविधियों की शिकायत मिलती है तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## एक नजर में

### मैने केवल नियुक्ति की प्रक्रिया बताई : विवेक

**गढ़वा।** आइसीटी स्कूल परियोजना गढ़वा के जिला समन्वयक विवेक सिन्हा ने डिग्री नहीं होने के बाद भी सर्टिफिकेट उपलब्ध कराकर आईसीटी में नौकरी देने की अपनी वायरल ऑडियो पर प्रतिक्रिया दिया है। उन्होंने कहा कि उनके मोबाइल पर फोन करने वाली एक अनजान लड़की थी। जिसे मैंने आईसीटी में नौकरी पाने की जेईपीसी की प्रकिया की जानकारी दी थी। लेकिन लड़की का इरादा उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने का था। दरअसल जिला समन्वयक का काम योग्य उम्मीदवार की सूची को जेईपीसी को भेजना है। उसके बाद परीक्षा एवं साक्षात्कार के निर्धारित तिथि को अभ्यर्थी जेईपीसी जाते है। वहां से नियुक्ति पत्र मिलने के बाद ही उन्हें विद्यालयों में कंप्यूटर शिक्षण के रिक्त पदों पर पदस्थापित किया जाता है। इसमें जिला समन्वयक की कोई भूमिका नहीं रहती है। उनपर लगाए गये सारे आरोप झूठे और मनगढ़ंत हैं। जिसका मै खंडन करता हूं।

### मछली पकड़ने के दौरान डूबने से युवक की मौत

**रंका।** प्रखंड के खरडीहा पंचायत अंतर्गत सेमरखाड़ गांव में एक दर्दनाक हादसे में स्वर्गीय शिव प्रसन्न कोरवा के 22 वर्षीय युवक जितेन्द्र कोरवा की डूबने से मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जितेन्द्र अपने परिवार के साथ सेमरखाड़ के पास स्थित सिजो के कोया दह में मछली पकड़ने गया था। इस दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने से उसकी मौत हो गई। परिजनों द्वारा शोर मचाने पर सिजो और सेमरखाड़ गांव के सैकड़ों ग्रामीण मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से शव को पानी से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही खरडीहा पंचायत के मुखिया ने तुरंत रंका थाना को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों ने मृतक की असामयिक मौत पर गहरी संवेदना जताई है।

### जलजमाव से राहगीर और वाहन चालक परेशान

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पूनम फ्यूल पेट्रोल पंप के पास सड़क किनारे बने गड्ढों में जलजमाव की समस्या ने राहगीरों और पेट्रोल लेने आने वाले ग्राहकों की परेशानी बढ़ा दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर ऊंटरी-धुरकी-अम्बाखोरेया पथ में कर्पूरी चौक से शिवरी मोड़ तक दोनों ओर नाली का निर्माण प्रस्तावित था, लेकिन अब तक कार्य शुरू नहीं हो सका है। नतीजतन, बरसात के पानी का निकास नहीं हो पाने से सड़क किनारे जगह-जगह गड्ढों में पानी भर जाता है। इससे न केवल पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही है, बल्कि दोपहिया व चौपहिया वाहन चालकों को भी फिसलने का खतरा बना रहता है। ग्रामीणों और दुकानदारों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द नाली निर्माण कार्य शुरू कराया जाए ताकि जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त हो और आमजन को राहत मिल सके।

### प्रखंड स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए गये

**गढ़वा।** भाजपा गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर प्रखंड स्तर पर प्रभारी नियुक्त किए हैं। जिलाध्यक्ष ने बताया कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी प्रखंडों में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 24 जून को भाषा विवाद, स्थानीय स्तर पर व्याप्त भ्रष्टाचार और जनसमस्याओं को लेकर सभी प्रखंड मुख्यालयों पर आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों की सफलता के लिए रंका में विधायक सत्येन्द्र नाथ तिवारी, रमकंडा में ओमप्रकाश केशरी, डंडा में ब्रजेश उपाध्याय, गढ़वा में सांसद बीडी राम, मेराल में बालमुकुंद सहाय, चिनियां में सुरज गुप्ता, खरौंधी में शारदा महेश प्रताप देव, केतार में रघुराज पाण्डेय, भवनाथपुर में मधुलता कुमारी, सगमा में इंद्रमणि जायसवाल, धुरकी में पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी, डंडई में अनीता गुप्ता व लक्ष्मण राम, बंशीधर नगर में पूर्व विधायक भानु प्रताप शाही, रमना में अरविंद तुफानी, विशुनपुरा में राजीव रंजन तिवारी, मझिआंव में पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, कांडी में ओमप्रकाश तिवारी, बरडीहा में ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भंडरिया में मुकेश निरंजन सिन्हा और बड़गड़ में कुंवर सिंह को प्रभारी बनाया गया है। पार्टी ने सभी कार्यकर्ताओं से इन कार्यक्रमों को सफल बनाने की अपील की है।

### सदर अस्पताल की लापरवाही से महिला की मौत, परिजनों में आक्रोश

**गढ़वा।** जिले के सदर अस्पताल की लचर व्यवस्था और डॉक्टरों की गैरहाजिरी एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। बुधवार को इलाज के अभाव में 25 वर्षीय ललिता देवी की मौत हो गई। मृतका धुरकी थाना क्षेत्र के धुरकी गांव निवासी राजू कोरवा की पत्नी थीं। ललिता की मौत ने न केवल अस्पताल प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं, बल्कि अस्पताल परिसर में सक्रिय दलालों की भूमिका पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। परिजनों के अनुसार ललिता देवी का 20 दिन पहले धुरकी अस्पताल में सामान्य प्रसव हुआ था। इसके बाद उसकी तबीयत लगातार खराब होती गई। मंगलवार की शाम हालत बिगड़ने पर परिजन बुधवार सुबह उसे लेकर गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में पहुंचने के बाद ललिता को एक वार्ड से दूसरे वार्ड दौड़ाया गया। इसी बीच एक दलाल सक्रिय हो गया, जिसने परिजनों को यह कहकर अल्ट्रासाउंड कराने भेज दिया कि डॉक्टर बाद में मना कर देंगे और तब तक चले जाएंगे। गंभीर हालत में अल्ट्रासाउंड कराने ले जाने के दौरान महिला की स्थिति और बिगड़ गई।


## झारखण्ड सरकार,
## गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

74वीं औपबंधिक सूची
जिला–हजारीबाग (पार्ट–1)

| क्र0 | आवेदनकर्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रॉंची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं सुखदेव प्रसाद यादव के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 1. | 1. आवेदन क्र0–328/25<br>2. आवेदक–सीता देवी , पति–स्व0 फिरंगी यादव<br>3. ग्राम–चुरचू , पोस्ट–चुरचू, थाना–चुरचू , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–महिला , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गर्दन के तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 2. | 1. आवेदन क्र0–329/25<br>2. आवेदक–मो0 अब्दुल खॉं , पिता–मो0 इब्राहिम खॉं<br>3. ग्राम–बभनबै , पोस्ट–बभनबै , थाना–मुफस्सिल , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–ललाट पर कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 3. | 1. आवेदन क्र0–330/25<br>2. आवेदक–गोपाल ठाकुर , पिता–स्व0 गेन्दो ठाकुर<br>3. ग्राम–कुम्हार टोली ,पोस्ट–बडम बाजार , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 4. | 1. आवेदन क्र0–331/25<br>2. आवेदक–राजेन्द कुमार , पिता–स्व0 गोवर्धन ठाकुर<br>3. ग्राम–रामनगर ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–75 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 5. | 1. आवेदन क्र0–332/25<br>2. आवेदक–अर्चना सिन्हा , पति–प्रभात कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–न्यू एरिया दूसरी गली ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 6. | 1. आवेदन क्र0–333/25<br>2. आवेदक–प्रदीप पाण्डेय , पिता–स्व0 भरत पाण्डेय<br>3. ग्राम–सुल्ताना ,पोस्ट–सुल्ताना , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष ,पहचान चिन्ह–बायें हाथ के छोटी अंगुली में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 7. | 1. आवेदन क्र0–334/25<br>2. आवेदक–जयनाथ राम , पिता–श्री फुलचन्द<br>3. ग्राम–पसई ,पोस्ट–रैयाली , थाना–कटकमदाग , प्रखण्ड–कटकमदाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष ,पहचान चिन्ह–दाहिना छाती में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 8. | 1. आवेदन क्र0–335/25<br>2. आवेदक–प्रभात कुमार सिन्हा , पिता–स्व सच्चिदानंद प्रसाद<br>3. ग्राम–न्यू एरिया दूसरी गली ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 9. | 1. आवेदन क्र0–336/25<br>2. आवेदक–रंजीत रविदास , पिता–स्व पोखन राम<br>3. ग्राम–कुम्हार टोली पार नाला ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु– 46 वर्ष , पहचान चिन्ह–माथा में कम हुआ का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 10. | 1. आवेदन क्र0–337/25<br>2. आवेदक–गुलाब यादव , पिता–स्व केशर यादव<br>3. ग्राम–नेवरी करमा ,पोस्ट–चौपारण , थाना–चौपारण , प्रखण्ड–चौपारण<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायें तरफ ओठ कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 11. | 1. आवेदन क्र0–338/25<br>2. आवेदक–प्रीति सिन्हा , पति–अजित कुमार सिन्हा<br>3. ग्राम–ओकनी ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–ठुढी के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं दशरथ महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 12. | 1. आवेदन क्र0–339/25<br>2. आवेदक–अशोक भाई पटेल , पिता–जागो महतो<br>3. ग्राम–खरना , पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 13. | 1. आवेदन क्र0–340/25<br>2. आवेदक–स्वेता कुमारी , पति–कुन्दन लाल<br>3. ग्राम–सातमील चौक, रमुआ , पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–महिला , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कलाई में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 14. | 1. आवेदन क्र0–341/25<br>2. आवेदक–शंकर महतो , पिता–स्व0 तुलसी महतो<br>3. ग्राम–बलमक्का , पोस्ट–खरकी , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–कान में तिल। | कंडिका–2(ix) |
| 15. | 1. आवेदन क्र0–429/25<br>2. आवेदक–देवकी चन्द चौधरी , पिता–शिकारी महतो<br>3. ग्राम–दुर्गी बस्ती, बरकाकाना , पोस्ट–बरकाकाना , थाना–बरकाकाना , प्रखण्ड–पतरातू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायें पुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 16. | 1. आवेदन क्र0–342/25<br>2. आवेदक–कुन्दन लाल , पिता–मिश्री लाल<br>3. ग्राम–सातमील चौक, रमुआ , पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिने कंधे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी चन्दनाथ भाई पटेल एवं जहुर मियॉं के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 17. | 1. आवेदन क्र0–343/25<br>2. आवेदक–रमेश कुमार , पिता–जेपाल महतो<br>3. ग्राम–ओम , पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 18. | 1. आवेदन क्र0–344/25<br>2. आवेदक–उमेश्वर प्रसाद महतो , पिता–स्व0 जयपाल महतो<br>3. ग्राम–ओम , पोस्ट–केरेडारी , थाना–केरेडारी , प्रखण्ड–केरेडारी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 महमूद आलम एवं मौलाना मोबीन रिजवी द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 19. | 1. आवेदन क्र0–345/25<br>2. आवेदक–करीमुद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 शकुर मियां<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 20. | 1. आवेदन क्र0–346/25<br>2. आवेदक–मोहम्मद सिराज , पिता–मोहम्मद अब्बास अंसारी<br>3. ग्राम–कुसुम्भा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 21. | 1. आवेदन क्र0–347/25<br>2. आवेदक–अनंतलाल महतो , पिता–स्व0 जयलाल महतो<br>3. ग्राम–गोलगो ,पोस्ट–सियारी , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–ठुटी में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 22. | 1. आवेदन क्र0–348/25<br>2. आवेदक–सरफुद्दीन अंसारी , पिता–अब्दुल हमीद<br>3. ग्राम–धरमपुर ,पोस्ट–खाम्भा , थाना–टाटीझरिया , प्रखण्ड–टाटीझरिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं ऑंख में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 23. | 1. आवेदन क्र0–349/25<br>2. आवेदक–रूपलाल यादव , पिता–स्व0 बधन यादव<br>3. ग्राम–अल्पिटो ,पोस्ट–अल्पितो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह– दायॉं ऑंख के नीचे मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 24. | 1. आवेदन क्र0–430/25<br>2. आवेदक–निसार अहमद , पिता–मो0 अब्बास<br>3. ग्राम–दिगवार ,पोस्ट–दिगवार , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष ,पहचान चिन्ह–नाक के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 25. | 1. आवेदन क्र0–350/25<br>2. आवेदक–मो0 एकराम , पिता–मो0 मुसतकीम<br>3. ग्राम–दिगुरा ,पोस्ट–मरहन्द , थाना–कटकमसाडी, प्रखण्ड–कटकमसाडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह– कमर में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 26. | 1. आवेदन क्र0–351/25<br>2. आवेदक–जहीर उद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 गयासउद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–इन्दरा ,पोस्ट–जरवा , थाना–बरही , प्रखण्ड–चुरचू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं हाथ में टीका का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 27. | 1. आवेदन क्र0–352/25<br>2. आवेदक–मो0 इजराइल अंसारी , पिता–मो0 अब्दुल हमिद<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 28. | 1. आवेदन क्र0–353/25<br>2. आवेदक–कृपा नारायण सिंह , पिता–बासुदेव सिंह<br>3. ग्राम–राजपूत टोला0 ,पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 29. | 1. आवेदन क्र0–431/25<br>2. आवेदक–टेकलाल महतो , पिता–दुखन महतो<br>3. ग्राम–लइयो ,पोस्ट–लइयो , थाना–माण्डू , प्रखण्ड–माण्डू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष ,पहचान चिन्ह–पीठ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 30. | 1. आवेदन क्र0–354/25<br>2. आवेदक–सोमर महतो , पिता–स्व0 तालो महतो<br>3. ग्राम–नावाटान्ड ,पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 31. | 1. आवेदन क्र0–355/25<br>2. आवेदक–सोबरन महतो , पिता–स्व0 कुंजा महतो<br>3. ग्राम–रखवा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 32. | 1. आवेदन क्र0–356/25<br>2. आवेदक–अशोक प्रसाद सिंह , पिता–स्व0 सत्यनारायण सिंह<br>3. ग्राम–राजपूत टोला0 ,पोस्ट–विष्णुगढ , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–60 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 33. | 1. आवेदन क्र0–357/25<br>2. आवेदक–मो0 आरीफ हुसैन , पिता–स्व0 हफीजउद्दीन<br>3. ग्राम–पगमील ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–पेलावल सदर , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 34. | 1. आवेदन क्र0–358/25<br>2. आवेदक–जीवाधन यादव , पिता–स्व0 बिशुन गोप<br>3. ग्राम–हेठली बोदरा ,पोस्ट–अल्पितो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में लहसन का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 35. | 1. आवेदन क्र0–359/25<br>2. आवेदक–केशो महतो , पिता–स्व0 दयाल महतो<br>3. ग्राम–नावाटान्ड ,पोस्ट–बनासो , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 36. | 1. आवेदन क्र0–360/25<br>2. आवेदक–मो0 आफताब आलम , पिता–हैदायत अली<br>3. ग्राम–गरभासु ,पोस्ट–गुझीयो , थाना–बरही , प्रखण्ड–बरही<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 37. | 1. आवेदन क्र0–361/25<br>2. आवेदक–कर्णवीर सिंह , पिता–स्व0 राधा गोविन्द सिंह<br>3. ग्राम–परासी ,पोस्ट–ईचाक , थाना–ईचाक , प्रखण्ड–ईचाक<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–दायॉं ऑंख में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 38. | 1. आवेदन क्र0–362/25<br>2. आवेदक–अशोक ठाकुर , पिता–स्व0 कैलाश ठाकुर<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं पैर में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 39. | 1. आवेदन क्र0–363/25<br>2. आवेदक–अख्तर अन्सारी , पिता–रहीम अन्सारी<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाघाना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 40. | 1. आवेदन क्र0–364/25<br>2. आवेदक–ताजमुल अन्सारी , पिता–अलीबकरा अन्सारी<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाघाना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 41. | 1. आवेदन क्र0–365/25<br>2. आवेदक–खेमेश्वरी देवी , पति–बालेश्वर महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाघाना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–महिला , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 42. | 1. आवेदन क्र0–366/25<br>2. आवेदक–बालेश्वर महतो, पिता–स्व0 रमन महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाघाना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 43. | 1. आवेदन क्र0–357/25<br>2. आवेदक–मोहम्मद नुरैन , पिता–स्व0 अब्दुल अजीज<br>3. ग्राम–खास श्यामपुर ,पोस्ट–श्यामपुर , थाना–निरसा , प्रखण्ड–निरसा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष , पहचान चिन्ह–कमर में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 44. | 1. आवेदन क्र0–367/25<br>2. आवेदक–दशरथ पेटल , पिता–स्व0 हिरामन महतो<br>3. ग्राम–चानो ,पोस्ट–उचाघाना, थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष , पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 45. | 1. आवेदन क्र0–368/25<br>2. आवेदक–बहादुर राम , पिता–स्व0 मुनु राम<br>3. ग्राम–मालवीय ,पोस्ट–सदर हजारीबाग , थाना–सदर , प्रखण्ड–सदर हजारीबाग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष , पहचान चिन्ह–चेस्ट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 46. | 1. आवेदन क्र0–369/25<br>2. आवेदक–कुंजलाल साव , पिता–गुजर साव<br>3. ग्राम–नवादा ,पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ , प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–51 वर्ष , पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 47. | 1. आवेदन क्र0–513/25<br>2. आवेदक–ईकबाल अहमद , पिता–स्व0 शरिफुलहक<br>3. ग्राम–कथारा, पोस्ट–कथारा , थाना–बोकारो थर्मल , प्रखण्ड–बेरमो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं ऑंख के नीचे मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 48. | 1. आवेदन क्र0–514/25<br>2. आवेदक–मो0 दिलदार हुसैन , पिता–अब्दुल क्यूम अंसारी<br>3. ग्राम–सुरजुडीह, पोस्ट–कसमार , थाना–कसमार , प्रखण्ड–कसमार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48वर्ष , पहचान चिन्ह–जॉंघ के उपर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 49. | 1. आवेदन क्र0–515/25<br>2. आवेदक–अफजाल अनीस , पिता–अबू मोहम्मद<br>3. ग्राम–कुरपनिया , पोस्ट–सण्डेबाजार , थाना–गॉंधीनगर , प्रखण्ड–बेरमो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष , पहचान चिन्ह–सीने में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 50. | 1. आवेदन क्र0–516/25<br>2. आवेदक–कमाल अंसारी , पिता–स्व0 इसमाईल अंसारी<br>3. ग्राम–सुरही, पोस्ट–सुरही , थाना–नवाडीह , प्रखण्ड–नवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44वर्ष , पहचान चिन्ह– बायॉं गर्दन में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 51. | 1. आवेदन क्र0–237/25<br>2. आवेदक–सौकत अंसारी , पिता–मलीन अंसारी<br>3. ग्राम–हेसला, पोस्ट–हेसला, थाना–बगोदर, प्रखण्ड–बगोदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 52. | 1. आवेदन क्र0–517/25<br>2. आवेदक–मो0इरफान अंसारी , पिता–स्व0 कमरूल होदा<br>3. ग्राम–असनापानी , पोस्ट–कथारा , थाना–कथारा, प्रखण्ड–गोमिया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष , पहचान चिन्ह–बायॉं चेस्ट में कट मार्क का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 53. | 1. आवेदन क्र0–370/25<br>2. आवेदक–नसीरूदीन अंसारी , पिता–स्व0 लाल मोहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम–नारकी कुर्द , पोस्ट–नारकी कुर्द , थाना–विष्णुगढ, प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–कंधा में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 54. | 1. आवेदन क्र0–371/25<br>2. आवेदक–मो0 सदीक अंसारी , पिता–अब्दुल अंसारी<br>3. ग्राम–बनाखिया , पोस्ट–नवादा , थाना–विष्णुगढ, प्रखण्ड–विष्णुगढ<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष , पहचान चिन्ह–पेट में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 55. | 1. आवेदन क्र0–238/25<br>2. आवेदक–मो0 असरफ अंसारी , पिता–बहादुर अंसारी<br>3. ग्राम–रामनगर , पोस्ट–गैलागी , थाना–निमियाघाट , प्रखण्ड–डुमरी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष , पहचान चिन्ह–पीठ में लहसन का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी भुवनेश्वर प्रसाद मेहता एवं पुष्कर महतो के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–372/25<br>2. आवेदक–हाफिज बख्तियार मलिक , पिता–स्व0 सत्तार मलिक<br>3. ग्राम–डुकरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–373/25<br>2. आवेदक–इजराईल खॉं , पिता–मो0 हबीब<br>3. ग्राम–डुकरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में कटा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–374/25<br>2. आवेदक–हिकमतुल्लाह , पिता–तबारक हुसैन<br>3. ग्राम–खुटरा , पोस्ट–पबरा , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–375/25<br>2. आवेदक–एजाज आलम , पिता–स्व0 मोहम्मद कयुम<br>3. ग्राम–आजादनगर , पोस्ट–पेलावल , थाना–कटकमसांडी , प्रखण्ड–कटकमसांडी<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने हाथ में जले का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–300/25<br>2. आवेदक–खुशीहाल राणा , पिता–अमृत राणा<br>3. ग्राम–ईद , पोस्ट–ईचाक , थाना–सिमरीया , प्रखण्ड–सिमरीया<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाहिने गाल में दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) सदस्य | (नरसिंह मुर्मू) सदस्य | (दुर्गा उरॉंव) अध्यक्ष |
|---|---|---|

PR 355339 (Home) 25-26 (D)

# आतंक की परिभाषा?

पश्चिमी देश अपने स्वार्थों के लिये आतंकवाद पोषण की परिभाषा ही बदल देते हैं। उन्हें मानवता के प्रति अपराध करने वाले देश अपने निहित स्वार्थों के चलते पाक-साफ नजर आने लगते हैं। भारत समेत अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी तब हैरान हुई जब आईएमएफ ने दावा किया कि पाकिस्तान ने अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिये संतोषजनक प्रगति की है। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर ने पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी के सामने बेनकाब किया। भारत ने दुनिया को बताया कि कैसे पाकिस्तान आतंकवाद की पाठशालाओं को स्वास्थ्य केंद्रों या स्कूलों के रूप में छिपा रहा था। दरअसल, पाकिस्तानी हुकमरान हमेशा से खुद को आतंकवाद से पीड़ित बताकर अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी से मदद हासिल करने की फिराक में रहते हैं। भारत ने इस खतरे का हवाला देते हुए विश्व जनमत को हकीकत से अवगत कराने का प्रयास किया है। अब यह एफएटीएफ के कर्ता-धताओं के विवेक पर निर्भर करता है कि वे पाक के खतरनाक मंसूबों को कितनी जल्दी भांपने में कामयाब हो सकते हैं। एक ओर पाकिस्तान आर्थिक बदहाली का हवाला देकर अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से मदद की गुहार लगा रहा है, तो दूसरी ओर उसने अपनी रक्षा मद पर बीस प्रतिशत व्यय बढ़ा दिया है। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान इस रक्षा बजट वृद्धि का सारा पैसा राष्ट्रीय सुरक्षा पर खर्च नहीं करेगा। धन के किसी भी दुरुपयोग का पता लगाने के लिये उसके नियमित खर्च की निगरानी अंतर्राष्ट्रीय बिरादरी को करनी चाहिए। भारत को निगरानी करने वाली वैश्विक संस्था को प्रोत्साहित करना चाहिए कि वह आतंकवादी हमलों को बढ़ावा देने वाले नेटवर्क को खत्म करने के पाकिस्तान के दावे की हकीकत पता लगाए।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# मोदी सरकार के 11 वर्षों की परिवर्तनकारी गाथा





-विष्णु दयाल राम

**गर्व के ग्यारह साल : मोदी सरकार की स्वर्णिम यात्रा**

मोदी सरकार के उपलब्धियों से ड्ढारे 11 साल पूरे होने पर मुझे इस बात का गर्व है कि मैं भी बतौर सिपाही इस स्वर्णिम यात्रा में शुरू से शामिल रहा हूँ। ये सरकार लगातार गरीबों, किसानों, लोअर मीडिल क्लास और आम लोगों के जीवन में बड़ा बदलाव लाने की कोशिश में लगी है और उस रास्ते पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ रही है। देश आत्मनिर्भर बनने के साथ दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और विकसित भारत की राह पर अग्रसर है।

गरीबों और हाशिए पर रहने वालों के लिए तो सरकार की दर्जनों योजनाओं से क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। मैं बतौर जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र के लोगों से उनकी समस्याओं पर जब बात करता हूँ तो वे भी उनकी रोजमर्रा की जिंदगी में आ रहे बदलावों की चर्चा करते हैं। कुछ योजनाओं का मैं खास तौर से यहां जिक्र करना चाहता हूँ जिसने न सिर्फ लोगों की जिंदगी बदल दी बल्कि इतिहास रच दिया।

सबसे पहले मैं पीएम जनधन योजना की बात करता हूँ। इस योजना ने 55 करोड़ वैसे लोगों को देश के बैंकिंग सिस्टम से जोड़ दिया जिन्होंने 21वीं सदी आने के बावजूद बैंक का मुंह नहीं देखा था। मोदी सरकार जब सत्ता में आई तो महसूस किया कि योजनाओं का लाभ और उसके तहत मिलने वाली राशि आखिर कैसे दूर दराज के उन लोगों तक बिना लीकेज के सुरक्षित पहुंचाया जाये। लाखों लोग इस योजना से वित्तीय तौर पर सशुक्त हुए हैं। अब उनसे कोई हस्ताक्षर करवा कर योजना की राशि का कुछ हिस्सा नहीं हड़प सकता। आज देश में 80 प्रतिशत व्यस्कों के पास बैंक खाते हैं। आज करीब छह लाख गांवों को पांच किलोमीटर के भीतर बैंकिंग सेवाओं का फायदा मिल रहा है। इसी तरह डिजिटल लेनदेन का दायरा अब व्यापक हो गया है। गांव-देहात में भी लोग आपको बेहिचक धड़ल्ले से मोबाईल से पेमेंट करते दिख जाते हैं। मोदी सरकार ने करोड़ों लोगों को मुद्रा लोन के जरिए व्यवसाय करने और उसे बढ़ाने में मदद की। आंकड़ों की बात करें तो वित्त वर्ष 2025 में मुद्रा लोन का औसत आकार एक लाख रूपये से ज्यादा हो गया है जो 2016 में 38 हजार था।

अब मैं आयुष्मान भारत के अंतर्गत राष्ट्रीय सुरक्षा योजना की चर्चा करता हूं। ये भी अपने आप में क्रांतिकारी योजना है जो 50 करोड़ से ज्यादा लोगों को मेडिकल कवरेज देती है। अस्पतालों में इलाज के लिए प्रति वर्ष पांच लाख तक का बीमा कवर है। यानि बीमार पड़ने पर अगर भर्ती की नौबत आ गयी तो पैसे के जुगाड़ करने की टेंशन नहीं होगी।इस योजना में अब 70 लाख से ज्यादा के बुजुर्गों को भी जोड़ा गया है, जिन्हें आय के साधन की परवाह किये बिना स्वास्थ्य कवरेज मिलता है। आयुष्मान भारत के अंतर्गत एक लाख 76 हजार से अधिक आरोग्य मंदिर बने हैं। इसी तरह जन औषधि केंद्र पर मिलनेवाली सस्ती दवाओं से लोगों को काफी राहत मिल रही है। सरकार के जेनरिक दवा के उत्पादन पर जोर देने से लोगों के पैसे बच रहे हैं।

ऐसे ही पीएम आवास योजना गरीब लोगों को अपने घर का सपना पूरा करने में मददगार साबित हो रही है। चार करोड़ से अधिक लोग इस योजना का लाभ ले चुके हैं। आनेवाले समय में ये आंकड़ा बढ़ता चला जायेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ता में आते ही जब स्वच्छ भारत का नारा दिया था तो विपक्षी दलों ने खिल्ली उड़ाई थी लेकिन ध्यान से स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा की जाए तो वो कलजयी फैसला था। प्रधानमंत्री के दृढ़संकल्प से पीढ़ियों से खुले में शौच के लिए जाने को मजबूर माताओं-बहनों को घर में शौचालय मिल गया। 2023 तक के आंकड़ों के मुताबिक इस योजना के तहत 11 करोड़ से ज्यादा टॉयलेट बनाए जा चुके थे।

> इसी तरह पीएम उज्वला योजना से अब तक 10 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। जिससे लकड़ी की चुल्हे में धुआं झेलती महिलाओं के खराब स्वास्थ्य की चिंता तो दूर हुई ही, घरेलू प्रदूषण भी कम हुआ। देश के कई इलाकों में लोग मीलों दूर से पानी लाने को मजबूर थे। ग्रामीण इलाकों में पीने को साफ पानी नहीं मिलता था। आज जल जीवन मिशन से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

इसी तरह पीएम उज्वला योजना से अब तक 10 करोड़ परिवारों को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराये गये हैं। जिससे लकड़ी की चुल्हे में धुआं झेलती महिलाओं के खराब स्वास्थ्य की चिंता तो दूर हुई ही, घरेलू प्रदूषण भी कम हुआ। देश के कई इलाकों में लोग मीलों दूर से पानी लाने को मजबूर थे। ग्रामीण इलाकों में पीने को साफ पानी नहीं मिलता था। आज जल जीवन मिशन से पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है।

मोदी सरकार शहरी और ग्रामीण इंफ्रास्ट्रक्चर को लेकर शुरू से सजग हैं जिससे आम लोग भी लाभांवित हुए हैं। एक्सप्रेस वे का फैलता जाल, सुंदर सुंदर नेशनल हाईवे से लेकर शहरों के अंदर की सड़कें और ग्रामीण सड़कों का स्वरूप बदल चुका है। हिचकोले खाते हुए सफर अब इतिहास की बात हो चुकी है। गांवों का भ्रमण करके देखिए तो बदलाव साफ दिखता है। पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र को देश के सबसे पिछड़ा इलाका में से एक माना जाता है लेकिन वहां भी केंद्र की योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया गया। पलामू जैसे अति पिछड़े जिले के विकास के लिए तकरीबन 50 हजार करोड़ की राशि केंद्र सरकार से आवंटित हुई जिनमें प्रमुख रूप से रोड इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए।

मोदी सरकार ने पिछले . वर्षों में औपनिवेशिक काल के कानूनों को हटाकर और नये कानूनों को लागू करके भारतीय न्याय प्रणाली को आधुनिक, पारदर्शी और नागरिक केंद्रित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं। भारतीय न्याय संहिता और संबंधित कानूनों ने समयबद्ध न्याय, डिजिटल सुविधाओं और आधुनिक अपराधों से निपटने की क्षमता को बढ़ाया है। यह निश्चित रूप से ऐतिहासिक उपलब्धि है जो भारत को औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्त करने व स्वदेशी कानूनी ढांचे की दिशा में एक बड़ा कदम है।

लंबे अंतराल तक पुलिस सेवा में कार्य करने के अपने अनुभव के आधार पर यह कह सकते हैं कि खास तौर पर भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय सक्ष्य अधिनियम को बदलकर तीन नये कानून भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम जो एक जुलाई 2024 से लागू किये गये। इन बदलावों का उद्देश्य औपनिवेशिक मानसिकता को खत्म करना, कानून को सरल और नागरिक केंद्रित बनाना और समकालीन चुनौतियों जैसे साईबर अपराध, आतंकवाद और संगठित अपराध से निपटना है। भारतीय न्याय संहिता 2023 अब आईपीसी की जगह लेता है। इसमें 533 धाराओं को संशोधित किया गया। 133 नई धराएं जोड़ी गई। नौ धाराओं को बदला गया और नौ धाराओं को हटाया गया। औपनिवेशिक राजद्रोह कानून को समाप्त कर धारा 150 के तहत देश की संप्रभुता, एकता और अखंडता के खिलाफ कृत्यों को दंडित करने का प्रावधान किया गया। इसमें मौखित, लिखित या इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से देश के खिलाफ टिप्पणी करने पर सात साल से लेकर आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। (भाजपा सांसद पलामू संसदीय क्षेत्र)

## लेटर टू एडिटर

### न्याय व्यवस्था की साख

हाल के समय में न्यायपालिका को लेकर सवाल उठने लगे हैं। कई बार ऐसा लगता है कि न्यायिक फैसले सरकार के दबाव में दिए जाते हैं। न्यायपालिका को स्वतंत्र और बिना किसी दबाव के काम करना चाहिए। हाल ही में दिल्ली में न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के घर मिली जलती नोटों की गड्डियां ने इन सवालों को और गहरा किया है। न्यायपालिका और विधायिका को मिलकर सुधारों की पहल करनी चाहिए।

**-जय भारद्वाज, गढ़वा**

### बुजुर्गों को हक

तमिलनाडु हाईकोर्ट के ऐतिहासिक फैसले ने बुजुर्गों को नया संबल दिया है। अदालत ने स्पष्ट किया कि यदि संतान या उत्तराधिकारी बुजुर्ग माता-पिता की सेवा और देखभाल में लापरवाही करें, तो बुजुर्गों को अपनी दी हुई संपत्ति वापस लेने का पूरा अधिकार होगा। एक बुजुर्ग महिला ने बेटे को गिफ्ट डीड द्वारा संपत्ति दी, लेकिन बेटे की मृत्यु के बाद बहू ने दुर्व्यवहार किया। अदालत ने महिला के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कहा कि सेवा और सम्मान के अभाव में गिफ्ट डीड रद्द की जा सकती है। यह फैसला बुजुर्गों के सम्मान और आत्मसम्मान की रक्षा में मील का पत्थर है।

**-आरके जैन, रांची**

## X ट्वीट

**हर** भारतीय नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ने के लिए 28 अगस्त, 2014 को मोदी सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जन धन योजना की शुरूआत की गई इस योजना के माध्यम से देश में वित्तीय समावेशन का स्तर तेजी से बढ़ा है और लाखों लोगों को सस्ती एवं सुलभ बैंकिंग सेवाएं प्राप्त हो रही हैं।

**– सीपी सिंह विधायक रांची**

# प्रेमचंद की अंतिम यात्रा और उससे पैदा होते सवाल

**साहित्य**

**दरअसल** प्रेमचंद की अंतिम यात्रा को लेकर हिन्दी लेखन जगत में गत नौ दशकों से यह बात स्थापित है कि उनकी शवयात्रा एक प्रतिष्ठित महान लेखक की तरह नहीं,बल्कि एक 'गुमनाम आदमी' की तरह निकली थी, जिसे देखकर राह चलते एक अनजान व्यक्ति ने किसी दूसरे से पूछा था- 'के रहल?' दूसरे ने जवाब दिया- 'कोई मास्टर था।' यह बात प्रेमचंद के बेटे अमृत राय ने अपने पिता की जीवनी 'कलम का सिपाही' में लिखी है। इस बात को शुक्ल ने कुछ क्षुब्ध भाव से लिखा है- ''प्रेमचंद जी की कहानियों, उपन्यासों और लेखों की तरह उनकी मृत्यु की ट्रैजिक गाथा भी हिंदी-लेखकों के सामूहिक अवचेतन में रिस गई है। कई पीढ़ियां मृत्यु की वही गाथा पढ़कर जवान हुईं, बूढ़ी हुईं और खप गईं।ड्ढआज यह पता लगाना असंभव है कि अमृत राय ने ऐसा क्यों लिखा, लेकिन दैनिक 'आज' में 9 अक्टूबर 1936 को प्रकाशित खबर के आलोक में इतना बिलकुल साफ है कि उन्होंने जो कुछ भी लिखा है वह न सिर्फ अशिव, अशोभन और मिथ्या है, बल्कि सचाई को और ट्रैजिक बनाकर पेश करने की वासना का नतीजा भी है। प्रेमचंद का पार्थिव शरीर 'गुमनाम आदमी' की लाश नहीं था।''

इसे पढ़कर प्रेमचंद के वामपंथी धारा के अनेक आलोचकों-प्रशंसकों में उबाल आ गया। दरअसल वे इस बात को स्वीकार करने को तैयार ही नहीं कि अमृत राय अपने पिता की अंतिम यात्रा के बारे ने कुछ गलत लिख सकते हैं। वे भूल जाते हैं कि अमृय राय ने यह बात नन्ददुलारे वाजपेयी की पुस्तक 'जयशंकर प्रसाद' के एक अध्याय 'व्यक्ति की एक झलक' के आधार पर ही लिखी है। प्रेमचंद की मृत्यु के समय अमृत राय महज पंद्रह वर्ष के थे लेकिन जब उन्होंने 'कलम का सिपाही' लिखी तब तक वे पूरी तरह से वामपंथी धारा में रंग कर वामपंथी लेखक-संपादक के रूप स्थापित हो चुके थे। यह भी सत्य है कि हिन्दी ही नहीं, किसी भी भाषा के वामपंथी, प्रगतिशील विचारधारा के लिए कवि-लेखक साहित्यकार, पत्रकार और किसान का 'गरीब, बेबस और लाचार' होना एक अनिवार्य तत्व है।

इन्हें गरीब रहना और गरीब दिखना ही चाहिए। हिन्दी का यह लेखक 'गुमनामी में मरा' और 'कृतघ्न हिन्दी समाज' ने उन्हें पूरा सम्मान नहीं दिया; ये त्रासदी से भरा झूठ पीढ़ियों से हिन्दी के साहित्यिक समाज के बौद्धिकों को इतना प्रिय रहा है की आज तक किसी ने इस तथ्य को पलटकर देखने की कोशिश तक नहीं की। अब जब उस दौर के महत्वपूर्ण समाचार-पत्र के आधार पर शुक्ल ने एक नया तथ्य उजागर किया है तो हिन्दी के स्वयंभू मठाधीशों को असहनीय पीड़ा हो रही है। इस बात को साहित्य-संस्कृति से जुड़ी नई पीढ़ी अच्छी तरह जान चुकी है कि हिन्दी साहित्यिक समाज का एक बड़ा वर्ग ऐसा है जो दुख का कारोबार करता है, जो हर दिन ये बताना चाहता है की हम और हमारे लेखक तो बड़े महान हैं मगर हिन्दी पाठक बड़ा कृतघ्न है। 'हमारे पिता ने / हमने बहुत-बहुत गरीबी में दिन बिताए हैं।' वामपंथी मध्यवर्गीय सोच का यह प्रिय वाक्य रहा है। यह कहते-लिखते हुए वह बार-बार ह्यदुःख के दागों को तमगों-सा पहनाड्ढ' दोहराता है। लेखक का गरीब होना और उपेक्षित रहना इतना जरूरी बना दिया गया है कि लोकप्रिय होने,आभिजात्य जीवन शैली जीने, अच्छा खाने-पीने, ओढ़ने-बिछाने को हमारे यहां 'अपराध' माना जाने लगा।

ऐसे में सवाल उठता है कि क्या अमृत राय ने अपने पिता प्रेमचंद की जीवनी लिखते हुए उनकी ऐसी बेचारी छवि जानबूझकर गढ़ी थी? क्योंकि वे तो वहां मौजूद थे। फिर उन्होंने ऐसा क्यों लिखा? जब उनके सामने नंददुलारे वाजपेयी की किताब उपलब्ध थी तो परिपूर्णानन्द वर्मा की किताब 'बीती यादें' कैसे याद नहीं आई, जिसमें वे कहते हैं कि उनकी अंतिम यात्रा में वे स्वयं व कई अन्य लेखकों सहित जाने माने साहित्यकार जयशंकर प्रसाद सहित शहर के सैकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

हालांकि यह बात भी गौरतलब है कि 'कलम का सिपाही' अंततः एक पुत्र द्वारा लिखी जीवनी है और शायद इसीलिए उसका पूर्णतः वस्तुपरक न होना अस्वाभाविक नहीं। संभव है कि उस दौर के किशोरवय के अमृत राय के अवचेतन मन-मस्तिष्क में अपने पिता की छवि के अनुसार उनकी अंतिम यात्रा में विशाल हुजूम उमड़ने की आकांक्षा हो, लेकिन उनकी जीवनी लिखते समय वे भूल गए कि यह जीवनी घर के लिए नहीं, सार्वजनिक वितान के लिए होगी। वर्ष 1962 के आते-आते परिपक्व वामपंथी हो चुके अमृत राय ने अपनी विचारधारा की प्रवृत्तियों के अनुरूप जीवनीकार के रूप में इन बातों का भरसक ध्यान रखा है कि प्रेमचंद के जीवन की तस्वीर से हमें उनकी अनुकृति या व्यक्ति-चित्र नहीं बनाना है बल्कि उनकी छवियां गढ़ते हुए उन सब छवियों को अपने मुताबिक स्थापित भी करना है।

# बिना कोई कोचिंग नीट पास करने वाली शिवानी


**प्रेरणा**

**सत्येन्द्र मिश्र**



**पलामू** की एक बेटी ने वह कमाल कर दिखाया है जिसे जानकर आपको गर्व भी होगा और उसके संघर्ष की कहानी को देखकर आंखों से आंसू भी निकल जाएंगे। तरहसी प्रखंड के श्रीकेदाल गांव की रहने वाली शिवानी ने बिना कोचिंग किए सिर्फ खुद की पढ़ाई की बदौलत नीट एग्जाम क्लियर कर लिया है। इडब्लूएस कैटेगरी में 1073 रैंक लाकर शिवानी ने अपने परिवार और पूरे पलामू का मान बढ़ाया है। लेकिन जब आप शिवानी की कहानी को जानेंगे तो यकीनन यह कह पाएंगे की बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ केवल नारों तक सीमित है। शिवानी कोचिंग इसलिए नहीं की क्योंकि उसके पिता के पास इतने पैसे नहीं थे, कि मोटी फीस चुका कर वो अपनी बेटी को दाखिला दिला सकें। आज भी शिवानी उस बात को याद कर फफक पड़ती है जब शिवानी के पिता ने खाना बनाने के लिए एक खाली रूम की दरख्वास्त अपने मकान मालिक से की थी। झल्लाकर मकान मालिक ने अभद्र जवाब दिया था। वह बात टीस की तरह शिवानी के बाल मन को चुभ गई और उसने ये ठान लिया कि अपने मेहनत के बदौलत वह अपने पिता को एक रूम नहीं बल्कि पूरा घर खरीद कर देगी। शिवानी अपने पूरे परिवार को अपनी सफलता का श्रेय दे रही है । शिवानी को पढाने के लिए पिता लगातार घर से बाहर रहे , कुछ समय तक मां को भी काम करना पड़ा। घर के बर्तन धोने तक का काम भाई किया । सबकी आंखों में शिवानी के डॉक्टर बनने का सपना पल रहा था ,और आखिरकार शिवानी ने अपने परिवार के सपने को साकार करके दिखाया। शिवानी को इस बात का मलाल है कि वह अपने दोस्तों के साथ अगर कोटा जाती तो और बेहतर करती लेकिन अब बेहद खुश भी है कि बिना किसी संसाधन के बिना किसी बड़े मार्गदर्शन के उसने जो कर दिखाया है उससे उसका आत्म बल और मजबूत हुआ है। अब शिवानी एमबीबीएस के बाद एक अच्छी गाइनेकोलॉजिस्ट बनना चाहती है उसने अपनी मां को बीमारी में कई डॉक्टरों की खाक छानते देखा है उसे महिला से जुड़ी बीमारियों में पारंगत होकर अपने क्षेत्र में सेवा देने का सपना है। शिवानी की मां को भी अपने बेटी की सफलता पर बेहद गर्व है शिवानी के पिता सुनील गिरी खुशी के इस मौके पर भी अपने परिवार के साथ नहीं थे। शिवानी की मां उसके पिता के संघर्षों को बताते हुए रो पड़ती हैं कि कैसे किसी खास पर्व त्यौहार के मौकों पर भी उसके पिता ने कोई छुट्टी नहीं ली ओवर टाइम किया सिर्फ इसलिए कि उनके बच्चे कामयाब बन सकें। शिवानी की मां बताती हैं कि शिवानी कभी-कभी बदहवास की तरफ पढ़ती थी रात के 1:00 बज जाते थे, खाना बगल में रखा हुआ होता था शिवानी के सिर पर सिर्फ एक जुनून था कि उसे कुछ करना है और अपने परिवार का और समाज का हालात बदलना है। **(व्यूरो चीफ, पलामू)**

**बेतला झारखंड के पलामू प्रमंडल में स्थित फोरेस्ट कंजरवेशन पार्क है। यह पूरे देश में चर्चित और रमणीक वन है। यहां बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। तस्वीरः अजय सानी**



## कार्टून वर्ल्ड



## स्पीड न्यूज

### बारिश से भैरवी का जलस्तर बढ़ा



**रजरप्पा।** लगातार हो रही बारिश से रजरप्पा में भैरवी नदी का जलस्तर बुधवार दोपहर बढ़ा, छिलका पुल के ऊपर से पानी बह रही है। दर्जनों प्रसादी की दुकानें जलमग्न हो गई। पुल के उपर पानी बहने पर से कठिनाईयों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालू पिपरा जरा के समीप बने पुल की मदद से मंदिर परिसर पहुंचे। छिन्नमस्तिका मंदिर में पूजा अर्चना सामान्य रूप से चल रही है। इधर, न्यास समिति के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं से अपील की है कि नदी के तेज बहाव के संपर्क में न रहें।

### रामगढ़ में दो दिन स्कूल बंद रहेंगे

रामगढ़। रामगढ़ डीसी फैज अक अहमद मुमताज के निर्देशानुसार, भारी बारिश को लेकर रामगढ़ जिले के सभी सरकारी एवं निजी विद्यालय कक्षा 8 तक 19 व 20 जून तक बंद रहेंगे।

### करमा परियोजना में योग आयोजित



**कुजू।** सीसीएल कुजू क्षेत्र के करमा परियोजना के रेस्ट हाउस में बुधवार को हुआ योग। योग प्रशिक्षक जे.के. जॉन व मजदूर नेता राजकुमार महतो ने अधिकारियों व कर्मियों को योग के विभिन्न आसन और व्यायामों का अभ्यास कराया। पीओ रामेश्वर मुंडा ने कहा कि सभी लोगों को योग को जीवन का हिस्सा बनाने की जरूरत है। ताकि हम स्वस्थ रहें, परिवार, राष्ट्र और कंपनी के लिए समर्पित रहें। मौके पर कार्मिक प्रबंधक अविनाश कुमार श्रीवास्तव, चिकित्सा पदाधिकारी मञ्जूनाथ, ललन यादव, तरुण रंजन, सत्येन्द्र, लालजी प्रसाद, राकेश कुमार, प्रीति, सुनीता, भारती आदि शामिल थे।

### जीआरसी सलाहकार समिति गठित



**रामगढ़।** प्रखंड सभागार चितरपुर में बुधवार को बीडीओ की अध्यक्षता में जीआरसी सलाहकार समिति का गठन किया गया। जीआरसी सलाहकार समिति के अध्यक्ष बीडीओ दीपक मिंज होंगे। जबकि प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक लुकेश्वर साव संयोजक के रूप में कार्य करेंगे। इसके अलावा, प्रखण्ड प्रमुख, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, डीएलएसए प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, प्रखण्ड चिकित्सा पदाधिकारी,एनजीओ /सीएसओ प्रतिनिधि, डीआरपी जेएसएलपीएस और प्रखण्ड के सभी संकुल संगठन से दो प्रतिनिधि सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

### जेंडर रिसोर्स समिति का गठन

**कुजू।** कुजू पूर्वी पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय स्तर की एनजीओ विजय रेखा फाउंडेशन ने बैठक की। इसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया अशोक कुमार ने किया। बैठक में मुख्य रूप से फाउंडेशन के क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय अनिल कुमार व कार्यक्रम पदाधिकारी ज्योति प्रकाश सिन्हा शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र खदानें बंद होने के बाद लोगों के बीच हुए उत्पन्न आर्थिक व सामाजिक चुनौतियों पर चिंता व्यक्त किया गया। साथ ही गांव के खनन विकास के लिए वैकल्पिक रोजगार, स्वरोजगार, कृषि आधारित योजनाएं, कौशल विकास सरकारी सहयोग से संचालित विकल्पों पर बिस्तर पूर्वक चर्चा किया गया। मौके पर महेश महतो, इनामुल हक, तीर्थलाल बेदिया, प्रदीप राम, बसंती देवी, मीना देवी, फुलेश्वरी देवी, बीना देवी आदि शामिल थे।

### भाजपा ने कुजू में लगाया चौपाल




**कुजू।** सेवा सुशासन गरीब कल्याण के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ नगर परिषद मंडल अध्यक्ष मनोज गिरि के अध्यक्षता में वार्ड नं 5 शक्ति केन्द्र पोचरा बस्ती में प्रमोद यादव के आवासीय कार्यालय में मोहल्ला चौपाल लगा। इस कार्यक्रम में उपस्थित मोहल्ला वासियों को पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हुए विकास कार्य एवं सरकार की उपलब्धियों के बारे में लोगों से संवाद किया गया। आयुष्मान भारत योजना में 70 वर्ष और उसे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों का पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई और मोदी सरकार की 11 वर्ष की उपलब्धियों का साहित्य वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मोदी सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना, मातृत्व वंदना योजना, मुद्रा योजना,लखपति दीदी,ड्रोन दीदी,वीमा सखी योजना से महिलाओं को आर्थिक आजादी दी। कहा कि मोदी सरकार ने महिलाओं के लिए 33प्रतिशत आरक्षण को लागू किया है जिससे अब 33 फीसदी महिलाएं सांसद और विधायक बनकर केंद्र और राज्य सरकार में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। इससे पूर्व नारी शक्ति को पंचायत चुनाव में 50प्रतिशत का आरक्षण मिला है। मोदी सरकार में महिलाएं लाभार्थी से आगे बढ़ कर विकास की नेतृत्वकर्ता बनी है। गिरि ने 11वर्ष की उपलब्धियों का बुक वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन महिला मोर्चा की नगर अध्यक्ष मंजू देवी ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद यादव द्वारा किया गया। चौपाल में पूर्व महामंत्री सुनील साहू जिला कार्यालय मंत्री विनोद प्रसाद रूबी कुमारी सविता देवी नागेश्वर यादव मनोज यादव पम्मी रीता देवी कुमारी रिया कुमारी सहित भारी संख्या में महिलाएं और मोहल्लेवासी मौजूद थे।

# तीज व कबिलाषी के जंगलों में पुष्पा लकड़ी काट रहे हैं तस्कर

## वन विभाग और पुलिस बनी मूकदर्शक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हजारीबाग/ दारू।** कभी हरियाली से लहलहाते थे तीज और कबिलाषी पंचायत के जंगल अब उजड़े हैं, वीरान हैं, और इन पर कब्जा कर लिया है लकड़ी माफिया ने। सरकार कहती है पर्यावरण बचाओ, मगर जमीनी सच्चाई ये है कि झारखंड के कई जंगल अब तस्करी के अखाड़े बन चुके हैं, जहां न तो कानून की सुनवाई है, न प्रशासन की मौजूदगी। दारू थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले तीज और कबिलाषी के जंगलों में आजकल चोरों का तांडव है। इन जंगलों में अब पुष्पा जैसे लकड़ी तस्करों का राज है जो रात-दिन पेड़ों की कटाई में जुटे हैं। दो गिरोह सक्रिय हैं, जो न सिर्फ लकड़ी काटते हैं बल्कि उसे पिकअप वैन के जरिए चोरी-छुपे सप्लाई भी करते हैं। इन दोनों गिरोहों में एक अलग ही गैंगवार चल रहा है। जब कोई एक गिरोह हावी होने लगता है तो दूसरा पुलिस को सूचना देकर प्रतिद्वंद्वी के कुछ सदस्यों को पकड़वाता है, और खुद बच निकलता है। हाल ही में दारू पुलिस ने दो लकड़ी तस्करों को पकड़ा था जो तीज जंगल से अवैध लकड़ी लादकर ले जा रहे थे। लेकिन सवाल ये है कि जिनका आदेश लेकर ये सब हो रहा है, जिनके इशारे पर पूरा जंगल उजड़ रहा है वो सरदार कौन है? जंगल कट रहे हैं, जीव-जंतु बेघर हो रहे हैं, और पूरा इकोसिस्टम ध्वस्त हो रहा है, लेकिन वन विभाग और पुलिस की नींद अब तक नहीं टूटी। क्या कारण है कि मास्टरमाइंड अब तक पुलिस की पकड़ से बाहर है? क्या प्रशासन किसी दबाव में है या मिलीभगत का मामला है? जवाब जनता जानना चाहती है। वरना वो दिन दूर नहीं जब हरे-भरे झारखंड को रेगिस्तान बनने से कोई नहीं रोक पाएगा।

### बरही में 300 सीएफटी खैर की लकड़ी बरामद

बरही। बरही वन क्षेत्र में लकड़ी माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार शाम वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश सिंह के निर्देश पर वन क्षेत्र पदाधिकारी अमर आनंद सरस्वती के नेतृत्व में बुंडू, बेलहारा एवं गुड़ियों वन सीमा क्षेत्र में छापेमारी कर करीब 300 सीएफटी खैर प्रजाति की लकड़ी जब्त की गई। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई, जिसमें पता चला कि खैर की लकड़ी को एकत्र कर बाहर भेजने की तैयारी चल रही है। त्वरित कार्रवाई करते हुए मंगलवार की शाम साढ़े चार बजे छापेमारी कर लकड़ी को बरामद कर वन कार्यालय में लाया गया। वन विभाग ने बताया कि एक माह के अंदर माफियाओं के विरुद्ध यह पांचवीं बड़ी कार्रवाई है।

# तिरपाल में मासूम का लिपटा शव

## हजारीबाग में सिस्टम की संवेदनहीनता की आखिरी हद

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**टाटीझरिया।** बारिश के बीच एक पिकअप वैन भराजो गांव की संकरी गलियों से गुजरती है। भीतर एक मासूम की मां तिरपाल में लिपटी पड़ी है शव है, लेकिन कोई एम्बुलेंस नहीं। यह दृश्य किसी फिल्म का नहीं, बल्कि हजारीबाग जिले के टाटीझरिया प्रखंड का कड़वा सच है। संजू कुमारी की मौत के बाद उसके परिजनों ने जो सहा, वो सिर्फ एक पारिवारिक त्रासदी नहीं, बल्कि सिस्टम के मर चुके जमीर की कहानी है। बेडमाक्का गांव की संजू और भराजो के मुकेश की प्रेम कहानी पांच साल पहले शुरू हुई थी, जो सामाजिक स्वीकृति के बाद शादी में बदली। एक बेटा भी हुआ। लेकिन मुकेश की सेना में भर्ती के बाद से रिश्ते में दरारें बढ़ने लगीं। संजू के मायकेवालों के अनुसार, ससुराल में उस पर मानसिक और शारीरिक अत्याचार आम हो गया था। बुधवार को जब उसका शव घर में मिला और परिवार वाले फरार मिले, तो शक की सुई सीधे पति और उसके घरवालों की ओर घूमी। उन्होंने मुकेश और उसके परिजनों पर हत्या का आरोप लगाया है।

लेकिन कहानी यहीं खत्म नहीं होती। असली सदमा तब मिला जब परिजनों ने शव के लिए एम्बुलेंस माँगी, पर घंटों तक कोई इंतजाम नहीं हुआ। हेल्पलाइन नंबरों से लेकर स्थानीय प्रशासन तक, हर दरवाजा खटखटाया गया, लेकिन कोई सहायता नहीं मिली। अंततः एक पिकअप वैन की मदद से शव को अस्पताल ले जाया गया। रास्ते कीचड़ से सना था, और बारिश हर दर्द को भिगो रही थी। आखिरकार संजू का शव पिकअप वैन में तिरपाल में लपेटकर लाया गया। और यह सब तब हुआ जब बारिश जोरों पर थी, रास्ते कीचड़ से भरे हुए थे और हर कदम पर मानो सिस्टम ने संवेदना को शर्मसार किया। आज सवाल ये है कि जब शव को अस्पताल ले जाने जैसी मूलभूत व्यवस्था भी नहीं हो पाती, तो आम जनता को इस तंत्र से क्या उम्मीद करनी चाहिए? संजू की मौत एक हत्या थी या आत्महत्या, ये जांच का विषय हो सकता है, लेकिन जो अपराध सिस्टम ने किया, वो पूरी मानवता के लिए एक कलंक है। सवाल ये है कि क्या हमारे सिस्टम में इतनी भी मानवीयता नहीं बची कि एक शव को सम्मानपूर्वक अंतिम पड़ाव तक पहुँचाया जा सके? क्या आम जनता के लिए सम्मान की कीमत इतनी सस्ती हो गई है? इस घटना ने साबित कर दिया कि हमारा तंत्र सिर्फ जीवितों के नहीं, मृतकों के प्रति भी असंवेदनशील हो चुका है।

### कुजू : डॉक्टर की कार ने युवक को कुचला, मौत

**कुजू।** नईसराय सीसीएल हॉस्पिटल के पास बुधवार को सड़क हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। सीसीएल हॉस्पिटल की चिकित्सक डॉ निभा वर्मा अपने ड्राइवर के साथ हॉस्पिटल जा रही थी। इसी दौरान अस्पताल गेट के पास तेज गति से चल रही उनकी कार ने एक युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में युवक के दोनों पैर कट गए। गंभीर अवस्था में उस युवक को सीसीएल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार मृतक अतिकुर्र रहमान चतरा जिला के जोरी गांव का निवासी था। मृतक के परिजनों ने बताया कि अतिकुर्र रहमान बच्चे का इलाज कराने रामगढ़ आया था। चिकित्सकों ने उसे दवा लेने भेजा था। जैसे ही वह अस्पताल के गेट पर पहुंचा, चिकित्सक की कार ने उसे टक्कर मार दी।

## हंगरी क्रिकेट टीम के चयन समिति के सदस्य बने भुरकुंडा के पराशर



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** हंगरी क्रिकेट संघ ने 2025 और 2026 सत्र के लिए हंगरी राष्ट्रीय चयन समिति के गठन की घोषणा की है। इस समिति का मुख्य उद्देश्य हंगरी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से जुड़ी चयन प्रक्रियाओं का पर्यवेक्षण करना होगा। इस नई चयन समिति में जिन प्रमुख सदस्यों को शामिल किया गया है, उनमें पटेलनगर भुरकुंडा निवासी रोटेरियन प्रवीण शर्मा एवं सुषमा शर्मा के पुत्र सह हंगरी की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के कप्तान अभितेष पराशर का नाम भी शामिल है। यह पूरे क्षेत्र के लिए गौरव की बात है कि एक भारतीय मूल के खिलाड़ी को न सिर्फ कप्तान के रूप में, बल्कि चयन समिति के सदस्य के रूप में भी जिम्मेदारी दी गई है। चयन समिति में टॉम जोन्स राष्ट्रीय टीम कोच, अभितेष पराशर राष्ट्रीय टीम कप्तान, सचिन चौहान राष्ट्रीय टीम मैनेजर, बॉबी पटेल स्वतंत्र सदस्य, मार्क अहूजा स्वतंत्र सदस्य शामिल हैं। इस अवसर पर हंगरी क्रिकेट संघ ने बताया कि स्वतंत्र सदस्यों का चयन नामांकन प्रक्रिया के तहत किया गया, जिसमें कुल सात नामांकन प्राप्त हुए थे। हंगरी क्रिकेट बोर्ड द्वारा मतदान कर बॉबी पटेल और मार्क अहूजा को चयनित किया गया। हंगरी क्रिकेट संघ के महासचिव अली फारासात ने सभी चयनित सदस्यों को बधाई दी और विश्वास जताया कि यह समिति हंगरी राष्ट्रीय टीम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बरही के खोड़ाहार में लगा विशेष शिविर

**बरही।** खोड़ाहार पंचायत सचिवालय के सभागार में बुधवार को धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत विशेष शिविर लगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अनिता देवी ने की, जबकि संचालन पंचायत सचिव जितेंद्र साव ने किया। जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, प्रमुख मनोज रजक, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर और प्रखंड कल्याण पदाधिकारी उपेंद्र कुमार दास मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। किशुन यादव ने कहा कि शिविर का उद्देश्य आदिवासी समुदाय को सरकारी योजनाओं से जोड़ना और उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है। उन्होंने आधार कार्ड, राशन कार्ड, पोषण अभियान, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मिशन इंद्रधनुष व मनरेगा जैसी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर संवाद कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं।

### दामोदर नदी पर जर्जर पुल को लेकर मंत्री से मिले राजद नेता



**भुरकुंडा।** दामोदर नदी पर स्थित गिद्दी-भुरकुंडा के पुराने और जर्जर पुल की खतरनाक स्थिति को लेकर राजद का एक प्रतिनिधिमंडल प्रदेश उपाध्यक्ष गिरधारी गोप के नेतृत्व में झारखंड सरकार के श्रम एवं नियोजन मंत्री संजय प्रसाद यादव से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री को अवगत कराया कि उक्त पुल वर्षों पुराना होने के कारण बेहद जर्जर अवस्था में पहुंच चुका है। पुल पर कोयला लदे भारी वाहनों की अत्यधिक आवाजाही के कारण उसके पीलर कमजोर हो गए हैं और लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। राजद नेताओं ने मंत्री से अनुरोध किया कि जनहित में पुल की तत्काल मरम्मत कराई जाए और भविष्य को देखते हुए एक नए, अधिक क्षमता वाले पुल का निर्माण कराया जाए। मंत्री संजय प्रसाद यादव ने समस्या की गंभीरता को समझते हुए पथ निर्माण विभाग को शीघ्र डीपीआर तैयार करने का आदेश दिया। मंत्री के पहल पर पथ निर्माण विभाग ने मौजूदा पुल की मरम्मत के लिए लगभग 28 लाख रुपये की तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी है।

# नया मोड़ में कई दुकानों व गैराज पर चला बुलडोजर

**वन विभाग पहले मापी करे, उसके बाद अतिक्रमण हटाये : विधायक**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





कुजू। नयामोड़ पुराना एनएच 33 के किनारे वन भूमि पर बने अवैध कई दुकानों व गैराज पर वन विभाग व कुजू पुलिस द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाया गया। इस दौरान विभाग के द्वारा जेसीबी से दुकान, गैराज व होटल को ध्वस्त कर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अभियान के दौरान प्रशासन से दुकानदारो ने कुछ दिनों का समय देने का आग्रह किया, लेकिन प्रशासन ने कहा कि दो माह पहले ही नोटिस जारी कर आप सभी लोगों को भूमि को खाली करने को बात कही गयी थी, लेकिन आपलोग तय समय पर भी खाली नही किये। मजबूरन आज अतिक्रमण मुक्त अभियान चलाना पड़ा। मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय ने बताया कि वन भूमि पर अवैध रूप से दुकान व गैराज बनाए लोगों को नोटिस जारी कर सुबह में ही लाउडस्पीकर के माध्यम से भूमि को खाली करने का आदेश दिया गया था। इसके बावजूद भी दुकानदारों द्वारा भूमि को खाली नहीं कराया गया। जिसके बाद अभियान चलाते हुए वन भूमि को खाली कराया गया। अतिक्रमण अभियान चलाने की सूचना पाकर मांडू विधायक तिवारी महतो पहुंचे। साथ ही मौजूद मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय व कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान से 15 दिनों के समय लेते हुए अभियान को रोकने की बात कही। इस पर अधिकारियों ने कहा कि वन भूमि को खाली कराने को लेकर वरीय अधिकारियों का निर्देश है। तिवारी महतो ने कहा कि विभाग पहले मापी करे, उसके बाद अतिक्रमण अभियान चलाए। मापी में अगर दुकान व गैराज आता है तो करवाई करे, अन्यथा ऐसा न करे, सभी को जीने का हक है।

**अभियान में ये थे शामिल :** अतिक्रमण मुक्त अभियान में मजिस्ट्रेट राम रतन पांडेय, कुजू वन क्षेत्र पदाधिकारी बटेश्वर पासवान, कुजू ओपी प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, अनि आशीष गौतम, वनपाल रंजीत कुशवाहा के अलावे वनरक्षी के अलावे आजसू नेता नरेश महतो, अरविंद कुमार, मुखिया जयकुमार ओझा, राकेश मेहता रॉक शामिल थे।

## एक नजर में

### चरही में नहीं बना सार्वजनिक शौचालय

चरही। चरही बाजार और चौक प्रखंड का मुख्य केंद्र होने के बावजूद आज तक यहां सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था नहीं हो सकी है। यह स्थिति न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि रोजाना यहां आने-जाने वाले हजारों यात्रियों के लिए भी बेहद तकलीफदेह बनी हुई है। बीते कई दशकों से इस समस्या को लेकर आवाज उठती रही है, लेकिन अब तक न कोई ठोस कदम उठाया गया और न ही कोई योजना धरातल पर उतरी। चरही चौक स्थित बस स्टैंड, ट्रैकर और टेंपो स्टैंड से हजारीबाग, रामगढ़, रांची, घाटो, लईयो, तापीन, परेज, केदला, इंदिरा जरबा, मुकरु, हरहद बासाडी, हिन्देगढ़ा, निमाड़ी समेत दर्जनों गांवों के लोग लगातार यात्रा करते हैं। लेकिन उनके लिए चरही में रुकने के दौरान शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। खासकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को सार्वजनिक जगहों पर काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

### इरगा में आम उत्सव सह बागवानी मेला

दारू। प्रखंड के इरगा पंचायत भवन में बुधवार को बिरसा हरित ग्राम योजना के अंतर्गत आम उत्सव सह बागवानी मेला का शुभारंभ उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, बीडीओ हारून रसीद, सीओ रामकुमार बालक, बीपीओ राजीव आनंद और मुखिया अनिता देवी ने संयुक्त रूप से किया।डीडीसी ने आम की गुणवत्ता और किस्मों की जानकारी ली। बीडीओ ने इस योजना को ग्रामीण जीवन स्तर सुधारने की दिशा में अहम बताया। बीपीओ राजीव आनंद ने इसे किसानों के लिए आर्थिक मजबूती का सुनहरा अवसर कहा। किसानों को आम की खेती से संबंधित सिंचाई, उर्वरक और कीट नियंत्रण की जानकारी दी गई। किसान सोनी कुशवाहा ने बताया कि आम बागवानी से पर्यावरण संरक्षण में मदद मिल रही है, वहीं रामकुमार महतो ने बताया कि वे इस योजना से लाखों की आमदनी कर रहे हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और अधिकारी उपस्थित रहे।

### छात्रों को नशे के खिलाफ किया गया जागरूक

**बरही।** झारखंड सरकार द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के तहत बरही वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में प्रोजेक्ट +2 उच्च विद्यालय करियातपुर एवं मध्य विद्यालय बुढ़ीडीह में स्कूली छात्रों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान वन क्षेत्र पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि नशे का सबसे अधिक दुष्प्रभाव युवाओं पर पड़ता है, युवा नशे के चंगुल में फंसकर अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। जिसके लिए उन्हें नशा नहीं करने और दूसरों को भी इससे बचाने की शपथ दिलाई गई। वन क्षेत्र पदाधिकारी अमर आनंद ने कहा कि नशा के सेवन से आज के युवाओं का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। मौके पर वनरक्षी चेतन राम, भोला साहू, आशीष कुमार, शिशिर जोन मिंजए शिक्षक और छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### बारिश से रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पर पानी भरा

बरही। रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क पहली बारिश में तालाब में तब्दील हो गई है। रेल यात्रियों को स्टेशन जाने में काफी परेशानी हो रही है। सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। बारिश होते ही उनमें पानी भर जाता है। और सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। पैदल चलने वाले यात्रियों को स्टेशन तक पहुंचने के लिए या तो पानी में चलना पड़ता है या फिर किसी और का सहारा लेना पड़ता है। दोपहिया और चार पहिया वाहन तो किसी तरह पार कर जाते हैं। लेकिन उनके चलने से उस कीचड़ भरे रास्ते पर चलने वाले पैदल यात्रियों को काफी परेशानी होती है। पैदल यात्रियों ने बताया कि रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क का बुरा हाल है। सभी सड़कें टूटी हुई हैं और गड्ढे बन गए हैं।

### ओरपरता के ग्रामीण पक्की सड़क कर रहे इंतजार

बरही। डापोक पंचायत के ओरपरता के ग्रामीणों को आंगनबाड़ी केंद्र तक जाने वाली सड़क के लिए आज भी पक्की सड़क का इंतजार है। इस टोले में पक्की सड़क नहीं होने के कारण लोगों को बरसात के दिनों में कीचड़ भरे रास्तों से आवागमन करना पड़ता है। पक्की सड़क और नाला व्यवस्था नहीं होने के कारण जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। जिससे स्थानीय ग्रामीण काफी परेशान हैं, आश्चर्य की बात यह है कि एक ओर जहां राज्य सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है और हर गांव और हर गली को पक्की सड़क बना रही है। वहीं दूसरी ओर आज भी इस टोले के ग्रामीण स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक उपेक्षा का दंश झेल रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि बरसात के मौसम में हल्की बारिश होने पर भी पूरी गली में पानी भर जाता है, जिसके कारण ग्रामीणों ने कई बार स्थानीय जनप्रतिनिधियों से जल निकासी के लिए नाला और पक्की सड़क निर्माण की मांग की थी।

### बड़कागांव में आम उत्सव सह बागवानी मेला 23 को

बड़कागांव। बिरसा हरित ग्राम योजना अंतर्गत एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन 23 जून 11: 30 बजे बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय प्रांगण में किया जाना सुनिश्चित की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी जितेंद्र कुमार मंडल के हस्ताक्षरित पत्र के आलोक में प्रखंड कृषि पशुपालन, कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम समन्वयक, सभी पंचायत सचिव, सभी रोजगार सेवक को पत्र निर्गत की गई है। सांसद, विधायक, उप विकास आयुक्त हजारीबाग, अंचलाधिकारी, प्रमुख उप प्रमुख जिला परिषद सदस्य, सभी पंचायत समिति सदस्य, सभी मुखिया,सभी वार्ड सदस्य, सभी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, व्यापारी संघ के अध्यक्ष, सचिव, सभी मीडिया कर्मी को प्रतिलिपि देकर इस मेले में आमंत्रित किया गया है।

### दारू : सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

दारु : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तरवा मोड़ के पास बुधवार दोपहर भारी बारिश के बीच एक स्कूटी सवार व्यक्ति की मौत सडक दुर्घटना मे हो गयी। मृतक का नाम मोहम्मद हसीब पिता हकीम अंसारी इरगा दारु का निवासी था। हसीब एक बहुत ही होनहार युवक था और वर्तमान मे सिविल सर्विस परीक्षा की तैयारी कर रहा था। वह शादीशुदा है और उसके दो छोटे छोटे बच्चे है। हसीब का छोटा भाई मोहम्मद रकीब वर्तमान मे जेपीएससी क्वालीफाई कर शिक्षा विभाग मे उच्च पद पर कार्यरत है। हसीब अपनी लाल रंग कि स्कूटी संख्या जे एच 02 बीई 2120 से हजारीबाग से अपने घर इरगा दारु आ रहे तभी झुमरा से हजारीबाग की तरफ जा रहा पिकअप वाहन संख्या जे एच 10 सीडी 5384 द्वारा चकमा दिये जाने और बरसात होने के कारण अनियंत्रित होकर सडक पर गिर कर घायल हो गये। ग्रामीणों की मदद से तत्काल एक कार से सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया जहाँ इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी।

### जगन्नाथ रथयात्रा को ले विधायक ने की बैठक

चौपारण। भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा को लेकर विधायक मनोज कुमार यादव ने की बैठक। इसकी अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष हरिश्चंद्र सिंह ने की। इसमें जगन्नाथ मंदिर प्रबंधक संजय सिंह, विहिप मंत्री मुनेश्वर गुप्ता, शिव कुमार सिंह, राजदेव यादव सहित सैकड़ों श्रद्धालु व गणमान्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में विधि-व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, जल एवं स्वास्थ्य सुविधा जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक मनोज यादव ने बताया कि इस वर्ष रथयात्रा को राज्यस्तरीय स्वरूप देने की तैयारी है, जिसमें रूस और यूक्रेन समेत कई देशों के कलाकार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देंगे। बजरंग दल, दुर्गा वाहिनी, मातृशक्ति एवं संघ कार्यकर्ता पूरे आयोजन के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

### देवचंदा मौजा की जमीन पर अवैध जमाबंदी

बरही। देवचंदा मौजा की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। पशुपालन विभाग के गोरिया करमा पशु प्रक्षेत्र के प्रबंधक ने बरही अंचल कार्यालय में आवेदन देकर अवैध जमाबंदी को रद्द करने और जारी रसीदों को खारिज करने की मांग की है। प्रबंधक ने बताया कि वर्ष 1950-51 में डीवीसी द्वारा एलए केस नंबर 2/7/1950-51 के अंतर्गत 499 .28 एकड़ गैरमजरूआ भूमि पशुपालन विभाग को हस्तांतरित की गई थी। इसमें खाता संख्या 1, प्लॉट संख्या 794, 796, 798 एवं 47 शामिल हैं।

# जिला परिषद अध्यक्ष का तीन साल का कार्यकाल पूर्ण

## 3 साल में 238 योजनाओं को पारित कर 40 करोड़ से अधिक की योजनाएं उतारी जमीन पर

## 3 करोड़ 42 लाख से झुमरीतिलैया में मार्केट कॉम्पलेक्स का निर्माण शुरू

## 8 करोड़ से जिप कार्यालय का शिलान्यास की तैयारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** पंचायती राज व्यवस्था के तहत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में जिला परिषद बोर्ड गठन महत्वपूर्ण पड़ाव है। कोडरमा में तीन साल पूर्व जिला परिषद बोर्ड का गठन किया गया था। जिप बोर्ड का चेयरमैन डोमचांच-3 जिला परिषद से चुनकर आए जमीनी नेता रामधन यादव को 16 जून 2022 को लोकतांत्रिक तरीके से चुना गया था। जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने अपना तीन साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। इन तीन सालों में कई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। उनके नेतृत्व में 238 योजनाओं को पारित कर करीब 40 करोड़ रुपये खर्च की गई है। इनमें सड़क, नाली, स्वास्थ्य और जनसुविधाओं के विकास से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं। खासकर इन तीन सालों में जिप अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्य सरकार के साथ सामंजस्य स्थापित कर विभिन्न विभागों से कोडरमा में कई योजनाओं का क्रियान्वयन कराया गया, साथ ही जिप अध्यक्ष की दूरदर्शिता के कारण स्व-आय में गुणात्मक वृद्धि हुई। जिप अध्यक्ष रामधन यादव के तीन साल का कार्यकाल कई मायनों में ऐतिहासिक और उपलब्धियों से भरा रहा है। इन उपलब्धियों में उपायुक्त, डीडीसी और बोर्ड के सदस्यों समेत पंचायती राज व्यवस्था के वरीय पदाधिकारियों का संयुक्त प्रयास भी सराहनीय रहा।

**स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थापना**

जिला परिषद ने 11 स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थापना की है, जिनमें से चार का काम पूरा हो गया है। इनमें सतगावां प्रखंड के राजावर, कटैया, डोमचांच के ढाब और कोडरमा के मेघातरी में 55-55 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र शामिल हैं।

**पंचायत भवनों का निर्माण**

जिला परिषद ने मरकच्चो प्रखंड के मुर्कमनाय, दशारोखुर्द, डोमचांच प्रखंड के काराखूंट, कोडरमा प्रखंड के चाराडीह और चंदवारा प्रखंड के चंदवारा पूर्वी में एक-एक करोड़ के पंचायत भवन का निर्माण किया है। इससे पंचायतों में सरकारी कामकाज के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी और ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों में तेजी आएगी।

- **सड़क, नाली, सिंचाई समेत ग्रामीण विकास की योजनाओं से जनमानस को हो रहा फायदा : रामधन यादव**

**सड़क और नाली निर्माण**

जिला परिषद ने सड़क और नाली निर्माण के लिए पांच करोड़ से अधिक की राशि खर्च की है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा में सुधार हुआ है और लोगों को बेहतर सड़क और नाली सुविधाएं मिल रही हैं।

**सोलर पंप सेट और सोलर लाइट**

जिला परिषद ने सिंचाई के क्षेत्र में दो-दो लाख के कुल सात लाख के सोलर पंप सेट लगाए हैं। इससे किसानों को सिंचाई की समस्या से राहत मिली है और उनकी फसल की उत्पादकता में वृद्धि हुई है। इसके अलावा, पूरे जिले के महत्वपूर्ण चौक-चौराहों पर 36 सोलर लाइट लगाए गए हैं, जिससे रात के समय में भी लोगों को बेहतर रोशनी मिल रही है।



**उपलब्धियों का ब्यौरा, किस मद में कितना हुआ खर्च**

पंचायत ज्ञान केंद्र-50 लाख 40 हजार रूपये, परिसंम्पति निर्माण, मरम्मतिकरण, पंचायत भवन मरम्मती, चाहरदीवारी निर्माण 5 करोड़ 83 लाख रुपये, 15वें वित्त स्वास्थ्य मद 6 करोड़ 52 लाख रुपये, 15वें वित्त अनुदान मद 6 करोड़ 69 लाख रुपये, परिसंपत्ति निर्माण, मरम्मती (हाट-बाजार) 1 करोड़ 35 लाख रुपये, झुमरीतिलैया मार्केट काम्प्लेक्स 3 करोड़ 42 लाख रुपये, सीएच प्लस टू हाई स्कूल के सामने 32 दुकान निर्माण 1 करोड़ 31 लाख रुपये, 5 नए पंचायत भवन का निर्माण 4 करोड़ 99 लाख रुपये, स्व- आय मद (सोलर हाई मास्ट लाइट, बॉउंड्रीवॉल) 90 लाख 28 हजार रुपये, 15वें वित्त अनुदान मद अनाबद्ध निधि से कर्दम पार्क का सौंदर्यीकरण व सेवाओं का विस्तारीकरण 47 लाख 28 हजार रुपये, जिला परिषद के नए कार्यालय भवन निर्माण 8 करोड़ 3 लाख रुपये शामिल है।

**क्या कहतें है जिप अध्यक्ष**

जिप अध्यक्ष रामधन यादव ने कहा कि बतौर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में तीन साल का कार्यकाल संघर्ष भरा रहा है। जनमानस के उम्मीदों पर खरा उतरने की चुनौती थी, साथ ही पंचायती व्यवस्था में चुनकर आए जनप्रतिनिधियों के साथ सामंजस्य स्थापित कर जनउपयोगी योजनाओं के लिए फंड की उपलब्धता कराना व स-समय पूरा कराने की जिम्मेवारी थी। सड़क, नाली, सिंचाई समेत ग्रामीण विकास की योजनाओं से जनमानस को फायदा हो रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति की जरूरतों को पूरा करने, ग्रामीण विकास और बोर्ड की राजस्व बढ़ाने की थी। इसमें डीसी, डीडीसी का भरपूर सहयोग मिला। साथ ही पंचायती राज विभाग का भी अभूतपूर्व सहयोग प्राप्त हुआ। इन्हीं वजहों से 238 योजनाओं को बोर्ड से पारित कर योजनाएं धरातल पर उतारी गईं। इनमें कई योजनाएं पूर्ण हो गयी हैं, जबकि कई योजनाएं 3 महीने के भीतर पूर्ण हो जाएंगी। वहीं बहुप्रतीक्षित झुमरीतिलैया में मार्केट काम्प्लेक्स निर्माण डेढ़ साल में पूर्ण हो जाएगा। जिला परिषद का अपना कार्यालय दो साल के पहले बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बोर्ड के सदस्यों समेत कोडरमा के जनमानस का भरपूर सहयोग मिला, इसके लिए आभार व्यक्त करता हूं। वहीं उन्होंने कहा कि शेष कार्यकाल में जनता की ज्वलंत और जनउपयोगी योजनाओं को पारित कर धरातल पर उतारने का प्रयास जारी रहेगा।

## नव नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की दी गई जानकारी




कोडरमा। सिविल सर्जन कार्यालय सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति के तत्वावधान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में हाल ही में नियुक्त स्वास्थ्य कर्मियों को आयुष्मान भारत सहित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली, उनकी पहुंच और सामाजिक उत्तरदायित्व के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी दी, साथ ही सभी कर्मियों को सेवा भावना, नैतिक मूल्यों और पेशेवर आचरण से भी अवगत करवाया गया। इस अवसर पर सिविल सर्जन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्होंने नव नियुक्त कर्मियों का स्वागत किया और जिले के स्वास्थ्य तंत्र को सशक्त बनाने में उनके योगदान की अपेक्षा व्यक्त की।

## मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**कोडरमा।** पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के निर्देशानुसार 17 जून 2025 को मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान के अंतर्गत तीरंदाजी खेलो इंडिया सेंटर, इण्डोर स्टेडियम बागीटांड़ कोडरमा में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं के बीच नशा सेवन से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी साझा की गई। साथ ही चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रशिक्षुओं ने मादक पदार्थों के विरोध में संदेशपरक चित्रों की प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशामुक्त जीवनशैली अपनाने हेतु प्रेरित करना और समाज में मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में जिला खेल-सह-पर्यटन पदाधिकारी कैलाश राम, जिला स्तरीय पर्यटन विशेषज्ञ सीमा शुक्ला, जिला खेल समन्वयक अशोक कुमार तुरी, खेलो इंडिया प्रशिक्षक मुकेश तुरी तथा विभाग के अन्य कर्मी मौजद थे।

## ट्रैक्टर की ठोकर से युवक घायल, नवादा रेफर

सतगावां (कोडरमा)। थाना क्षेत्र अंतर्गत मरचोई स्थित बेलाबागी बालू घाट के समीप मंगलवार की रात्रि करीब 3 बजे सुबह तेज रफ्तार बालू लाने जा रहे ट्रैक्टर ने आम चुनने के लिए अपने बगीचे में सोये युवक को टक्कर मार दिया, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज के लिए ग्रामीण चिकित्सक के पास लाया गया, जहां ग्रामीण चिकित्सक ने गंभीर रूप से घायल युवक को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए नवादा रेफर कर दिया। वहीं घायल युवक की पहचान मरचोई निवासी श्याम सिंह का बड़े पुत्र 45 वर्षीय गोरेलाल सिंह के रूप में हुई है। वहीं बताया जाता है कि युवक मरचोई गांव स्थित अपने बगीचा में आम चुनने गया था और बगीचा में सोया हुआ था तभी मोहनपुर की ओर से अवैध बालू उठाव करने जा रहे तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सोये युवक पर आगे का पहिया चढ़ा दिया और फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार गोरेलाल की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने ट्रैक्टर का पीछा करते हुए ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया। वहीं उहोंने बताया कि थाना क्षेत्र के टेहरो, समलडीह, मीरगंज, भखरा, पोखरडीहा, कैरी, खुट्टा, अंगार, पचाने, नावाडीह, दुम्दुम्मा बालू घाट पर एनजीटी रोक के बाबजूद रात के अंधेरे में अवैध बालू उठाव जारी है।

# संदेहास्पद अवस्था में पुलिस को मिला युवक का शव

- **परिजनों ने बोरवेल कंपनी के मालिक पर लगाया हत्या का आरोप**

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत गांधी स्कूल रोड के समीप बुधवार को अहले सुबह बोरिंग कराने के बाद घर जा रहे युवक की सड़क दुर्घटना में संदेहास्पद मौत हो गई। फिलहाल मौत के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। वहीं पुलिस इस मामले में पूछताछ के लिए झामुमो से निष्काशित नेता सत्यदेव राय के बेटे सन्नी राय को हिरासत में लिया है। मामला तिलैया थाना क्षेत्र के गुमो पांडेय मुहल्ला का है, जहां बीती देर रात इंद्रजीत पांडेय उर्फ टुनटुन पांडेय पिता स्वर्गीय आदित्य पांडेय अपने मकान निर्माण को लेकर अपनी जमीन पर बोरिंग करवा रहा था। बोरिंग वाहन जय मां गंगा बोरवेल के द्वारा तय किये गये फीट के अनुसार ठेकेदार को 40 हजार दे दिये गये, जबकि बाकी बचे 6 हजार की राशि सुबह दिए जाने की बात तय हुई। बाद में किसी बात को लेकर बोरिंग चालक व टुनटुन के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पहुंचे पैंथर के जवानों ने विवाद का निबटारा करते हुए दोनों को अपने-अपने घर भेज दिया, मगर अहले सुबह टुनटुन पांडेय की संदेहास्पद मौत हो जाती है।



फिलहाल पुलिस मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई के लिए आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुटकर जांच तेज कर दी। इधर शव को पोस्टमार्टम के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एंबुलेस में रखे शव के साथ तिलैया थाना के समक्ष घण्टों सड़क जाम कर दिया। बाद में थाना प्रभारी विनय कुमार ने घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के आश्वासन के बाद स्वेच्छा से सांकेतिक जाम हटा दिया गया, लेकिन फिर कुछ देर बाद जाम लगा दिया गया। समाचार लिखे जाने तक एक को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। वहीं बोरिंग गाड़ी को भी बरामद कर लिया गया।

इधर मृतक के बड़े भाई रणजीत पांडेय ने तिलैया थाना में आवेदन देकर जय मां गंगा बोरवेल के मालिक प्रकाश राय पर अपने भाई इंद्रजीत उर्फ टुनटुन पांडेय की हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## रक्तदाता दिवस पर राम बर्णवाल को मिला सम्मान

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर रांची में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में कोडरमा के रक्तवीर सेवा संघ के अध्यक्ष राम बर्णवाल को उनके निरंतर योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम झारखंड राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें पूरे राज्य से प्रेरक रक्तदाताओं को आमंत्रित कर उनकी सेवाओं की सराहना की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे अतिरिक्तपरियोजना निदेशक एस.एस. पासवान ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान न केवल समाज सेवा है, बल्कि यह मानवता की सच्ची मिसाल भी है। उन्होंने नियमित रक्तदाताओं को समाज का आदर्श बताया। वहीं श्री बर्णवाल को उनके लगातार सामाजिक योगदान और आपातकालीन स्थितियों में जरूरतमंदों तक रक्त पहुंचाने के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वर्षों से वे रक्तदान के प्रति जनजागरूकता फैला रहे हैं। सम्मान मिलने पर कोडरमा जिले के लोगों ने इस क्षेत्र के लिए गौरव का क्षण बताया। राम ने युवाओं से अपील की कि वे आगे आकर नियमित रक्तदान करें और मानवता की सेवा में योगदान दें।




## एसडीपीओ का वाहन क्षतिग्रस्त, बाल-बाल बचे एसडीपीओ

**कोडरमा।** एसडीपीओ अनिल कुमार निजी वाहन से बिहार की ओर जा रहे थे। इसी दौरान एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें गाड़ी का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं एसडीपीओ ने बताया कि ट्रक ने मेधातरी के पास पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, हम सभी सुरक्षित हैं।

## बिजली चोरी के खिलाफ चली छापेमारी

**मरकच्चो (कोडरमा)।** बिजली चोरी के खिलाफ बिजली विभाग की ओर से मंगलवार को प्रखंड के मरकच्चो मध्य पंचायत में छापेमारी की गयी। इस दौरान बिजली चोरी के आरोप में सात लोगों को पकड़ा गया। इनके खिलाफ मरकच्चो थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। इनमें मरकच्चो ब्राह्मण टोला के ललन पांडे, निरंजन पांडे, बिनोद पांडेय, रामचन्द्र पांडेय, वहीं मरकच्चो बाजार के शाहगंज निवासी मंसूर आलम, सोहराब आलम तथा अजीत कुमार के नाम शामिल हैं। इन लोगों पर 8000 हजार का जुर्माना भी लगाया है। छापेमारी दल में एई प्रशांत कुमार सिंह, बिजली कर्मी पोखन कुम्हार व अन्य शामिल थे।

## आयुष्मान कार्ड के लिए मंझगांवा में 240 आवेदन हुए प्राप्त

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत भवन में बुधवार को आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मुखिया सरिता देवी की अध्यक्षता में किया गया एवं संचालन पंचायत सचिव दिगंबर पांडेय ने किया। जहां आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए 45 आवेदन प्राप्त हुए। राशन कार्ड में सुधार एवं नाम जोड़ने के लिए 41 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं स्वास्थ्य विभाग द्वारा सिकल सेल एनीमिया टेस्ट 154 लोगों का किया गया। मौके पर स्वास्थ्य सहिया सेविका, पीएलभी सुरेश प्रसाद राणा, प्रखंड से कंप्यूटर ऑपरेटर अभिनंदन कुमार एवं सेक्टर ग्रामीण उपस्थित थे।



## खबर एक नजर में



### भाजपाइयों ने किया पंचायत स्तरीय सशक्ति केंद्र चौपाल कार्यक्रम का आयोजन

**कुंदा (चतरा)।** कुंदा प्रखंड मुख्यालय के नवादा पंचायत के डाडू गांव में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सेवा सुशासन गरीब कल्याण 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न उपलब्धियों को बताया गया। जिसमें भारतीय जनता पार्टी मंडल महामंत्री मनोज कुमार यादव, जितेन्द्र कुमार सौन्डीक, जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष जितेन्द्र यादव, लवकुश गुप्ता, भगवत यादव, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बसंत यादव एवं सैकड़ों महिला- पुरुष उपस्थित हुए और विकसित भारत 2047 के लिए संकल्प लिया।

### थाना परिसर में मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित

**हंटरगंज (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार चतरा के सचिव के निर्देशानुसार बुधवार को वशिष्ठ नगर थाना परिसर में नि:शुल्क कानूनी मध्यस्थता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना क्षेत्र के करैलीवार पंचायत एवं करैलीवार के बंधुडीह गांव, दन्तार पंचायत के लेढों गांव एवं अन्य गांव से मारपीट, घरेलू विवाद, जमीनी विवाद, पारिवारिक विवाद, घोरान घोरने को लेकर विवाद समेत एवं अन्य मामलों को मध्यस्थता कर निष्पादन किया गया। इस दौरान बेटी बचाओ एवं बेटी पढ़ाओ नारी की उड़ान अभियान के तहत विधि जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें उपस्थित लोगों को महिलाओं के अधिकार के बारे में एवं शिक्षित आत्मनिर्भर होने के लिए समाज के प्रत्येक क्षेत्र में भागीदारी निभाने को कहा गया। इस दौरान वशिष्ठ नगर जोरी थाना के एएसआई रामपति कुमार, एसआई प्रमोद प्रसाद एवं जिला विधिक के पीएलवी संदीप कुमार गुप्ता के द्वारा मध्यस्थता कर कई मामले को सुलह किया गया।

### आयुष्मान कार्ड को लेकर लेंजवा पंचायत में लगा विशेष शिविर

**हंटरगंज (चतरा)।** प्रखंड के लेंजवा पंचायत सचिवालय में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आये लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। सीओ अरूण कुमार मुंडा ने कहा कि शिविर के माध्यम से जरूरतमंदों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है, ताकि कार्ड के माध्यम से योग्य लोग अपना इलाज नि:शुल्क करा सकें। आयुष्मान कार्ड की पात्रता रखनेवाले लोग आवश्यक दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, राशन कार्ड व मोबाइल नंबर के साथ निर्धारित तिथि को अपने पंचायतों में लगने वाले शिविर में पहुंचकर अपना आयुष्मान कार्ड बना सकते हैं। इस शिविर में 110 लोगों का नया आयुष्मान कार्ड बनाया गया। इसके अलावा 52 स्किल सेल एनीमिया और 4 बैंक ऑफ इंडिया का खाता खोला गया। मौके पर प्रखण्ड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अर्जुन प्रसाद, हंटरगंज सीएचसी चिकित्सा पदाधिकारी वेद प्रकाश, लेंजवा पंचायत मुखिया योगेंद्र यादव, पंचायत सचिव प्राण कुमार, इसके अलावा प्रखण्ड के कई कर्मचारी, सीएचसी के कई कर्मचारी, दर्जनों सहायिका, सेविका के अलावा सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

### पहली बरसात में ही धराशाही हुई निर्माणधीन नाली

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिला के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत जबड़ा पंचायत के जबड़ा गांव में बनवायी जा रही नाले की दीवार पहली बरसात में ही धराशाही हो गयी। ग्रामीण इस नाले में गुणवत्ता को लेकर पहले भी कई बार विरोध जता चुके हैं, लेकिन किसी ने भी सुध नहीं ली। ग्रामीणों ने उपायुक्त से मामले की जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि चौठी यादव के घर से सोमर यादव के घर तक लगभग 60 फीट दूरी तक 15वें वित आयोग से 1 वर्ष पूर्व से नाली का कार्य करवाया जा रहा था। बताया कि नाली के गड्ढे से कभी भी कोई दुर्घटना हो सकती है। वहीं रात्रि में वाहनों को सम्भल कर यहां से गुजरना पड़ रहा है। लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। वाहनों के उस गड्ढे में दुर्घटनाग्रस्त होने की हमेशा भय बना रहता है। नाली का गड्ढे रहने पर कई लोगों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से नाली के गड्ढे को ठीक कराने का निवेदन किया है। इधर ग्रामीण कारू यादव ने डीडीसी से लिखित शिकायत करने की बात कही है। इधर इस संबंध में पूछे जानें पर जबड़ा पंचायत मुखिया रंजनी देवी ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर मैं अपने निजी खर्च से संवेदक कारू यादव के द्वारा काम करवा रही थी। संवेदक कारू यादव की देखरेख में काम किया जा रहा था। अब ऐसे में सवाल उठता है कि मुखिया निजी खर्च से कार्य करवा रही थी, तो निगरानी इसकी क्यों नहीं की? दूसरा बडा सवाल यदि कोई इस नाली के गड्ढे से हादसे का शिकार होता है तो जिम्मेदार कौन होगा? बताते चलें कि नाली के सामने ही कई घर हैं, जिससे बच्चों को इस नाली में गिरने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि इस पूरे मामले में अधिकारियों का कहना है कि 15वें वित्त से नाली बनाने का मामला सामने आया है लेकिन इस योजना में राशि आवंटन नहीं होने के कारण राशि की निकासी नहीं हो पायी है।

### मूसलाधार बारिश बनी आफत, घर में 3 फीट घुसा पानी

**हंटरगंज (चतरा)।** चतरा जिले के हंटरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के वशिष्ठ नगर जोरी थाना क्षेत्र अंतर्गत करमा गांव में एक ओर मूसलाधार बारिश से किसानों के चेहरे पर हर्ष है और लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है वहीं दूसरी ओर दो गरीब परिवार के लिए यह मूसलाधार बारिश के पानी ने घर में आफत ला दी है। करमा गांव के अनिल भारती और सुधीर भारती के घर में तीन फीट पानी घुस गया था। जिससे अनिल सपरिवार 5 सदस्य वहीं सुधीर 4 सदस्य अपने पड़ोसी के घर में शरण ली है। इधर ग्रामीणों ने इसकी सूचना जनप्रतिनिधियों को दी और मदद मांगी। ऐसे में करमा पंचायत समिति सदस्य सतेंद्र दास ने डीजल पम्प की मदद से जल निकासी की व्यवस्था शुरू की। डीजल पम्प से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद पानी निकला। दरअसल सड़क बनने के बाद घर के समीप एक नाले में कचड़ा भर गया है, जहां से जल निकासी होती थी। इसलिए जल निकासी का रास्ता बंद हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत कई बार जनप्रतिनिधियों से की गई। मामला उनके संज्ञान में होने के बाद भी अब तक नाला साफ करने का कोई उपाय नहीं हो सका।

### पलाश आजीविका दीदी कैफे का हुआ उद्घाटन



**चतरा।** सदर अस्पताल चतरा में इलाज कराने आए मरीजों और उनके परिजनों व अस्पताल के चिकित्सकों कर्मियों को सुगमता पूर्वक उचित मूल्य में भोजन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी अंतर्गत पलाश आजीविका दीदी कैफे का उद्घाटन किया गया। उक्त कार्यकम में चतरा लोकसभा क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह, उपायुक्त कीर्तिश्री, विधायक सिमरिया कुमार उज्वल दास, जिप अध्यक्षा ममता कुमारी, डीडीसी अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीदी कैफे का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया। दीदी कैफे का संचालन उपायुक्त के निदेर्शानुसा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी के तत्वधान में डाढा आजीविका महिला संकुल संगठन द्वारा किया जाएगा। दीदी कैफे उद्घाटन के पश्चात सदर अस्पताल चतरा परिसर में बन रहे 50 बेड का क्रिटिकल केयर ब्लॉक नव निमार्णाधीन भवन के ग्राउंड फ्लोर, फर्स्ट फ्लोर, सेकंड फ्लोर समेत अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण कार्य के गुणवत्ता पे खाश ख्याल रखने की बात कही इसके अलावे उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। मौके पर एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, सिविल सर्जन दिनेश कुमार, अस्पताल उपाधीक्षक मनीष लाल, डीपीएम जेएसएलपीएस गौरव जयसवाल समेत अन्य पदाधिकारी कर्मी उपस्थित थे।

# रावण वध, राजतिलक एवं भव्य भंडारे के साथ रामलीला संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत मरचोई स्थित मनोकामना सिद्ध पीठ मंदिर में चल रहे 10 दिवसीय रामलीला श्रीराम के राजतिलक के साथ-साथ भव्य भंडारे के साथ सम्पन्न हो गई। रामलीला के अंतिम दिन भक्तों का खासी भीड़ उमड़ी रही। वहीं मरचोई गांव में दस दिनों से चल रहे अंतिम दिन रामलीला मंडल के कलाकारों ने शानदार प्रदर्शन किया। भगवान श्रीराम जैसे-जैसे रावण के शीश काटते थे, वैसे ही नए शीश निकल आते थे। इसी बीच रावण का भाई विभीषण श्रीराम के पास पहुंचा और कहा प्रभु इसकी नाभि में अमृत है। जब तक इसकी नाभि का अमृत नष्ट नहीं होगा, तब तक आप रावण को नहीं मार सकते। भगवान श्रीराम ने तुरंत रावण की नाभि में तीर मारा। तीर लगने से नाभि का अमृत सूख गया और भगवान श्रीराम ने रावण के दसों शीश बीसों भुजाओं को काट डाला और इस तरह रावण का अंत हुआ। इसके बाद भगवान श्रीराम को सीता माता मिलीं। लंका का राजा विभीषण को बनाकर श्रीराम ने अयोध्या की तरफ प्रस्थान किया। भगवान श्रीराम के अयोध्या पहुंचने पर राज तिलक किया गया। रावण का वध के बाद भरत ने अपने भाई श्रीराम का स्वागत किया, जिसके बाद श्रीराम के राजतिलक का शानदार मंचन किया गया। भव्य भंडारा में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं समापन के अवसर पर ग्रामीणों ने रामलीला कमेटी व कलाकारों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बालमुकुंद सिंह, पूर्व मुखिया सुनील सिंह, धीरज सिंह, रामविलास सिंह, प्रभाकर सिंह, अभय कुमार, राजेंद्र पाण्डेय, बालमुकुंद पाण्डेय, दामोदर सिंह, प्रदीप यादव, सुधीर सिंह को श्रीराम नाम का पट्टा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं रामलीला कमेटी समेत भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे। रामलीला मंडली की ओर से रामलीला के दसवें दिन की लीला का दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया।



इस दौरान लीला में मेघनाथ, लक्ष्मण संवाद, मेघानाथ द्वारा लक्ष्मण पर शक्तिवाण, सुसैन वैद्य द्वारा लक्ष्मण का उपचार, अंगद रावण संवाद आदि की प्रस्तुति सराहनीय रही।

मौके पर राहुल कुमार, बालमुकुंद पाण्डेय, मनोज सिंह, रामविलास डॉ, धीरज सिंह, रंजीत कुमार, सोनू कुमार, अजय कुमार, मोहन सिंह, पवन सिंह, राजाबाबू, ओमकार सिंह, सीरी सिंह, मुरारी सिंह, प्रभाकर सिंह, आनंदी सिंह, विनय सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, कुंदन सिंह, सोनू सिंह, मंटू सिंह और सोनी पाण्डेय आदि मौजूद रहे। वहीं भंडारे में पूर्व मुखिया प्रतिनिधि धीरज सिंह और उनकी टीम बबलू सिंह, सोनू सिंह, दिलीप सिंह, मुन्ना सिंह, संजय सिंह, सुबोध सिंह, छोटू भारद्वाज, रामकृपाल सिंह, रंजीत कुमार उर्फ छोटे बाबू, सुबोध सिंह आदि ने सहयोग किया।

# उपायुक्त ने जिले के वरीय अधिकारियों व प्रखंड स्तरीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

- **15 से 30 जून तक चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष विशेष अभियान की हुई प्रखंडवार समीक्षा**

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** उपायुक्त कृतिश्री ने अपने आवासीय कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला कल्याण पदाधिकारी शिशिर पंडित, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी रीना साहू एवं सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की।



बैठक में मुख्य रूप से 15 से 30 जून 2025 तक चल रहे धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष विशेष अभियान के तहत जिले भर के आदिम जनजाति टोलों में लगाए जा रहे शिविर में प्राप्त आवेदनों की प्रखंडवार समीक्षा की गई एवं कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

उक्त अभियान का प्रमुख उद्देश्य जनजातीय समाज में जागरूकता का विस्तार और सरकारी लाभों की सीधी पहुंच, विशेष रूप से दुर्बल जनजातीय समूहों को सशक्त करना है।

**19 जून को यहां लगेंगे कैंप** : 19 जून गुरुवार को चतरा प्रखंड के पाराडीह एवं आरा, गिद्धौर के पहरा, हंटरगंज के औरू एवं बलूरी, प्रतापपुर के डुमरवार एवं बरूरा, कुंदा के बौधाडीह, लावालौंग के कटिया, सिमरिया के सबानो एवं बन्हे, इटखोरी शहरजाम एवं धनखेरी, मयूरहंड के मयूरहंड एवं हुसिया, कान्हाचट्टी के कैण्डीनगर एवं बकचूमा, पत्थलगड्डा के नोनगांव, टंडवा प्रखंड के नावाडीह उर्फ तेलियाडीह एवं कबरा पंचायत सचिवालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मानसून ने समय पर दी दस्तक, भारी बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

## पहली बरसात में ही जलमग्न हुआ खेत, नदियां भी उफान पर


जलमग्न हुआ खेत।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पूर्वानुमान के अनुसार इस बार झारखंड में मानसून ने सही समय पर दस्तक दी है। मानसून के दस्तक देते ही चंदवा प्रखंड समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में विगत 3 दिनों से अच्छी बारिश देखने को मिली है। जिस कारण जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है ।बुधवार अहले सुबह से चंदवा में दिन भर मूसलाधार बारिश हुई जिस कारण मानसून की पहली बारिश में ही खेतों में पानी जमा हो गई है, साथ ही देवनद, धर्मवती नदी समेत कई छोटे नदी नाले उफान पर आ गए हैं। वही मानसून की अच्छी शुरूआत के बाद किसान भी पूरी मुस्तैदी के साथ कृषि कार्य में जुट गए हैं। किसान धान के बिचड़े होने के साथ-साथ मक्के की बुवाई की तैयारी में जुट गए हैं। कृषि कार्य शुरू होने के साथ ही बाजार में भी थोड़ी रौनक देखने को मिल रही है, कृषक भाई बीज खाद समेत कृषि उपकरण की खरीददारी को लेकर बाजार में देखे जा रहे हैं। इधर भरी बारिश के बाद चंदवा टाउन फीडर की बिजली दिन भर गुल रही। बारिश के बीच बिजली नहीं रहने से लोग परेशान रहे व विद्युत संचालित सारे उपचार एवं व्यवसाय ठप पड़ गया। खबर लिखे जाने तक बिजली विभाग के लोग बिजली से सुचारू करने के प्रयास में जुटे थे।

## मानसून की पहली बारिश के साथ लोध जलप्रपात (बूढ़ा घाघ जलप्रपात) में सैलानियों की भीड़ उमड़ी, प्रशासन ने जारी की सुरक्षा एडवाइजरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** झारखंड के महुआडांड़ प्रखंड में स्थित लोध जलप्रपात जिसे बूढ़ा घाघ जलप्रपात भी कहा जाता है 143 मीटर ऊंचे गिराव और तीन ओर से घने पहाड़ों की गोद में सजे मनोरम दृश्य के लिए मशहूर है। मानसून की पहली झमाझम बारिश होते ही यहां पर्यटकों का रेला उमड़ पड़ा है उत्साह का मौसमः अक्टूबर से फरवरी तक सबसे ज्यादा भीड़ रहती है, जब धूप नरम और हरियाली अपने चरम पर होती है। मुख्य आगंतुकः पश्चिम बंगाल, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा के अलावा झारखंड के अधिकांश जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। नेतरहाट घूमने वाले यात्रियों की यात्रा इसी जलप्रपात के बिना अधूरी मानी जाती है। सूर्यास्त जल्दी चारों ओर पहाड़ियों से घिरे होने के कारण शाम करीब 4 बजे के बाद सूर्य की किरणें जलप्रपात तक नहीं पहुँच पातीं, इसलिए दर्शक सुबह से दोपहर तक का समय चुनें।

### याद रखें

भारी बहाव में सेल्फी लेने के लिए चट्टानों पर खड़े न हों। धूप जल्दी ढलती है वापसी का समय 4 बजे से पहले तय करें। जीवन-रक्षक जैकेट उपलब्ध हैं, आवश्यकता पड़ने पर अवश्य पहनें। क्षेत्रीय वन एवं पर्यटन विभाग के नियमों का पालन करें- यात्रा यादगार भी रहेगी और सुरक्षित भी। कुदरत की इस अप्रतिम धरोहर को महसूस करने का सबसे बेहतर समय अब आ चुका है। मगर रोमांच के साथ-साथ जिम्मेदारी भी निभाएं तभी लोध बूढ़ाघाघ जलप्रपात की गूंजती जलधारा वर्षों तक यूं ही आपका स्वागत करती रहेगी।

**बरसात के दिनः रोमांच भी, जोखिम भी**

भारी बारिश के बाद बुढ़ा नदी का जलस्तर बढ़ते ही जलप्रपात का प्रवाह खतरा पैदा कर सकता है। प्रशासन ने सख़्त हिदायत जारी की है कि कोई भी पर्यटक गहरे पानी में न उतरे। जलप्रपात क्षेत्र में तैनात स्थानीय वन बिभाग के कमेटी किसी भी आपातस्थिति में तुरंत सहायता मुहैया कराती है,फिर भी लापरवाही हादसों को न्योता दे सकती है।

## मूसलाधार बारिश में ट्रक नदी में बहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**


नदी में गिरती हुई ट्रक।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में पिछले 24 घंटे से हो रही मूसलाधार बारिश की वजह से बुधवार को तेतरियाखांड कोलियरी में एक ट्रक नदी में जा गिरा। लगातार हो रही बारिश की वजह से तेतरियाखांड़ नदी में बाढ़ आ गई जिससे मिट्टी कटाव होने की वजह से ट्रक संख्या जेएच 19बी 4092 नदी में जा गिरा। उक्त ट्रक प्रमोद यादव ग्राम पिंडारकोम का बताया जाता है। ट्रक मालिक ने बताया उसका ट्रक पार्किंग में खड़ा था नदी में एकाएक पानी आ गया जिसकी वजह से मिट्टी कटाव हो गया और ट्रक नदी में जा गिरा। हालांकि क्रेन की मदद से ट्रक को नदी से बाहर निकालने का प्रयास जारी है। वही हो रही मूसलाधार इस बारिश की वजह से बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय समेत आसपास के ग्रामीण इलाकों में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया लोग घरों में दुबके नजर आए। भारी बारिश की वजह से हहारो, दामोदर कई नदियों में लबालब पानी भर गया। वही बारिश होने की वजह से तापमान में गिरावट आई है जिससे लोगो को उमस भरी गर्मी से राहत मिला है।


पानी में डुबती हुई कार।

## तीन दिनों से मूसलाधार बारिश से जन जीवन अस्त व्यस्त

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र मे लगातार तीन दिनों से मूसलाधार बारिश के कारण जन जीवन अस्त व्यस्त है। सोमवार से क्षेत्र मे मूसलाधार बारिश हो रही है जिससे लोगों को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। लोग घर मे ही दुबक कर समय बिता रहे हैं। बारिश इतनी तेज है की खेत खलिहान और तालाब मे पानी ही पानी नजर आ रहा है। कई तालाब पानी से लबालब भर गए हैं और बारिश रुकने का नाम नहीं लें रही है। टोटी, बरछिया नदी व अमानत नदी उफान पर है जल श्रोत काफी बढ़ा हुआ है। गांव मुहल्ले मे जहाँ पानी निकलने का प्रयुक्त व्यवस्था नहीं है वहाँ पानी की जमाव हो रहा है। बारियातू प्रखंड मुख्यालय सहित गोनिया, बरछिया, साल्वे, फूलसु, डाढ़ा, बालूभाँग, अमरवाडीह, टोटी सिबला, सहित सभी पंचायत के लोग बारिश से प्रभावित हैं। बुधवार को टोटी हेसला मे लगने वाली साप्ताहिक बाजार बारिश से पूरी तरह प्रभावित रहा। कई सड़को मे पानी जमाव से यातायात करने वाले को काफी परेशानी हो रही है।


खेतों और तलाबों में लबालब पानी भरा हुआ।

## बीएलओ व पर्यवेक्षकों को जियो फेंसिंग व नजरी नक्शा का प्रशिक्षण



**बारियातू।** प्रखंड सभागार में बुधवार को बीएलओ एवं पर्यवेक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। बीडीओ अमित कुमार पासवान ने नजरी नक्शा, की-मैप और जियो फेंसिंग की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। मास्टर ट्रेनर कृष्णा कुमार, आलोक दुबे, राजू कुमार व अरविंद कुमार ने मतदान केंद्रों की भौगोलिक स्थिति, बूथ मैपिंग, मोबाइल ऐप से डाटा संग्रहण जैसे तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और कई सवाल पूछे। अंत में बीडीओ ने सभी को प्रशिक्षण से मिली जानकारी को क्षेत्र में ईमानदारी से लागू करने की अपील की।

## 19 जून को प्रखंड कार्यालय में आम की लगेगी प्रदर्शनी

**बारियातू।** बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार में एक दिवसीय आम उत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन 19 जून (गुरूवार) किया गया है। जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आम बागवानी से जुड़े लाभुकों को एक साझा मंच उपलब्ध कराना है ताकि वे अपने बागवानी उत्पादों विशेषकर आम की विभिन्न किस्मों को प्रदर्शित कर सकें। इस आयोजन में प्रखंड के सभी पंचायतों से जुड़े आम बागवानी लाभुकों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है। यह मेला किसानों एवं लाभुकों के लिए आपसी संवाद नवाचारों के आदान-प्रदान और अनुभव साझा करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि मेला में आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी, तकनीकी मार्गदर्शन, बागवानी से जुड़ी उपयोगी जानकारी और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लाभुकों को सम्मानित करने जैसी गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। बीडीओ पासवान ने सभी पंचायतों के आम बागवानी लाभुकों से अपील की है कि वे अपने-अपने बागानों के ताजे फलों के साथ इस प्रदर्शनी सह मेला में समय पर पहुंचें और सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि आधारित आजीविका को बढ़ावा देने के साथ-साथ किसानों के मनोबल को भी ऊंचा करता है।

# जेजेएमपी का सब-जोनल कमांडर ने किया आत्मसमर्पण

➲ पुलिस और सीआरपीएफ के वरीय अधिकारी रहे मौजूद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सब-जोनल कमांडर को बुके देकर सम्मानित करते अधिकारी।

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के तहत पुलिस उप-महानिरीक्षक पलामू नौशाद आलम, पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव, समादेष्टा सीआरपीएफ 11 बटालियन लातेहार याद राम बुनकर एवं कमांडेंट 32वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल लातेहार राजेश सिंह के समक्ष दिन बुधवार को जेजेएमपी नक्सली संगठन के सब-जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह ने आत्मसमर्पण किया। बता दें की पुलिस अधीक्षक लातेहार कुमार गौरव के नेतृत्व में माओवादियों एवं नक्सलियों के विरुद्ध किए गए लगातार कार्रवाई और जेजेएमपी सुप्रीमो पप्पू लोहरा समेत अन्यों को मुठभेड़ में ढेर करने के बाद से माओवादी एवं नक्सली संगठन का कमर टूट चुका है। जिसके परिणाम स्वरूप हेरहंज में पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ के खलनायक एवं बोकाखाड़ जंगल में मुठभेड़ के दौरान पुलिस पर लगातार गोलीबारी करने और जिला अंतर्गत कई क्षेत्रों में गोलीबारी एवं आगजनी की घटना को अंजाम देने वाले जेजएमपी उग्रवादी संगठन के सब-जोनल कमांडर बैजनाथ सिंह, उम्र करीब 32 वर्ष, पिता अंतु सिंह उर्फ अनंत सिंह, ग्राम सैलदाग, थाना मनिका, जिला लातेहार निवासी ने आज आत्मसमर्पण कर दिया। इस दौरान नक्सली बैजनाथ सिंह के पत्नी और परिजन मौजूद थे। वहीं नक्सली बैजनाथ सिंह पर छिपादोहर थाना, बरवाडीह थाना, हेरहंज थाना, मनिका थाना और लातेहार थाना में 17 सीएलए, आर्म्स एक्ट, समेत विभिन्न मामला दर्ज है। जिला में आम लोगो में दहस्त फैलाना गोली-बारी, तेन्दू पता के काम करने वाले ठेकेदारों को डरा धमका कर मोटी रकम का वसूली करना मुख्य कार्य था। एसपी कुमार गौरव ने बताया कि प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी सब जोनल कमाण्डर बैजनाथ सिंह एरिया कमाण्डर बनने के बाद AK-47 हथियार साथ में रखता था। उग्रवादी संगठन में चार वर्ष तक मनोहर परहिया के दस्ता में काम करने के बाद मनोहर परहिया को वर्ष 2024 फरवरी माह में जोनल कमाण्डर मनोहर परहिया का लातेहार पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण करने के पश्चात दस्ता के कमान अखिलेश यादव को मिला।

जिसके बाद पिछले कई महिनो से अखिलेश यादव के नेतृत्व में भ्रमणशील रहकर जेजेएमपी उग्रवादी संगठन के सुप्रिमो पप्पु लोहरा एवं अखिलेश यादव के ईशारे पर छिपादोहर, बरवाडीह, हेरहंज, लातेहार, मनिका, एवं लातेहार जिला के सभी थाना क्षेत्रों में आम लोगो में दहस्त फैलाने के लिए गोली-बारी, आगजनी कर लोगों के मन में भय पैदा कर विकास निर्माण का कार्य एवं तेन्दू पता के काम करने वाले ठेकेदारों को डरा धमका कर मोटी रकम का वसूली करना मुख्य कार्य था एवं कई अपराधिक घटनाओ में शामील रहे है।

## आयुष स्वास्थ्य शिविर, मरीजों को मिला लाभ


आयुष स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक

**बरवाडीह।** प्रखण्ड मुख्यालय के आदर्श नगर में बुधवार को जिला आयुष कार्यालय के तत्वावधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत आयोजित इस शिविर में अस्थि रोग, जोड़ व मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं सहित महिलाओं व किशोरियों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श और दवाएं दी गईं। शिविर में सैकड़ों मरीजों ने पहुंचकर जांच करवाई और विभिन्न बीमारियों के लिए मुफ्त औषधियां प्राप्त कीं। शिविर का संचालन डॉ. शुभांकुर कुमारी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर डॉ. शशि शालिनी कुमारी, डॉ.अंबे कुमारी, डॉ. चंदन कुमार गुप्ता, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. भरत कुमार दुबे, सहिया लालमुनी देवी, गीता देवी, फागुनी देवी, संगीता देवी और विमला देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे। शिविर में आई महिलाओं और किशोरियों को मासिक धर्म स्वच्छता, पोषण और आत्म-देखभाल के प्रति जागरूक किया गया तथा आवश्यक दवाओं तथा स्वास्थ्य किट वितरित किए गए। आयुष पद्धति से इलाज को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने शिविर को लाभकारी बताते हुए इसकी सराहना की और नियमित अंतराल पर ऐसे शिविर की मांग भी रखी। आयुष चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शुभांकुर कुमारी ने कहा कि आयुष चिकित्सा पद्धति गांवों तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाने का सशक्त माध्यम बन रही है। हमारा लक्ष्य है कि हर अंतिम व्यक्ति तक इलाज की सुविधा पहुंचे। उन्होंने बताया कि यह अभियान जिले के सभी प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है, ताकि सुदूर ग्रामीण इलाकों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच सकें।

## मनिका प्रखंड के दुंदु पंचायत में आम बागवानी महोत्सव का किया गया आयोजन



**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत दुंदु पंचायत में दिन बुधवार को आम महोत्सव सह बागवानी मेला का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी संदीप कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार व मुखिया चांदनी देवी ने संयुक्त रूप से किया। साथ ही आम बागवानी महोत्सव कार्यक्रम के दौरान बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम फल प्रदर्शित करने के लिए पंचायत के विभिन्न गांवों के सभी लाभुक अपने-अपने लगाए गए आम बागवानी से आम लेकर कार्यक्रम में पहुंचे हुए थे। मौके पर बीडीओ संदीप कुमार ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है और इस योजना से लाभान्वित होकर लाभुक आत्मनिर्भर व स्वावलंबी हो रहे हैं। वहीं प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार ने कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत लगाए गए आम बागवानी से पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ लोगों के लिए स्वरोजगार व आजीविका का एक अच्छा साधन बन गया है। मौके पर कई लाभुकों ने बताया कि वह आम बेचकर प्रतिवर्ष लाखों रुपये का कमाई कर लेते हैं। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों ने इस महत्वाकांक्षी योजना की पूरी जानकारी प्राप्त कर बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत आम बागवानी योजना का लाभ लेने के लिए अपना इच्छा जताया। साथ ही मनरेगा पदाधिकारी ने ग्रामीणों को उक्त योजना का लाभ देने की स्वीकृति देने की बात कही। मौके पर पंचायत सेवक आत्मा सिंह, रोजगार सेवक मनोज कुमार,सीएफटी टीम, ग्राम प्रधान,जेएसएलपीएस बीपीएम, दीदी सखी मंडल,समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## बलिदान दिवस पर नारायण आइटीआई में रानी लक्ष्मीबाई को दी गयी श्रद्धांजलि



**जमशेदपुर।** बुधवार को नारायण आईटीआई लुपुंगडीह चांडिल में रानी लक्ष्मी बाई की पुण्यतिथि मनाई गई एवं उनके तस्वीर पर संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे एवं संस्थान के सभी शिक्षक गण श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। संस्थान के संस्थापक डॉ जटाशंकर पांडे ने कहा कि रानी लक्ष्मीबाई (जन्मः 19 नवंबर 1828 : मृत्युः 18 जून 1858) मराठा शासित झांसी राज्य की रानी और 1857 की राज्यक्रान्ति की द्वितीय शहीद वीरांगना थीं। उन्होंने सिर्फ 29 वर्ष की उम्र में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुईं। बताया जाता है कि सिर पर तलवार के वार से शहीद हुई थी लक्ष्मीबाई। झांसी 1857 के संग्राम का एक प्रमुख केन्द्र बन गया जहाँ हिंसा भड़क उठी। रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी की सुरक्षा को सुदृढ़ करना शुरू कर दिया और एक स्वयंसेवक सेना का गठन प्रारम्भ किया। इस सेना में महिलाओं की भर्ती की गयी और उन्हें युद्ध का प्रशिक्षण दिया गया। साधारण जनता ने भी इस संग्राम में सहयोग दिया। डॉ जटाशंकर पांडेय ने कहा कि झलकारी बाई जो लक्ष्मीबाई की हमशक्ल थी को उसने अपनी सेना में प्रमुख स्थान दिया। 1857 के सितम्बर तथा अक्टूबर के महीनों में पड़ोसी राज्य ओरछा तथा दतिया के राजाओं ने झांसी पर आक्रमण कर दिया।

## मृत ठेकाकर्मी के परिवार को 10 लाख मुआवजा और हर माह ₹3500 पेंशन

**टाटा स्टील**

- दलालों के दबाव में नहीं आये धर्मेंद्र सोनकर
- तब परिवार को मिला ऐतिहासिक मुआवजा



**जमशेदपुर।** अगर कोई नेता इमानदारी के साथ आंदोलन में खड़ा रहे तो उसके ऐतिहासिक परिणाम आते हैं। ऐसा ही हुआ है टाटा स्टील के कोल वैगन सेक्शन में गत 16 जून को हुई दुर्घटना में जान गंवाने वाले ठेकाकर्मी प्वाइंट मैन सुनील कुमार सिंह के मामले में। मुआवजे की लड़ाई के लिए परिवार ने कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष धर्मेंद्र सोनकर की मदद ली। ठेका कंपनी राइट इंडिया औने-पौने मुआवजा देकर मामले को सलटाना चाहती थी और टाटा स्टील के अधिकारी भी हर दांव-पेंच लगाने में जुटे थे। धर्मेंद्र सोनकर पर कंपनी के अधिकारियों ने कंपनी में ठेकेदारी करने वाले कांग्रेस नेताओं से लेकर झामुमो नेताओं तक से पैरवी करवायी किन्तु धर्मेन्द्र ने किसी की न सुनी। उनकी कहना था कि मृतक मात्र 32 साल का था और उसकी युवा पत्नी और छोटे बच्चे हैं उनका पहाड़ जैसा जीवन कैसे कटेगा? मैं उचित मुआवजा के बाद ही आंदोलन को वापस लूंगा।

ज्ञात हो कि सुनील सिंह टी एंड एम सर्विसेज कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड, मुंबई द्वारा टाटा स्टील के वेंडर मेसर्स राइट्स लिमिटेड के लिए नियुक्त हुए थे और मृतक की वर्तमान नियुक्ति टाटा स्टील, जमशेदपुर में ही थी। चूंकि मृतक टाटा स्टील के वेंडर का कर्मचारी था, इसलिए मृतक के परिवार की तरफ से प्रबंधन के साथ शुरुआती वार्ता में अधिकारियों का रवैया बहुत सकारात्मक नहीं था और मुआवजे पर ठोस सहमति नहीं बन पा रहीं थी। टाटा स्टील, मृतक के आश्रित को अगले 26 सालों तक महीने में मिलनेवाली पेंशन के अलावा कुछ भी अतिरिक्त देने को तैयार नहीं थी।

## कांग्रेस का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम संपन्न



**चंदवा।** स्थानीय पथ निर्माण विभाग के विश्रामागार परिसर में कांग्रेस पार्टी का संगठन सृजन मंथन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष असगर खान ने की। कार्यक्रम में पहुंचे लातेहार जिला के सह प्रभारी अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के पुराने कार्यकर्ताओं की पीड़ा लाजमी है। हमें एकजुटता के साथ उसे दूर करने की कोशिश करनी होगी। पुराने कार्यकर्ता मार्गदर्शक बनकर हमारा सुझाव करें। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन सृजन संविधान की रक्षा एवं स्थानीय स्तर पर जन समस्याओं को दूर करना है। उन्होंने कहा कि पार्टी की मजबूती के लिए युवाओं को जोड़कर संगठन मजबूत करें। अपना सामाजिक दायरा बढ़ाए। किसी के जीवन मृत्यु एवं सामाजिक कार्यक्रम में आप हमेशा खड़े रहकर जरूरतमंदों को मदद दिलावे। इससे पूर्व वरिष्ठ कांग्रेसी रामजश पाठक ने कहा कि हमारे पास चार मंत्री हैं। कोई काम बगैर मुख्यमंत्री के नहीं हो रहा है। कांग्रेस कार्यकर्ता सिर्फ सर गिनाने के लिए खड़े हैं। लातेहार जिला की स्थिति और खराब है। यहां जिला अध्यक्ष भी प्रभारी हैं। कांग्रेस के नेता तो है पर कांग्रेस के लिए काम करने वाले कार्यकर्ता नहीं है। तमाम लोगों से आह्वान किया कि कांग्रेस का शासन लाइए जिला में भी कांग्रेस को अव्वल कीजिए। जिला अध्यक्ष गुर्जर उरांव ने कहा कि आज कई लोगों को पार्टी की बागडोर दी जा रही है। कई लोगों को पद सौपा जा रहा है। तमाम लोगों को एकजुट होकर पार्टी हित में काम करने का आह्वान किया। सभी लोगों को इससे संबंधित प्रमाण पत्र देकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कमेटी में उपाध्यक्ष इसरोज राय, गिडियोन खाखा के अलावे महासचिव बालजी उरांव, नौशाद खान, अरुण भारती, मनोज पासवान, कैलाश बैठा, मंजू देवी, मोहम्मद शीश आलम, करनालुस एक्का, मुस्ताक अहमद बनाए गए।

# नहीं बन रहा जाति प्रमाण पत्र, बच्चों की पढ़ाई पर मंडरा रहा संकट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** लातेहार जिले अंतर्गत बरवाडीह प्रखंड के केड़ पंचायत में निवास करने वाले लोहरा समाज के लोग आज भी अपने अधिकारों से वंचित हैं। आदिवासी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले इन परिवारों को आज तक सरकारी व्यवस्था ने पूरी तरह स्वीकार नहीं किया है। जाति प्रमाण पत्र नहीं बनने की वजह से न सिर्फ बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है, बल्कि सरकारी योजनाओं का लाभ भी इन लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा है। केड़ लगभग 25 से 30 घरों में लोहरा जाति के लोग रहते हैं। इनका दावा है कि वे परंपरागत रूप से आदिवासी समाज से संबंध रखते हैं, लेकिन अंचल कार्यालय में उनका खतियान मान्य नहीं हो रहा है। खतियान में घटलोहार दर्ज होने के कारण स्थानीय प्रशासन इन्हें लोहार मान रहा है और उनका जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने से इनकार कर रहा है।

**प्रखण्ड सह अंचल कार्यालय, बरवाडीह**



**प्रशासन गंभीरता से ले तो दूर हो सकती है परेशानी**

समाजसेवियों और जानकारों का मानना है कि यदि प्रशासन पूर्वजों के खतियान की समीक्षा कर सही तथ्यों की पुष्टि करे तो इस समाज को उनका संवैधानिक अधिकार मिल सकता है। इसके बाद न सिर्फ बच्चों की शिक्षा का रास्ता साफ होगा, बल्कि यह समुदाय भी मुख्यधारा से जुड़ सकेगा। अब देखना यह होगा कि बरवाडीह प्रखंड प्रशासन इन आवाजों को कब तक अनसुना करता है, या फिर कोई ठोस पहल कर इन्हें उनका अधिकार दिलाता है।

**हम आदिवासी हैं, लेकिन हमें अधिकार नहीं**

सुभाष लोहरा, भोला लोहरा, हीरानंद लोहरा, सुनील लोहरा और अशोक लोहरा जैसे कई ग्रामीणों ने बताया कि बच्चों के दाखिले, छात्रवृत्ति और अन्य सरकारी कार्यों में जाति प्रमाण पत्र की अनिवार्यता होती है। लेकिन प्रमाण पत्र नहीं बनने से वे हर जगह निराशा का सामना कर रहे हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि लातेहार जिले के मनिका, महुआडांड़ और गारू जैसे कई प्रखंडों में लोहरा जाति को आदिवासी माना गया है और वहां इनका प्रमाण पत्र निर्गत भी किया जा चुका है। परंतु बरवाडीह में आज भी प्रशासन की लापरवाही से यह समाज दर-दर की ठोकरें खा रहा है।

## स्पीड न्यूज

### चैनपुर : 30 हजार सीएफटी बालू जब्त



**चैनपुर (पलामू)।** एनजीटी की रोक के बावजूद चैनपुर और आसपास के क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू का परिचालन जारी है। बुधवार को जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार के निर्देश पर जिला खनन निरीक्षक शुभम कुमार ने चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गांवा पंचायत में तीन जगह छापेमारी कर अवैध भंडारण किये गये 30 हजार सीएफटी बालू जब्त किया है। हालांकि अवैध भंडारण करने वाले की जानकारी नहीं मिली। गुप्त सूचना मिली थी कि भड़गांवा पंचायत के चट्टीपार, पिंडरा, कुरका में बालू तीन जगहों पर भंडारण पाया। बालू की मापी करायी गयी। मापी के बाद बालू का कुल 30 हजार सीएफटी स्टॉक पाया गया।

### 15वें वित्त की राशि से छठ घाट का शिलान्यास



**हुसैनाबाद पलामू।** प्रखंड की महुआरी मुखिया सरिता कुमारी ने ग्राम झारहा में 15वें वित्त की राशि से छठ घाट की शिलान्यास की बुधवार को विधिवत पूजा पाठ कर शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह छठ घाट से स्थानीय ग्रामीण व अन्य लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने निर्माण करा रहे लोगों से कहा कि गुणवत्ता पर ध्यान दीजिए यह आपकी गांव की संपति हैं । मौके पर पैक्स अध्यक्ष विमलेश पासवान, सुधीर सिंह, रामप्रवेश सिंह, फोटो यादव, भूलन प्रसाद, अंबिका सिंह, जय राम, विजेंद्र सिंह, प्रमोद सिंह, दशरथ सिंह, नागेंद्र सिंह, संतोष यादव, बलिराम बैठा, शिवनाथ राम, ललन रजवार भी उपस्थित थे।

### बिश्रामपुर के रिशु ने झारखंड जूनियर वुशू प्रतियोगिता में जीता रजत पदक



**विश्रामपुर (पलामू)।** रिशु सिंह ने झारखंड राज्य जूनियर वुशू प्रतियोगिता में रजत पदक जीत क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गौरतलब है कि 2 वीं झारखंड राज्य जूनियर वुशू प्रतियोगिता सिल्ली में हुई थी। इसमें पलामू से दो खिलाड़ी शशि भूषण व रिशु सिंह चुने गये थे। जहां बेहतर प्रदर्शन कर रिशु ने जमशेदपुर व रांची जिला के कई खिलाड़ियों को मात देते हुए रजत पदक अपने नाम किया। उसे बधाई देने वालों में पलामू जिला वुशू संघ के अध्यक्ष रमेश प्रसाद, सचिव सुमित वर्मन, संजय त्रिपाठी, अविनाश देव, सोनू नामधारी, रविंद्र सिंह शामिल है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान छः मुहान पर चार पहिया एवं दोपहिया समेत टेंपो की जांच की गयी। जांच में दोपहिया वाहन के कुछ चालक, बगैर हेलमेट तथा बगैर लाइसेंस के थे तथा कुछ ट्रिपल लोड थे, जिसमें से 08 दुपहिया तथा 06 ई रिक्शा पकड़े गये। जिला परिवहन कार्यालय पलामू से 12 बाइकों से 13,150 रुपये आया है।

### सुआ के व्यक्ति के खाते से उड़ाये 5200




**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के ग्राम सुआ में साईबर ठगों ने 13 जून को सुआ के तेलियाबांध टोला निवासी अनिल मेहता पिता विजय मेहता को मोबाईल नंबर 6386134235 से फर्जी कॉल कर समूह के नाम पर 5200 रुपये उसके खाते से अवैध निकासी कर ली। ठगों ने अनिल को झांसे में लेकर फोन पे नंबर 63949-32910 पर पैसे मंगा लिये। इसके बाद अनिल से दोबारा पैसे मांगने लगे। तब अनिल को समझ में आया कि वह साईबर ठगी का शिकार हो रहा है। भुक्तभोगी ने मेदिनीनगर साईबर थाना में आवेदन देकर ठगों पर कार्रवाई की मांग की है।

### अनुपा बनी तीसीबार केंद्र की सेविका



**पाटन पलामू।** प्रखंड के कसवा खांड़ पंचायत के तीसीबार आंगनबाड़ी केंद्र की सेविका पद पर अनुपा कुमारी पति फुलेंद्र उरांव का चयन हुआ। चयनित सेविका अनुपा को पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ अमित झा ने प्रमाण पत्र दिया। इसके पूर्व पांच उम्मीदवारों ने सेविका पद के लिए आवेदन जमा किया था। जिसमें बरती देवी पति अवधेश उरांव, अनुपा कुमारी पति सुरेंद्र उरांव, रूपंती कुमारी पति अरूण उरांव, प्रतीमा कुमारी पति विनोद उरांव, सुजांती देवी पति राकेश उरांव ने भी सेविका चयन के लिए आवेदन दिये थे। मौके पर पाटन बीडीओ सह सीडीपीओ अमित कुमार झा ने कहा कि अनुपा कुमारी को सबसे ज्यादा अंक था जिसके बाद सेवीका पद पर चयन किया गया है। सेविका चयन के दौरान प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अजीत मिश्रा, मुखिया यशोदा देवी, महिला पर्यवेक्षिका सरस्वती देवी उपस्थित थे।

### भाजपा के 11 वर्षों का उत्सव, सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण पर संगोष्ठी



**पाटन पलामू।** पाटन मंडल भाजपा के द्वारा केंद्र सरकार के 11वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विकसित भारत के अमृतकाल सेवा सुशासन कल्याण विषय पर प्रबुद्धजन संगोष्ठी की गयी, जिसमें मोदी जी के कुशल नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों में लिये गये निर्णय, किये गये कार्यों को लेकर चर्चा की गयी। विकसित भारत समृद्ध भारत का निर्माण में अपना सहयोग देने के लिए सभी संकल्प लिया और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में अपना योगदान देने की बात कही गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने की। कार्यक्रम में अर्जुन तिवारी, जितेंद्र सोनी, पशुपति शर्मा, जोगिंदर पांडेय, उदय सिंह, रविनाथ साव, अशोक सिंह, प्रमोद साव, दिलीप सिंह, रेखा सिंह, विकेश सिंह, विशेष सिंह, संदीप सिंह, मुखलाल साव, बिरजू साव, सिकंदर साव, दिलीप कुमार, उपेंद्र सिंह, अमन सिंह, नागेंद्र सिंह, गिरेन्द्र सिंह, आलोक सिंह, गजेंद्र सिंह, गोलू सिंह, पप्पू सिंह, सुरेंद्र सिंह, अंकित सिंह, सुनील सिंह, पीयूष सिंह, ब्रजेश सिंह, दौलत सिंह, रोशन सिंह उपस्थित थे।

---

डीसी ने डीईजीएस व ई गवर्नेंस के तहत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की

# सभी प्रमाणपत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करें : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बुधवार को डीईजीएस/ई- ऑफिस यूआईडीएआई/ एनआईसी/आधार संबंधी बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी रणवीर सिंह द्वारा उक्त विषयों पर एक-एक कर अद्यतन प्रगति उपायुक्त के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समीक्षा के क्रम में कुछ पंचायतों में नेट कनेक्टिविटी नहीं होने की बात आयी, इसपर उपायुक्त ने सभी पंचायत भवनों में इंटरनेट की पर्याप्त सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बगैर इंटरनेट कनेक्टिविटी के कोई पंचायत न रहे यह सुनिश्चित होना चाहिए।



इस दौरान डीसी ने प्रत्येक पंचायत में वीएलई को अनिवार्य रूप से बैठने का भी निर्देश दिया। यूआईडीएआई की समीक्षा के दौरान नीलांबर-पीतांबरपुर व हैदरनगर प्रखंड में आधार एनरोलमेंट व आधार अपडेशन में बेहद कम प्रगति पर उपायुक्त द्वारा नाराजगी प्रकट की गयी। साथ ही उन्होंने यूआईडीएआई के डीपीओ को पीवीटीजी समूह का शतप्रतिशत आधार कवरेज कराने की बात कही गयी। इसी तरह झारनेट कनेक्टिविटी अंतर्गत ब्लॉक वीसी रूम की समीक्षा की गयी। बताया गया कि नवाबाजार में कैमरा फाल्ट है। इस दौरान उपायुक्त ने रामगढ़ ब्लॉक में वीसी रूम का अधिष्ठापन कराने पर बल दिया। बैठक में उपायुक्त ने जिले में कार्यरत सीएसपी संचालकों की जानकारी ली,इस दौरान वैसे सीएसपी संचालक जो असक्रीय हैं उन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर पूर्ण रूप से सक्रिय करने की बात कही। बैठक में उपायुक्त ने झारसेवा के तहत जारी होने वाले सभी तरह के प्रमाण पत्रों को तय समय सीमा में निष्पादन करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि अभी जिले में चतुर्थ वर्गीय में नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है।

---

आमलोगों की समस्याओं का निराकरण जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य : उपायुक्त

# बेटी की इलाज के लिए राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए लगायी गुहार

- 52 से अधिक आवेदनों का उपायुक्त ने किया निष्पादन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के समाहरणालय सभागार में प्रत्येक बुधवार को जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। उपायुक्त समीरा एस ने कहा कि जनता दरबार का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करना है। इसके माध्यम से जनता को सीधा लाभ दिया जा रहा है। आम नागरिकों को सरकार की ओर से चलायी जा रही विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने में आ रही बाधाओं/ समस्याओं/ कठिनाइयों को दूर कर योग्य लाभुकों को सुगमतापूर्वक से लाभ पहुंचाना है। उपायुक्त के जनता दरबार में विभिन्न प्रखंडों से बड़ी संख्या में आम नागरिक पहुंचे थे।



लोगों ने आवेदन देकर अपनी-अपनी समस्याओं से संबंधित जानकारी उपायुक्त को दी। जनता दरबार में 52 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त समीरा एस ने आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्राप्त आवेदनों को संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को स्थानांतरित किया। उन्होंने पदाधिकारियों को हर मामले की गंभीरता से जांच कर निर्धारित समय सीमा में कार्रवाई करते हुए आवेदनों का निष्पादन करने एवं आवेदकों को अद्यतन स्थिति से अवगत कराने तथा कृत कार्रवाई से कार्यालय को अवगत कराने का सख्त निर्देश दिया है। उपायुक्त के जनता दरबार में पंडवा प्रखंड निवासी ने अपनी बेटी इलाज के लिए राशन कार्ड में नाम जुड़वाने की गुहार लगायी। उन्होंने कहा कि वह आर्थिक रूप से कमजोर परिवार का सदस्य हैं। उनकी बेटी को मेडिकल चेकअप की आवश्यता है। इसके लिए वह राशन कार्ड में बेटी का नाम अंकित कराना चाहती है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन भी किया गया है।

---

# डीसी ने बनायी बटाने डैम से जुड़ी योजना के पुनर्जीवन की रणनीति

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के बटाने डैम से जुड़ी योजना को पुनर्जीवन करने की दिशा में कार्य तेज कर दिया गया है। इसी कड़ी में समाहरणालय के सभागार में बुधवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी समीरा एस की अध्यक्षता में बटाने रिवर एको सिस्टम इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के तहत डीपीआर तैयार करने के संबंध में बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान बैठक में बटाने डैम से बटाने बैराज एवं बटाने बैराज से झारखंड बॉर्डर तक दो डीपीआर बनाने पर सहमति बनी। डीपीआर बनाने में वन विभाग, वाटरशेड डेवलपमेंट, मनरेगा, माइनर एवं मेजर इरिगेशन डिपार्टमेंट से जुड़े अभियंता कार्य करेंगे। यह डीपीआर अभी प्राथमिक स्तर का होगा जिसे बाद में विशेषज्ञों की सलाह लेने के पश्चात अंतिम रूप से तैयार किया जायेगा। उन्होंने सभी तकनीकी विभाग से जुड़े अभियंताओं को आपस में बेहतर कोऑर्डिनेशन में रहने की बात कही। इसके पूर्व पीपीटी के माध्यम से उपायुक्त को नदी के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए विभिन्न विभागों द्वारा बहु-आयामी योजनाएं तैयार किये जाने सहित अन्य कई पहलुओं के संबंध में अवगत कराया गया। इसके अलावे उपायुक्त ने इस कार्य में भू-अर्जन से प्रभावित हो रहे अवार्डी को ससमय भुगतान करने को लेकर संबंधितों को निर्देशित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विशेष भू-अर्जन पदाधिकारी, छतरपुर हरिहरगंज एवं नौडीहा बाजार के अंचल अधिकारी समेत विभिन्न विभागों के तकनीकी विशेषज्ञ मौजूद थे।



बैठक करतीं उपायुक्त व उपस्थित अन्य।

---

# योजनाओं के लाभ से सबल हो रहे ग्रामीण

- धरती आबा जन भागीदारी अभियान के तहत सुदूरवर्ती पंचायत डगरा एवं रंगेया में लगा शिविर
- पाटन के सेमरी में भी शिविर के माध्यम से लोगों को मिला लाभ

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से 15 से 30 जून तक राष्ट्रव्यापी जागरूकता और लाभ अभियान के तहत अनुसूचित जनजाति/ आदिम जनजाति लाभुकों को सरकार की लाभकारी योजनाओं से जोड़ने एवं सरकार की योजनाओं को लेकर जागरूक किया जा रहा है। इसके अंतर्गत पलामू जिले के सुदूरवर्ती पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से अनुसूचित जनजाति/ आदिम जनजाति परिवारों को लाभ पहुंचाये गये। उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा गया।



शिविर में उपस्थित क्षेत्र के ग्रामीण।

साथ ही योजनाओं को लेकर जागरूक किया गया, ताकि भविष्य में भी वे अपने हक-अधिकार के लिए आगे आएं। पलामू जिला प्रशासन की ओर से नौडीहा बाजार प्रखंड के सुदूरवर्ती डगरा पंचायत सचिवालय भवन में लगाये गये शिविर में डगरा, रतनाग एवं चौखड़ा के ग्रामीणों ने भाग लिया और योजनाओं का लाभ लिया।

शिविर में स्थानीय मुखिया, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे। मनातू प्रखंड के रंगेया पंचायत सचिवालय भवन में लगाये गये शिविर में चुनका, तोरियाडीह, रंगेया, राजखेता, गिरसिरी एवं कुंडीलपुर के ग्रामीणों ने भाग लिया और सरकार की योजनाओं को बारिकी से समझा। वहीं कई ग्रामीणों ने अपना आधार अद्यतन कराया। वहीं आयुष्मान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया। साथ ही प्रधानमंत्री किसान निधि योजना से अच्छादित हुए। शिविर में मुखिया कुसमी देवी, मनातू प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी राज कुंवर, अंचल अधिकारी मदन कुमार सुमन, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी गौतम प्रसाद कश्यप आदि उपस्थित थे।

---

## हैदरनगर प्रखंड जल स्वच्छता समिति की तैयारी बैठक संपन्न

**नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता**

**हैदरनगर पलामू।** प्रखंड सभागार में प्रमुख कलावती देवी की अध्यक्षता में बुधवार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण चरण दो के तहत प्रखंड स्तर पर संस्थागत व्यवस्था अन्तर्गत प्रखंड जल स्वच्छता समिति द्वारा ओडीएफ+गांव को मोंडल श्रेणी में घोषित एवं सत्यापित करने हेतु निर्मित संरचनाओं, अपशिष्ट प्रबंधन तथा उपयोग में बनाये रखने में प्रतिभागियों की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर बैठक की गयी। बैठक में प्रमुख ने उपस्थित प्रतिभागी को प्रखंड के गांवों को मॉडल रुप में विकसित करने के लिए सजगता से ठोस कचरे, तरल कचरे के प्रबंधन की योजना बनाने का निर्देश दिया। इसे लेकर प्रखंड बिकास पदाधिकारी ने कचरे के प्रबंधन में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन के योजनाओं को प्रमुखता से लेने का निर्देश पंचायत सेवकों को दिया। उपप्रमुख ने गांवो की स्वच्छता का गांव के बिकास में काफी महत्वपूर्ण योगदान की बात बतायी। वास समन्वयक हरसू कुमार दयानिधि ने प्लास्टिक कचरे में एकल पौलीथीन को लोगों द्वारा नकारने की जरूरत पर बल दिया।



## बीडीओ ने पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ की बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सतबरवा।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार बुधवार को प्रखंड के पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर और बीएलओ के साथ सहायक निर्वाचक पदाधिकारी सतबरवा बीडीओ सह सीओ कृष्ण मुरारी तिर्की ने प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में बैठक की जिसमें उन्होंने सभी बीएलओ को पर्यवेक्षक सुपरवाइजर तथा अंचल अमीन और आवास कोऑर्डिनेटर के साथ मिलकर काम करने को कहा। उन्होंने कहा कि 21 जून तक ब्लॉक लेवल ऑफिसर का प्रशिक्षण समाप्त हो जायेगा। 23 से एक सप्ताह तक मतदान स्थल पर पहुंचने तथा नक्शा बनाया जायेगा। कहा कि मतदान केंद्रों पर नजरी नक्शा तैयार करना है। वहीं गूगल मैप के साथ लेटीटयूड और लोंगीटयूड़ के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मतदान केंद्रों का क्षेत्र तथा पक्की- कच्ची सड़क तक पहुंच पथ और उसके अगल-बगल में कच्चा-पक्का मकान कितना है दशार्नें हेतु प्रोत्साहित किया। श्री तिर्की ने कहा कि मतदान केंद्र के क्षेत्र में कितने लोग निवास करते हैं।



### हुसैनाबाद के उपरी खुर्द से नाबालिग लापता




**हुसैनाबाद पलामू।** थाना क्षेत्र के उपरी खुर्द निवासी जगदीश सिंह ने थाना में पुत्र सिद्धार्थ कुमार उर्फ आयुष के गुम होने का सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में कहा कि 17 जून की दोपहर वह घर में किसी को कुछ बताये बिना बाइक (जेएच 01 बीसी 2826) लेकर लापता हो गया है। जिसकी काफी खोजबीन करने के बाद कहीं पता नहीं चल पा रह है। उन्होंने कहा कि 14 वर्षीय सिद्धार्थ कुमार जब घर से निकला था उस समय हरा रंग का टी शर्ट व काला रंग का पायजामा तथा लाल रंग का चप्पल पहने हुए है। यदि कहीं किसी को पता चले तो हुसैनाबाद थाना या संबंधित स्थान के थाना पुलिस को सूचना देने का कष्ट करेंगे।

### ईलाज के दौरान कामेश्वर पनेरी की मौत



**पाटन पलामू।** सिरमा ग्राम निवासी कामेश्वर पनेरी पिता स्वर्गीय राम सुन्दर पनेरी की मौत इलाज के दौरान हो गयी। मालूम हो कि कामेश्वर पनेरी को तेज रफ्तार बाइक पर सवार तीन युवकों द्वारा धक्का मार दिया था जिससे कामेश्वर पनेरी गम्भीर रूप से घायल हो गये थे। परिजनों ने गंभीर रूप से घायल कामेश्वर पनेरी को इलाज के लिए मेदिनीनगर अस्पताल ले गये थे जहां से डॉक्टरों ने बेहतर ईलाज के लिए बाहर रेफर कर दिया था। जिसके बाद परिजनों ने कामेश्वर पनेरी को बनारस में इलाज करा रहे थे। बनारस में ही इलाज के दौरान कामेश्वर पनेरी की मौत हो गयी। परिजनों के द्वारा धक्का मारने के बाद अज्ञात बाइक सवार पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया था। वहीं धक्का मारने वाला युवक अमवा ग्राम निवासी बताया जाता है। कामेश्वर पनेरी के मौत की खबर सुनते ही सिरमा ग्राम के लोगों में शोक की लहर दौड़ गयी। समाचार लिखे जाने तक कामेश्वर पनेरी के शव को सिरमा लाया जा रहा था।

### चेरो जनजातीय आदिवासी महासभा ने सौंपा ज्ञापन



**सतबरवा।** भाजपा नेता सह रास्ट्रीय चेरो जनजातीय आदिवासी महासभा के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के नवजीवन अस्पताल तुम्बागाड़ा को आयुष्मान भारत योजना से जोड़ने तथा बिहार के तर्ज पर झारखंड के पंचायत जनप्रतिनिधियों को अधिकार देने की मांग पत्र मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त पलामू समीरा एस को सौंपा है। श्री चेरो ने अपने मांग पत्र में लिखा है कि नवजीवन अस्पताल तुम्बागाड़ा सतबरवा रांची मेदिनीनगर रोड पर अवस्थित है। आमजनों के बीच में यह अस्पताल विश्वसनीय है। गरीबों के लिए सुविधा व संतोषजनक हैं। आज भी पलामू, लातेहार, गढ़वा, झारखंड राज्य सहित बिहार, उत्तर प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से रोगी इलाज कराने इस अस्पताल में आते हैं।

---

## कामधेनु की गुणवत्ता अन्य कंपनियों से बहुत ही बेहतर है : विशाल शर्मा

- जेलहाता में कामधेनु नेक्स्ट ने नेक्सट बाला जी डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा राज मिस्त्री लोहा प्रशिक्षण का आयोजन
- राजमिस्त्री व अभिकर्ताओं के बीच उपहार का वितरण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राजमिस्त्री लोहा प्रशिक्षण केंद्र कामधेनु नेक्सट कांट्रेक्टर बालाजी डिस्ट्रीब्यूटर द्वारा जेलहाता में कार्यक्रम आयोजित कर राजमिस्त्री व अभिकर्ताओं के बीच उपहार बांटा गया। उद्घाटन कामधेनु के स्टेट एचओडी विशाल शर्मा, एरिया सेल्स ऑफिसर प्रवीण भारती व हेमचंद प्रसाद गुप्ता ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। विशाल कुमार शर्मा ने कहा कि कामधेनु एक नेशनल ब्रांड है इसके छड़ का लचीलापन काफी बेहतर है। कहा कि देश के अन्य सरिया कंपनी से कामधेनु की गुणवत्ता अलग हटकर है। यह गर्म या ठंड प्रदेशों में भी सेट करता है। यह किसी भी स्थान पर लगाये जाने से काफी टिकाउपन होता है।



### रहमानिया उवि में योग दिवस पर अभिभावक व गणमान्य आमंत्रित

**मोहम्मदगंज।** राजकीयकृत प्लस टू रहमानिया उच्च विद्यालय तारा पलामू में झारखंड सरकार एवं सचिव स्कूली एवं साक्षरता विभाग के आदेशानुसार योग दिवस 21 जून 2025 पर योग का कार्यक्रम प्रातः 6:30 से 7:45 तक किया जाएगा इसमें सभी पूर्व तथा नियमित छात्र-छात्राएं उनके माता-पिता, एसएमसी के सदस्य समेत क्षेत्र के गणमान्य को आमंत्रित किया गया है। इसकी जानकारी प्राचार्य मनोज कुमार ने दी है।

## पलामू-गढ़वा के साथ भाषा को लेकर सरकार टकराव न करे नहीं तो आंदोलन : शिवपूजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखंड राज्य के पलामू व गढ़वा ऐसा जिला है जहां कुड़ुख भाषा न पढ़ाई जाती है और न बोली जाती है। एसे में राज्य सरकार द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया में भाषा को लेकर विवाद खड़ा किया जाना काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। उक्त बातें हुसैनाबाद के पूर्व विधायक सह बसपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने प्रेस वार्ता कर कही। उन्होंने राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यदि सरकार को ज्यादा चिंता कुड़ुख भाषा को लेकर होती तो जीएलए कॉलेज में एक विभाग है लेकिन वहां एक भी शिक्षक नहीं हैं जो कुड़ुख भाषा को पढ़ा सकें। ऐसे में पलामू व गढ़वा जिला में मगही, भोजपुरी, हिंदी प्रमुख भाषा प्रचलन में है। यहां के छात्र छात्राएं इस भाषा में पारंगत हैं लेकिन जब सरकार द्वारा नियुक्ति की बहाली निकाली जाती है तो उसमें कुड़ुख भाषा का अनिवार्य करना काफी हास्यास्पद है।



---

# यात्री शेड के अभाव में धूप और बारिश से बचाव को लेकर पुल और पेड़ बना आश्रय

**अनूप कुमार**

**मोहम्मदगंज पलामू।** स्थानीय रेलवे स्टेशन का अमृत भारत योजना के तहत आधुनिकीकरण, सौंदर्यीकरण और विकास किया गया। मगर, धूप और बारिश से बचाव के लिए अबतक पर्याप्त संख्या में शेड निर्माण का काम फाइनल नहीं किया गया है। जबकि वृहदाकार शेड निर्माण का काम शुरू किया गया था। तब उम्मीद जताई गई थी कि चालू मौसम में ही धूप के बाद बारिश से बचाव की सुविधा उपलब्ध करा दी जायेगी। मगर, इस कार्य के प्रति शिथिलता बरतने की वजह से चालू मौसम में इस सुविधा का लाभ मिलना मुश्किल नजर आती है। ऐसी स्थिति में रेल यात्रियों की परेशानी का अंत होता नजर नहीं आ रहा है। ऐसे में यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर तीखी धूप से बचाव के लिए पुरानी फुट ओवरब्रिज के नीचे ही ट्रेन की प्रतिक्षा को लेकर आश्रय लेनी पड़ती है। यात्रियों का कहना है कि अमृत भारत योजना के तहत उनकी सुविधा को विकसित करने के मामले में रवैया उपेक्षापूर्ण है। न तो पर्याप्त शेड बन सका है, न ही शीतल पेयजल और शौचालय की सुविधा उपलब्ध है। फुट ओवरब्रिज का निर्माण भी धीमी रफ्तार से चल रहा है।



पुल की छांव में बैठे लोग।

नया फुट ओवरब्रिज नहीं तैयार किये जाने के कारण स्टेशन से अन्य प्लेटफॉर्म पर पहुंचने के लिए जोखिम और परेशानी उठानी पड़ती है। व्यापक क्षेत्र के यात्रियों का रेलहेड, मगर सुविधा अबतक उपलब्ध नहीं बताया जाता है कि स्थानीय स्टेशन आसपास के अलावा गढवा जिले के साथ ही बिहार राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र के कई गांवों का रेलहेड है। जहां से ट्रेन की सुविधा उपलब्ध होती है। बड़ी संख्या में लोग इस स्टेशन से इस सुविधा का लाभ उठाकर महानगरों में इलाज, रोजगार, व्यापार और धार्मिक प्रयोजन के लिए सफर करते हैं। इससे इस स्टेशन को भारी राजस्व की प्राप्ति होती है। इसके बावजूद बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाया जा रहा है। इसका लोगों को मलाल है।

---

# जिला कृषि अभियंता ने किया समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत कौड़िया के गणके में जिला कृषि विभाग के अभियंता प्रकाश खलको द्वारा संस्था प्रगति एजुकेशनल एकेडमी द्वारा रांची संचालित समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला का औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें कृषि, उद्यानिकी, तालाब, ड्रैगन फ्रूटस, मधुमक्खी पालन व निर्माणाधीन शेडों का जांच किया गया। साथ ही कार्यों की सराहना की गई। साथ ही कई सुझाव संस्था के कर्मियों को दिया गया। इसमें सात गांवों के किसानों को जोड़ा गया है। किसानों को खेती करने का प्रशिक्षण दिया जायेगा। साथ एफपीओ का गठन किया जायेगा। अभियंता ने कहा कि साढ़े सात एकड़ में ताइवन पिंक अमरूद , केला, सेव, बैर, संतरा, निंबु, अनार, ड्रैगन फ्रुटस की खेती की गयी है। उन्होंने खेती किये जाने की सराहना की। साथ ही कई दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि खेती से किसानों को लाभ होगा। साथ ही पाठशाला के जरिये किसानों को खेती के बारे में कई जानकारी दी जायेगी। मच्छली पालन, गाय पालन, सुगर पालन, बकरी पालन, बतख, मधुमक्खी पालन होगा। मशरूम उत्पादन इकाई भी लगाया गया है। ड्रिप के द्वारा खेती की जा रही है। बर्मी कंपोस्ट भी लगाया गया है। इससे किसानों को काफी लाभ मिलेगा।



निरीक्षण करते जिला अभियंता।

## सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर दुमका डीसी ने दिये निर्देश

# बगैर हेमलेट और शराब पीकर बाईक चलानेवालों के खिलाफ कड़े कदम उठायें

खबर मन्त्र संवाददाता



**दुमका।** सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक समाहरणालय भवन कार्यालय में बुधवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर डीसी ने निर्देश दिया कि शहर में ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए और ट्रैफिक नियमों के पालन को सख्ती से लागू किया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाये। बैठक में हिट एंड रन जैसे लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारियों को नियमित रूप से दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों की जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।

खासकर हेलमेट नहीं पहनने, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा गया। जिससे ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन की प्रक्रिया आरंभ की जा सके। इधर डीसी के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी के नेतृत्व में नगर थाना के समीप जांच अभियान चलाया गया। जिसमे यातायात के नियमों का उल्लंघन करने वाले 26 दोपहिया एवं चार पहिया वाहनों से कुल 53 हजार की राशि जुर्माना के रूप में वसूली गई। बैठक में एसडीओ कौशल कुमार, डीटीओ मनोज करमाली, एसडीपीओ सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य मनोज कुमार घोष, रमन कुमार वर्मा, मुस्ताक अली, नीलकंठ झा एवं दीपक कुमार, मनोज,अमित कुमार उपस्थित थे।

# मोकलचक की घटना से संबंधित मामले को लेकर गोड्डा डीसी से मिलने पहुंचे समाजसेवी

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा/बसंतराय।** मोकलचक की घटना से संबंधित वार्ता करने को लेकर समाजसेवी आर्यन चंद्रवंशी अन्य समाजसेवियों संग पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार से मिलने उनके कार्यालय पहुंचे।

वहीं समाजसेवी ने बताया कि बसंतराय के मोकलचक में ऋषि कुमार की हत्या को लेकर हम सभी पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपने के लिए आए हैं। ताकि जिला प्रशासन द्वारा जल्द से जल्द कड़ी कार्रवाई कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार करे और मृतक ऋषि कुमार को न्याय मिले। आर्यन ने बताया कि घटना को हुए इतने दिन बीत चुके हैं पर ना तो मामले की जांच पूरी हो पाई है और ना ही पुलिस अभी कर आरोपी को गिरफ्तार कर पाई है। वहीं इस घटना के मामले में मृतक के परिजन मनोज सिंह का कहना है कि कुल मिलाकर 10 अभियुक्त है जिसमें से एक ने उसे बुला कर ले गया था। घर में किसी को मालूम नहीं था, खोजबीन करने के बाद भी पता नहीं चला। दूसरे दिन बबुल के पेड़ पर शव लटका हुआ मिला। अचानक हुई इस घटना से परिजन काफी हताहत हैं, हम सभी जिला प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि यह आत्महत्या है। लेकिन सबसे बड़ी बात यह है कि गांव में भागवत कथा का आयोजन था इतने बड़े आयोजन के बीच कोई आत्महत्या कैसे कर सकता है। यह जरूर कोई सोची, समझी साजिश है। इस दौरान डॉक्टर रामदेव सिंह ने कहा कि पुलिस अधीक्षक से अनुरोध है कि इस मामले की जल्द से जल्द संज्ञान ले।

परिवार जनों को न्याय दिलाएं, ताकि परिवार सदमे से बाहर निकल सके। इस दौरान आर्यन चंद्रवंशी, रामदेव सिंह मृतक के पिता मनोज सिंह, बिहारी बाबा, कुंदन सिंह, विक्की कुमार, सूरज कुमार, विमल सिंह उपस्थित थे।

## एक नजर में

### बेरमो : लगातार बारिश के कारण तेनु डैम का दो फाटक खोला गया, अलर्ट जारी



बेरमो। लगातार हो रही बारिश के कारण तेनुघाट डैम का दो रेडियल गेट सुबह 9 बजे के बाद खोल दिया गया है। दोनों रेडियल गेट खोलने से दामोदर नदी में 2200 क्यूसेक पानी पर सेकंड डैम से डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसको लेकर लोगों को सतर्क भी किया गया है। दामोदर किनारे सरकारी विभाग को भी इसकी जानकारी दे दी गई है। जरूरत पड़ने पर और भी रेडियल गेट खोलने की बात कही गई है।

### दुमका डीसी ने की कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक, दिया निर्देश



दुमका। कृषि, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग की समीक्षात्मक बैठक बुधवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी अभिजीत सिन्हा ने किया। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन और किसानों को लाभ पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ पंचायत स्तर तक हर पात्र किसान को सुनिश्चित करें। कृषि विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि श्रीविधि तकनीक का प्रशिक्षण कृषकों को दें। इस तकनीक को वीडियो के माध्यम से सभी किसानों को दिखाए। फ्लो चार्ट और पैंपलेट के माध्यम से भी किसानों में जागरूकता लाए। कहा कि जिले में ज्वार, मडुआ, बाजरा, रागी की खेती को बढ़ावा दें। ओट्स बनाने का प्रोसेसिंग यूनिट लगाने का प्रोपोजल बनाए। बीज वितरण में कृषकों को 50 फीसदी अनुदान दी जाती है। इसे शत प्रतिशत कराना सुनिश्चित करे। इसी क्रम में डीसी ने पशुपालन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिया। कहा जिस प्रखंड में सुकर, पशु, बकरी शेड का कार्य लंबित है। उसे जल्द पूर्ण करे। मत्स्य विभाग की समीक्षा में संबंधित अधिकारी को प्रॉन मछली का उत्पादन करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### ईवीएम वेयरहाउस का डीसी ने किया निरीक्षण

दुमका। डीसी अभिजीत सिन्हा ने ईवीएम वेयरहाउस का बुधवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयर हाउस की विधि व्यवस्था से संबंधित आवश्यक पहलुओं की जांच की गई। ईवीएम वेयर हाउस के सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली गई। उन्होने सीसीटीवी व अन्य उपकरणों की स्थिति और रख-रखाव का जायजा लिया। डीसी द्वारा परिसर के अवलोकन के क्रम में सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, तैनात सुरक्षा बलों, अग्निशमन यंत्र आदि सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के क्रम में तैनात सशस्त्र सुरक्षा बलों को अपने कार्य एवं दायित्वों के प्रति सचेत व सक्रिय रहने का निर्देश दिया गया। इस दौरान राजनैतिक दल के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### डीएवी कथारा में योग दिवस की तैयारियों का शुभारंभ



कथारा। कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में सीसीएल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के जूनियर विंग में कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के छोटे बच्चों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन सीसीएल के सौजन्य से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य डॉ जीएन खान जी द्वारा की गई। उन्होंने उपस्थित बच्चों को योग के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर और शांत मन के लिए योग अत्यंत आवश्यक है और सभी बच्चों को प्रतिदिन योग करने की आदत डालनी चाहिए। यह बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए अति उत्तम है। वीडियो के माध्यम से बच्चों ने विभिन्न योगासन देखे और उनका अभ्यास भी किया। इस अवसर पर वरीय शिक्षिका सुजला के, मंतोष कुमार, कुमारी ज्योति, रिया सरकार, रंजीता सिंह, वंदना कुमारी, रिया सिन्हा, शीलेश मंडल, सच्चिदानंद शर्मा, प्रेम तिवारी, गुंजन कुमारी, पूजा सिंह, सोनाली सिंह आदि उपस्थित थे।

### बेरमो : छेदी नोनिया बने पुन: प्रखंड अध्यक्ष, महासचिव बने सलीम जावेद उर्फ मोती



बेरमो। फुसरो के ढोरी पांच नंबर धौडा मे कांग्रेस की बैठक की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ने किया वहीं बैठक का विस्तार करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। जिसे देखते हुए बेरमो प्रखंड में कांग्रेस कमेटी का विस्तार किया गया। वही बेरमो प्रखंड अध्यक्ष 6 जून दुनिया उपाध्यक्ष केदार सिंह उपाध्यक्ष फूलचंद महतो महासचिव संतोष कुमार सिंह महासचिव आनंद राम महासचिव प्रदीप महतो महासचिव मुन्ना सिंह महासचिव मोहम्मद महबूब आलम महासचिव मोहम्मद सलीम जावेद उर्फ मोदी महासचिव तुलसी रविदास महासचिव उत्तम कुमार गुप्ता महासचिव रूपा देवी को बनाया गया वहीं जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को मजबूत करना सभी का काम है। वही सभी मनोनीत लोगों ने जिला अध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसे पूरी ईमानदारी पूर्वक निभाऊंगा। बेरमो प्रखंड में कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने का कार्य करूंगा।

### आजसू पार्टी फुसरो नगर समिति की हुई बैठक




बेरमो। आजसू पार्टी फुसरो नगर समिति की बैठक सांसद आवासीय कार्यालय मकोली में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की एवं संचालन नगर सचिव मनोज महतो (गोपी) के द्वारा किया गया। बैठक में फूसरो नगर प्रभारी अशोक कुमार महतो एवं बेरमो प्रखंड प्रभारी कमलेश महतो उपस्थित हुए। प्रभारी अशोक महतो एवं कमलेश कुमार महतो ने कहा आजसू पार्टी का स्थापना दिवस 22 जून को बलिदान दिवस के रूप में मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सभी कार्यकताओं से राँची चलने का आह्वान किया गया ताकि झारखंड निर्माण के आंदोलन में बलिदान देने वाले वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जा सके और संगठन की एकता एवं संकल्प को मजबूत किया जा सके। मौके पर केंद्रीय सदस्य सूरज महतो केंद्रीय सदस्य महेंद्र चौधरी, सांसद प्रतिनिधि अशोक चौहान फुसरो नगर कार्यकारी अध्यक्ष संतोष रवानी उपाध्यक्ष शंकर गिरी, छात्रसंघ सचिव विक्की महतो, भारत महतो, बबलू, शशि चौहान, रोहित चौधरी यशवंत, सुरेंद्र उपस्थित थे।

### डीसी अंजलि यादव से मिले गोड्डा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी



गोड्डा। गोड्डा चैम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रितम गाडिया के नेतृत्व में बुधवार को डीसी और एसपी से मिला चैम्बर का प्रतिनिधि मंडल डीसी अंजलि यादव और पुलिस कप्तान मुकेश कुमार को रामायण की पुस्तक, पुष्पगुच्छ और चेंबर का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। चैम्बर अध्यक्ष गाडिया ने डीसी से एक कार्यालय के लिए स्थान मुहैया कराने का अनुरोध किया और नगर में सीसीटीवी कैमरा लगवाने का अनुरोध किया। एसपी से शहर की ट्रेफिक व्यवस्था दुरुस्त करने और अपराध की घटना को कंट्रोल करने के विषय पर चर्चा हुई। दोनो हि पदाधिकारियो के साथ चैम्बर की बैठक सकारात्मक रही। गोड्डा के साथ महागामा चेंबर के सदस्यगण ने अपनी बाते रखी। जिसमे महागामा के प्रमुख स्थान पर सीसीटीवी लगाने की बात की गई। प्रीतम गाडिया, मो कामरान, मुकेश बरनवाल, मुकेश भगत, प्रीतेश नंदन, बिकास टेकरीवाल, महताब आलम, अफसर जमा, नलिन रंजन, सुधांशु ठाकुर, चेतन दत्ता आदि सदस्य मौजूद थे। महागामा चेंबर के अध्यक्ष मोहन केशरी के नेतृत्व मे मनोज पोद्दार, उदय भगत, अरुण ठाकुर भी मौजूद थे।

### नीट यूजी में डीपीएस चास की अदिति को मिले 557 अंक



बोकारो। डीपीएस चास की छात्रा अदिति शुभम ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 557 अंक प्राप्त किए। उसने 99 .56 परसेंटाइल हासिल की तथा ऑल इंडिया रैंक 9511 और जनरल कैटेगरी रैंक 4308 प्राप्त की। विद्यालय के एक और प्रतिभाशाली छात्र दीप्तांशु प्रकाश ने भी सराहनीय प्रदर्शन के साथ क्वालीफाई किया। विद्यालय की चीफ मेंटर डॉ हेमलता एस मोहन ने दोनों विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी सफलता की कहानियां कड़ी मेहनत व समर्पण और विश्वास से बनती हैं। विद्यालय की निदेशिका एवं प्राचार्या डॉ मनीषा प्रो-वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन और सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## स्पीड न्यूज

### कथारा वाशरी के नये परियोजना पदाधिकारी बने अमरेन्द्र कुमार



कथारा। कथारा वाशरी परियोजना कार्यालय में नए परियोजना पदाधिकारी कथारा वाशरी अमरेन्द्र कुमार ने योगदान दिया। वहीं पूर्व परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबु ने उन्हें कार्यभार सौंपा। इस अवसर नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार के स्वागत के साथ पूर्व परियोजना पदाधिकारी वी मोहन बाबु विदाई दी गई। नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार का स्वागत वी मोहन बाबू द्वारा किया गया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने वी मोहन बाबू के कार्यकाल और अनुभवों को साझा करते हुए उन्हें हमेशा याद रखने की बात कही। वहीं वी मोहन बाबू ने सभी कर्मचारियों को वाशरी के सफल संचालन में सहयोग देने के लिए सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। नए परियोजना पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार ने कहा कि मेहनतकश मजदूरों, अधिकारियों एवं सभी यूनियन प्रतिनिधियों के साथ समन्वय एवं टीम बनाकर उत्पादन लक्ष्य से आगे बढ़ने का सार्थक प्रयास उनकी प्राथमिकता रहेगी। मौके पर अधिकारियों में एसबीएन सिंह, अनंत पासवान, मनीष कुमार सहित यूनियन नेता सर्वजीत कुमार पांडेय, रामेश्वर कुमार मंडल,राजू रविदास, मों फिरोज, सुरेश कमार, कृष्ण बहादुर, दिलीप कुमार, रंजय कुमार सिंह, एम एन सिंह आदि मौजूद थे।

### बेरमो : तालाब में डूबने से वृद्ध की मौत



बेरमो/ललपनिया। गोमिया थाना क्षेत्र के होसिर पश्चिमी पंचायत अंतर्गत मियाबांध गांव निवासी अघनु रविदास (60वर्ष) वृद्ध की मौत बुधवार को देवानबांध तालाब में नहाने के दौरान डूबने से हो गयी। स्थानीय मुखिया की सूचना पर गोमिया थाना पुलिस घटना स्थल पहुंची। जानकारी के अनुसार अघनु रविदास मंगलवार दोपहर 12 :00 बजे घर से बकरी चराने गया हुआ था। इसके बाद वह घर वापस नही आया, परिजनों व लोगो के बहुत खोजबीन के बाद भी नही मिला। हालांकि दुसरे दिन बुधवार को शक संदेह पर देवानबांध तालाब में खोजबीन करने के बाद उनका मृत शव करीब दोपहर साढ़े 3 :00 बजे निकाला गया। अघनु रविदास के मौत से पूरा परिजनों में रो रो कर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर मंत्री योगेंद्र प्रसाद एवं मुखिया पार्वती देवी ने शौक व्यक्त किया। मंत्री प्रसाद ने कहा कि दु :खद घटना है। वही परिजनों को ढाढस बंधाया है और उन्होंने परिजनों को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि परिजनों के दु :ख सुख में साथ है। इनके मौत पर पंसस महेश रविदास सहित गांव के लोगों में शौक की लहर है।

### गोड्डा के एसडीओ की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

गोड्डा। पथरगामा प्रखंड सभागार में मंगलवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें गोड्डा अनुमंडल पदाधिकारी बैजनाथ उरांव के नेतृत्व में बीएलओ एवं सुपर बीएलओ को अपने-अपने मतदान केंद्रों के पोषक क्षेत्रों का नजरी नक्शा तैयार करने का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य प्रत्येक बीएलओ को उनके बूथ क्षेत्र का सटीक व दृश्यात्मक नक्शा तैयार करना सिखाना था। प्रशिक्षण के दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से पीपीटी प्रस्तुति दी गई।

# दुमका : बगीचा में पार्टी मना रही किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, दो गिरफ्तार, गये जेल

### दो दोस्तों ने अलग-अलग जगह ले जाकर किशोरी से किया दुष्कर्म

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** बगीचा में 16 जून को दो सहेली व पांच दोस्तों के साथ पार्टी मनाने गई 16 वर्षीय आदिवासी किशोरी के साथ उसके ही दो दोस्तों ने सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों दोस्तों ने अलग-अलग जगह ले जाकर गंदा काम किया। घटना जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के विजयपुर की है।

मंगलवार की देर शाम मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने दोनों दोस्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। आरोपियों को स्थानीय लोगों ने धर दबोच पुलिस के हवाले किया। बुधवार को पुलिस देवघर जिला के चितरा और गोडडा जिले के पोड़ैयाहाट के सलैया निवासी 20 वर्षीय संदीप हेम्ब्रम एवं 18 वर्षीय अशोक बास्की को विशेष अदालत पोक्सो प्रभारी प्रधान जज सह डीजे वन शत्रुन्जय सिंह के अदालत में बयान दर्ज करा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार दुमका के रामगढ़ प्रखंड की रहने वाली किशोरी 16 जून को श्रीअमड़ा में रहने वाली सहेली डोली मरांडी से मिलने के लिए आई थी। उसके घर में पहले से ही पिंकी सोरेन भी मौजूद थे। शाम को सभी ने विजयपुर पुल के पास बगीचा में छोटी पार्टी का आयोजन किया। इसमें डोली ने अपने दो दोस्त देवघर के पालोजोरी और चितरा के जैश मरांडी को भी बुला लिया।

बाद में डोली का एक और दोस्त पोड़ैयाहाट का संदीप हेम्ब्रम और मैथ्यूज हेंब्रम भी पार्टी में शामिल हो गया। रात करीब 12 बजे खाने पानी का सामान लेने के लिए पीड़िता किशोर की बाइक से शहर आ रही थी। इसी क्रम में अशोक ने मयुराक्षी नदी के समीप झाड़ी में ले जाकर किशोरी से दुष्कर्म किया। इसके बाद वापस पार्टी में ले आया।

आधा घंटा के बाद संदीप नदी से कुछ दूर किशोरी को ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता ने सहेलियों को सारी बताई तो वे उसे अपने घर ले गई। पीड़िता ने माता पिता को इसकी जानकारी दी और अगले दिन शाम को थाना में मामला दर्ज कराया।



पुलिस अलग-अलग मामले में तीन को गिरफ्तार कर भेजी जेल।

> किशोरी के साथ उसके ही दो दोस्तों ने दुष्कर्म किया है। सभी लोग बगीचा में पार्टी मनाने के लिए गए थे। आरोपी की गिरफ्तारी हो गई है। एक आरोपित नाबालिग हैं। उसे रिमांड होम भेज दिया गया है।
> **कुमार सत्यम पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी, मुफस्सिल थाना**

### नाबालिग से यौन शोषण करने वाला धराया

दुमका। नगर थाना पुलिस नाबालिग से यौन शोषण के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी जिला के सरैयाहाट थाना क्षेत्र के कारूडीह गांव निवासी संजय मोहली है। जानकारी के अनुसार नगर थाना क्षेत्र की किशोरी ने युवक पर प्रेम जाल में फंसा यौन शोषण का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत की। पुलिस मामले में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर विशेष अदालत पोक्सों डीजे वन के न्यायालय में बयान दर्ज करा न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है।

## सीसीएल प्रबंधन की लापरवाही के कारण बड़ी घटना होते-होते बची







खबर मन्त्र संवाददाता

**गोमिया।** घटना बुधवार को प्रथम पाली के करीब एक से डेढ़ बजे की है सुबह में डोजर लेकर ऑपरेटर सुखलाल महतो साइट पर गया उसके बाद करीब 11:00 से 12:00 बजे के बीच वापस तेल लेने के लिए और मेंटेनेंस करवाने के लिए नीचे आया। उसके बाद करीब 1:30 बजे दोबारा वह अपने साइट पर जाने लगा इसी क्रम में चेंबर में आग लग गई। इसमें सुखलाल महतो का दोनों हाथ और सामने का हिस्सा करीब करीब झुलस गया। आनन फानन में प्राथमिक उपचार के लिए कथारा हॉस्पिटल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर कर दिया गया। सवाल यह उठता है कि सीसीएल सुरक्षा को लेकर इतनी लापरवाह कैसे हो सकती है जब डोजर मेंटेनेंस के लिए आया तो उसकी पूरी जांच क्यों नहीं की गई। कहीं ना कहीं यह घटना इलेक्ट्रीशियन के लापरवाही के कारण घटी है वहीं प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार ऑपरेटर डोजर लेकर जैसे ही अपने कार्य स्थल पर पहुंचने वाला था कि चेंबर में आग लग गई, और सुखलाल महतो का दोनों हाथ और सामने का हिस्सा झुलस गया। वही गोविंदपुर पीओ अनिल कुमार से दूरभाष पर बात हुई उन्होंने बताया कि सुखलाल महतो ज्यादा जला हुआ नहीं है लेकिन बेहतर इलाज के लिए उसे रांची रेफर किया गया।

# बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की प्रबंधन के साथ सकारात्मक वार्ता



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन की धमन भट्टी प्रबंधन के साथ हुई बैठक में मजदूरों के ज्वलंत मुद्दों को उठाया गया एवं ठेका मजदूरों के हो रहे कथित दोहन पर भी गहन चर्चा हुई। प्रबंधन की तरफ से आश्वासन दिया गया कि ठेका श्रमिकों को सीएलसी पेमेंट नहीं करने की कोताही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस संबंध में किसी प्रकार की जानकारी अगर मिले तो यूनियन प्रबंधन को बताने का कार्य करे। यूनियन अध्यक्ष कमल रंजन दुबे ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि इस सकारात्मक वार्ता के बाद ठेका श्रमिकों में खुशी की लहर देखी जा रही है। बैठक में प्रबंधन की तरफ से धमन भट्टी के सीजीएम शोभिक राय सहित जीएम जयंत जोरदार अशोक राय मानस सरकार विनय कुमार श्याम सुंदर कार्मिक विभाग से प्रियवर्थ रोसलिन मिंस इशिता जैन एवं सीडी के पदाधिकारी के अलावा बोकारो स्टील वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष कमल रंजन दुबे प्रभारी महामंत्री दीनानाथ पाण्डेय उपाध्यक्ष रघुनाथ महतो संयुक्त महामंत्री गोपाल ठाकुर सहायक संयुक्त महामंत्री मिराजुद्दीन अंसारी सचिव संतोष राय संतोष कुमार सिंह नईम अख्तर संजय दास कुमार सानू मनीष मिश्रा सूरज मिश्रा बीके मांझी उमेश कुमार मेहरा उत्तम मंडल शराफत अंसारी अब्दुल रब अख्तर अजय कुमार प्रदीप मरांडी रमेश महतो संतोष महल जीएन दास आदि मौजूद रहे।

# बेरमो : नेपाल में आयोजित 11वें कराटे चैंपियनशिप मे छात्रों ने जीते 9 पदक

खबर मन्त्र संवाददाता



**फुसरो।** नेपाल में आयोजित 11वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे चैंपियन शिप में बेरमो के प्रसिद्ध कराटे कोच उमेश नायडू के छात्रों ने देश के लिए 9 अंतरराष्ट्रीय पदक जीते। इनके सम्मान के लिए करगली गेट स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में मानव सेवा माधव सेवा के संस्थापक गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसका संचालन उमा शंकर महतो ने किया। गजेंद्र सिंह व उमा शंकर ने मुख्य प्रशिक्षक उमेश नायडू, सह प्रशिक्षक रितेश कुमार शर्मा, शाहिल कुमार सहित छात्रो को माला पहनाकर, प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया। उन्होने छात्रो का उत्साह बढ़ाया। कहा कि छात्रों की मेहनत, लगन और प्रतिभा को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि बेरमो के साथ झारखंड राज्य पूरे भारत वर्ष का नाम रौशन किया यह बेरमो की गर्व की बात है। इन खिलाड़ियों ने अभाव में इस दुर्गा मंदिर के प्रांगण में प्रशिक्षण ले रहे थे। जिसका परिणाम स्वरुप नेपाल में आठ देशों के खिलाड़ियों के बीच अपना उम्दा प्रदर्शन दिखाया। बेरमो के कराटे कोच उमेश नायडू ने बताया कि 11वां माउंट एवरेस्ट इंटरनेशनल कराटे टूर्नामेंट में उनके सात छात्रों ने 9 अंतरराष्ट्रीय मेडल जीते।

बेरमो क्षेत्र से इन्होंने जीता पदकः देव नायडू काता ने सिल्वर फाइट में बरोंच, अन्नु कुमारी फाइट में गोल्ड, तम्मना कुमारी फाइट में सिल्वर, दीप्तकृति कुमारी फाइट में गोल्ड मेडल, दिव्यांशु कुमार महतो काता में सिल्वर, देव राज महतो, फाइट में बरोंच, फाइट में अदिति गोहिल फाइट में बरोंच मेडल की जीत हासिल की।

# चतुर्थवर्गीय कर्मचारी संघ की बैठक संपन्न, 28 को देंगे धरना

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** समाहरणालय प्रांगण में झारखंड राज्य चतुर्थवर्गीय सरकारी कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक संघ के जिला कोषाध्यक्ष शांति दे दलाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश महामंत्री सपन कुमार कर्मकार ने कहा कि झारखंड राज्य निर्माण के 25 वर्षों बाद भी चतुर्थवर्गीय कर्मियों को तृतीय वर्ग में प्रोन्नति की सुविधा नहीं दी गई है। उन्होंने बताया कि चतुर्थवर्गीय कर्मचारी विभागीय कार्यों की रीढ़ हैं फिर भी उन्हें वाजिब अधिकार और सम्मान नहीं मिल रहा। प्रदेश भर के कर्मी अपनी दयनीय स्थिति से मुख्यमंत्री एवं विधायकों को अवगत करा चुके हैं किंतु अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कर्मकार ने राज्य सरकार से मांग की कि प्रोन्नति वेतनमान और ग्रेड पे से संबंधित लंबित मामलों को शीघ्र निपटाया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि चार सूत्री मांगों को लेकर 28 जून को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना तथा 30 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास के समक्ष राज्य स्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक को जगत पासवान अमित कुमार राय कमलेश कुमार संजय बाउरी नागेंद्र कुमार राजाराम कोड़ा विद्याधर महतो राजन रविदास लालजी गंजू गणु गौराई बदन तुरी शंकर दयाल और काजल कुमार मौजूद थे।




## आंध्र प्रदेश में मुठभेड़ तीन नक्सली नेता ढेर

**पाड़ेरू।** अल्लूरी सीतारामाराजू जिले में मंगलवार देर रात देवीपटनम मंडल के कोंडामोडालु वन क्षेत्र में सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ में तीन प्रमुख माओवादी नेता मारे गए हैं। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से तीन एके-47 राइफलें बरामद की हैं। इनमें हाल ही में मारे गए माओवादी शीर्ष नेता चलपति राव की पत्नी और स्पेशल जोन कमेटी की सदस्य अरुणा के साथ-साथ सेंट्रल कमेटी के सदस्य गजरला रवि उर्फ उदय और एओबी स्पेशल जोन कमेटी की एसीएम अंजू भी शामिल हैं। नक्सली रवि उर्फ उदय पर 25 लाख और अरुणा पर भी 20 लाख रुपये का इनाम था।

## पाक में विस्फोट, जाफर एक्स. के 4 डिब्बे बेपटरी

**जाकोबाबाद।** पाकिस्तान में बुधवार को विस्फोट से जफर एक्सप्रेस के चार डिब्बे पटरी से उतर गए। यह धमाका जाकोबाबाद में रेलवे ट्रैक पर हुआ है। जाकोबाबाद सिंध प्रांत का शहर और जिला मुख्यालय है। यह सिंध के उत्तर और बलूचिस्तान के साथ प्रांतीय सीमा पर स्थित है। जाकोबाबाद को खंगेर के नाम से भी जाना जाता है। खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी क्षेत्र की रिपोर्टों के लिए जाना जाता है।

## बीएसएनएल 5-जी सेवा जल्द शुरू होगी

**नयी दिल्ली।** बीएसएनएल की 5-जी सेवा का इंतजार अब खत्म होने वाला है। बीएसएनएल 4-जी के बाद अपने 5-जी नेटवर्क को लॉन्च करने की तैयारी कर रहा है। दूरसंचार कंपनी ने अपने 5-जी नेटवर्क को एक नया नाम क्यू-5जी यानी क्वांटम 5-जी दिया है। भारत संचार निगम लिमिटेड ने एक्स पोस्ट पर अपनी 5-जी सर्विस को लेकर अपडेट दिया है। कंपनी ने अपने 5-जी नेटवर्क को नया नाम दिया है, जो क्यू-5जी यानी क्वांटम 5-जी है। बीएसएनएल ने बताया है कि 5-जी नेटवर्क बहुत जल्द लॉन्च कर दिया जाएगा।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज उत्तराखंड जायेंगी

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरूवार को उत्तराखंड की तीन दिन की यात्रा पर रवाना होंगी जहां वह विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगी तथा योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस दौरान मुर्मू देहरादून स्थित राष्ट्रपति निकेतन में रहेंगी।

## लॉस एंजिल्स से निषेधाज्ञा हटी

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में लॉस एंजिल्स की महापौर कैरेन बास ने लॉस एंजिल्स डाउनटाउन के एक हिस्से में एक सप्ताह से लागू निषेधाज्ञा को हटा दिया है। सुश्री बास ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि निषेधाज्ञा और चल रहे अपराध रोकथाम प्रयासों ने दुकानों, रेस्तरां, व्यवसायों और आवासीय समुदायों को अप्रवासी समुदाय से बचाने में काफी हद तक सफलता पायी है। मैं आज से प्रभावी निषेधाज्ञा को हटा रही हूं और चूंकि हम वाशिंगटन से आने वाली अराजकता के साथ तेजी से निपट रहे हैं। जरूरत पड़ने पर मैं फिर से निषेधाज्ञा लागू करूंगी।

## इजरायल-ईरान युद्ध की मध्यस्थता कर सकता है रूस : जेफरी

**मॉस्को।** अमेरिकी अर्थशास्त्री एवं कोलंबिया विश्वविद्यालय में सतत विकास केंद्र के निदेशक जेफरी सैक्स ने कहा कि रूस, ईरान और इजरायल के बीच तनाव को कम करने तथा दोनों को वार्ता की मेज पर वापस लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। सैक्स ने रूस की सरकारी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से कहा कि रूस का इस क्षेत्र में अच्छा प्रभाव है जो इस तरह के प्रयास में मददगार हो सकता है। उन्होंने कहा,ह्ल रूस का मध्यस्थता करना बहुत अच्छा रहेगा। यह आवश्यक है कि इजरायल की आक्रामकता तुरंत खत्म हो और ईरान के खिलाफ प्रतिबंध समाप्त करने और उसकी सुविधाओं की निगरानी के लिए वार्ता फिर से शुरू हो।

# हर माता-पिता की होती है ख्वाहिश, घर-आंगन में गूंजे किलकारी

**संजीव मिश्रा/नीतू झा**

**रांची।** माता-पिता बनने की ख्वाहिश हर किसी की होती है। हर कोई चाहता है कि उसका परिवार, घर-आंगन बच्चों की किलकारियों और हंसी से गुंजायमान रहे। मगर कई बार लाख चाहने और कोशिशों के बावजूद भी कई दंपति माता-पिता नहीं बन सकते। ऐसा कई करणों से हो सकता है, जैसे कि बांझपन, स्वास्थ्य समस्याएं या कोई अन्य कारक। ऐसे में वे बच्चे को गोद लेने का विकल्प चुन सकते हैं ताकि वह अपने परिवार को पूरा कर सकें। उनकी इस इच्छा को पूरी करने के लिए कई केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण अहम पहल कर रहा है।

**झारखंड में** 2024-25 में **70 बच्चे लिए गये गोद :** रही बात झारखंड की तो यहां संचालित स्पेशलाइज्ड एडॉप्शन एजेंसी यानी एसएए की सक्रियता की बदौलत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 70 बच्चे गोद लिए गये हैं। इनमें सबसे ज्यादा 28 बच्चे-बच्चियां रांची में संचालित एसएए से जुड़े हैं। हालांकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 90 बच्चे गोद लिये गये थे। कारा की पहल पर 8,598 नए चिन्हित बच्चों को गोद लेने से जुड़े पुल में शामिल किया गया है।

रांची में दो एडॉप्शन सेंटर हैं : अगर आप राजधानी रांची के किसी अनाथ/बेसहारा बच्चे को गोद लेने के इच्छुक हैं। रांची में दो एडॉप्शन सेंटर संचालित हैं। सहयोग विलेज नामक संस्था अशोकनगर में है, जबकि करुणा संस्था बरियातू में चल रही है। रांची जिला की बात करें 2024-25 में अभी तक 28 बच्चे गोद लिए जा चुके हैं।

**बिहार- यूपी के लोग लड़के को गोद लेना पसंद करते हैं :** करुणा संस्थान के प्रबंधन लाला लक्ष्मी लाल ने बताया कि जो पढ़े-लिखे परिवार है। वह लड़की लेना ज्यादा पसंद करते हैं और जो रूढ़िवादी है खास करके बिहार और यूपी के लोग लड़के को गोद लेना ज्यादा पसंद करते हैं। अगर हम विदेश में बसे लोगों की बात करें तो वह लड़कियों को लेना ज्यादा पसंद करते हैं।

**गोद लेने वाले 35,701 और बच्चे सिर्फ 2,435:** गोद लेने की इच्छा रखने वाले लोगों की संख्या के मुकाबले गोद दिए जाने वाले बच्चों की संख्या बेहद कम हैं। अप्रैल 2025 तक (कारा) के केयरिंग पोर्टल पर गोद लेने के इच्छुक 35,701 दंपतियों ने पंजीकरण कराया है। इनमें 32,873भारतीय नागरिक ओएएस बच्चों को गोद लेने के इंतजार में हैं। 300 एनआरआई, 216 ओसीआई और 319 विदेशी भी कतार में हैं।

## अनाथ बच्चा गोद लेकर अपनी इच्छा पूरी कर रहे हैं लोग




**भारत में लगातार वृद्धि :** भारत में बीते एक दशक में गोद लेने की संख्या में शानदार बढ़ोतरी दर्ज की गई है। 2015-16 के मुकाबले गोद लिए बच्चों की संख्या 3,677 से बढ़कर 2018-19 में 4,027 हो गई है। हालांकि, इसमें कोविड-19 के दौरान थोड़ी गिरावट आई, लेकिन 2024-25 में रिकॉर्ड 4,515 बच्चों को गोद लिया गया। यह बीते एक दशक में सबसे अधिक संख्या है। इस साल अब तक 420 बच्चे अनाथ/परित्यक्त/सौंपे गए (ओएएस) श्रेणी से गोद लिए जा चुके हैं। इनमें से 342 को ड्डारतीयों ने, आठ को एनआरआई, छह को ओवरसीज सिटीजन ऑफ इंडिया (ओसीआई) और 11 को विदेशियों ने गोद लिया। इससे पता चलता है कि बच्चों को कानूनी तौर पर गोद लेने की स्वीकार्यता बढ़ रही है। इसमें केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण यानी 'कारा' की अहम भूमिका रही है।

**कारा की पहल का दिख रहा है असर :** कारा ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में गोद लेने की समयसीमा, सीडब्ल्यूसी सदस्यों का प्रशिक्षण, फॉस्टर केयर और भावी दत्तक माता-पिता के लिए गोद लेने संबंधी परामर्श सहित 45 वर्चुअल प्रशिक्षण सत्रों के साथ-साथ वास्तविक राज्य अड्डिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किए. इसके अलावा, गोद लेने संबंधी जागरूकता अभियान के तहत, 'कारा' ने अक्टूबर 2024 से जनवरी 2025 तक दत्तक माता-पिता के साथ बैठकें आयोजित करने के लिए 16 राज्यों के साथ भागीदारी की।

**अब सिंगल पैरेंट भी गोद ले सकते हैं :** देश में अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे लोग भी बच्चा गोद ले सकते हैं। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नये नियम के तहत यह अनुमति दी है। इन दिशा-निर्देशों के तहत फॉस्टर पेरेंट्स को पांच साल की देखभाल के बाद बच्चा गोद लेने की इजाजत होगी। देश में अब सिंगल पैरेंट्स भी बच्चा गोद ले सकेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक नयो नियम के तहत अब अविवाहित, विधवा, तलाकशुदा या कानूनी रूप से अलग रह रहे 35 से 60 साल की उम्र के अकेले लोगों को ड्डी बच्चे को गोद लेने की अनुमति दे दी है। इससे पहले, 2016 के मॉडल फॉस्टर केयर गाइडलाइंस के तहत, केवल विवाहित जोड़ों को ही बच्चे को गोद लेने की अनुमति थी। हालांकि, एक अकेली महिला किसी ड्डी लिंग के बच्चे को गोद ले सकती है, लेकिन एक पुरुष केवल पुरुष बच्चे को ही गोद ले सकता है।

## गोद लेने के लिए 'कारा' में रजिस्ट्रेशन

- **बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र करना :** कारा के माध्यम से गोद लिए जाने वाले बच्चों को कानूनी रूप से स्वतंत्र होना चाहिए, जिसे जिला बाल कल्याण समिति द्वारा प्रमाणित किया जाता है।
- **योग्य होना :** आपके पास गोद लेने के लिए कुछ योग्यताएं होनी चाहिए, जैसे कि आयु, वित्तीय स्थिति, और मानसिक स्वास्थ्य आदि।
- **देखभाल की क्षमता:** गोद लेने के लिए योग्य होने के लिए आपको एक स्थिर और प्यार ड्डारा घर प्रदान करने की क्षमता होनी चाहिए, और बच्चों की देखभाल करने की क्षमता होनी चाहिए।
- बच्चे और गोद लेने वाले व्यक्ति की उम्र में कम से कम 21 साल का अंतर होना चाहिए।
- एकल पुरुष केवल लड़के को गोद ले सकते हैं, जबकि अविवाहित महिलाएं लड़की या लड़के को गोद ले सकती हैं।
- कुछ संदायों का प्रतिषेध: किसी भी व्यक्ति को दत्तक के बदले कोई संदाय या इनाम नहीं दिया जा सकता है।
- विदेशी माता-पिता के लिए विदेशी माता-पिता भी भारत में बच्चों को गोद ले सकते हैं, लेकिन उनके पास गोद लेने के लिए कुछ अतिरिक्त दस्तावेज और योग्यताएं होनी चाहिए।
- गोद लेने की प्रक्रिया में सुधारभारत में बच्चों को गोद लेने की प्रक्रिया में सुधार किया जा रहा है, और सरकार ने गोद लेने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं। हाल ही में, सरकार ने एकल माता-पिता को भी गोद लेने की अनुमति दे दी है।

# भारत में बनेंगे फाल्कन 2000 जेट

## डसॉल्ट एविएशन ने रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर के साथ किया समझौता

**एजेंसी**

नयी दिल्ली। फ्रांसीसी कंपनी डसॉल्ट एविएशन अब वैश्विक बाजार के लिए भारत में फाल्कन-2000 बिजनेस जेट बनाएगी। इसके लिए बुधवार को पेरिस एयर शो में कंपनी ने रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की सहायक कंपनी रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर लिमिटेड (आरएएल) के साथ एक समझौता किया है। इस समझौते के बाद भारत संयुक्त राज्य अमेरिका, फ्रांस, कनाडा और ब्राजील के बाद अगली पीढ़ी के बिजनेस जेट बनाने वाले देशों के कुलीन क्लब में शामिल हो गया है। यह पहली बार है कि जब डसॉल्ट एविएशन फ्रांस के बाहर फाल्कन-2000 जेट का निर्माण करेगा, जिससे भारत रणनीतिक वैश्विक विमानन केंद्र के रूप में स्थापित होगा। बिजनेस एग्जीक्यूटिव जेट्स के लिए पहली असेंबली लाइन डसॉल्ट रिलायंस एयरोस्पेस लिमिटेड (डीआरएएल) महाराष्ट्र के नागपुर में स्थापित की जाएगी। यहां जेट का पूर्ण ढांचा और विंग असेंबली संचालन के हस्तांतरण के साथ-साथ प्रमुख सुविधा उन्नयन होगा, जहां से 2028 तक फाल्कन 2000 की पहली उड़ान का मार्ग प्रशस्त होगा।

**नागपुर में स्थापित होगी पहली असेंबली लाइन**

डसॉल्ट एविएशन के अध्यक्ष और सीईओ एरिक ट्रैपियर ने कहा कि यह नया समझौता भारत की 'मेक इन इंडिया' प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और वैश्विक एयरोस्पेस आपूर्ति श्रृंखला में भारत को एक प्रमुख भागीदार के रूप में मान्यता दिलाएगा। यह साझेदारी भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताओं को आगे बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है, जबकि रणनीतिक रूप से वैश्विक विमानन आपूर्ति श्रृंखला में एकीकृत है। डसॉल्ट एविएशन फाल्कन 8 और फाल्कन 6 के फ्रंट सेक्शन की असेंबली के अलावा फाल्कन-2000 के पंखों और पूरे धड़ की असेंबली भी डीआरएएल को सौंपेगा। रिलायंस समूह के संस्थापक अध्यक्ष अनिल डी. अंबानी ने कहा कि यह समझौता आत्मनिर्भर भारत' और 'विश्व के लिए भारत में निर्माण' के दृष्टिकोण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दशार्ता है। भारत में फाल्कन बिजनेस जेट के निर्माण के लिए डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारी साझेदारी देश, विमानन उद्योग और रिलायंस समूह के लिए एक निर्णायक क्षण है। इससे भारत को वैश्विक एयरोस्पेस मूल्य श्रृंखला में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस ऐतिहासिक पहल से भारत हाई-एंड बिजनेस जेट निर्माण के लिए एक रणनीतिक केंद्र के रूप में उभरेगा। नई फाइनल असेंबली लाइन भारत और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ती मांग को पूरा करेगी। डसॉल्ट एविएशन और रिलायंस एयरोस्ट्रक्चर के बीच संयुक्त उद्यम डीआरएएल की स्थापना 2017 में हुई थी। उसी के बाद नागपुर के मिहान में एक अत्याधुनिक विनिर्माण सुविधा की स्थापना के साथ परिचालन शुरू हुआ। 2019 में अपना पहला फाल्कन-2000 फ्रंट सेक्शन देने के बाद से डीआरएएल ने फाल्कन-2000 के लिए 100 से अधिक प्रमुख उप-खंडों को इकट्ठा किया है। डीआरएएल को अपने विस्तारित परिचालन का समर्थन करने के लिए अगले दशक में कई सौ इंजीनियरों और तकनीशियनों की भर्ती करने की उम्मीद है।



# आकाश और अनंत अंबानी बने भारत के अमीर शख्स

**मुकेश अंबानी के दोनों पुत्रों की संपत्ति 3.59 लाख करोड़**

**एजेंसी**

**मुंबई।** उद्योगपति धीरूभाई अंबानी की विरासत को शीर्ष पर पहुंचाने वाले मुकेश अंबानी के दोनों पुत्र आकाश और अनंत अंबानी भी इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए 3.59 लाख करोड़ रुपये की संयुक्त संपत्ति के साथ भारत की सबसे अमीर जोड़ी बन गए हैं।

भारत की आर्थिक शक्ति और उद्यमशीलता के नए आयामों को रेखांकित करते हुए 360 वन वेल्थ ने प्रतिष्ठित रेटिंग एजेंसी क्रिसिल के सहयोग से 360 वन वेल्थ क्रिएटर्स लिस्ट के बुधवार को जारी पहले संस्करण उन 2,013 व्यक्तियों का व्यापक और डेटा-संचालित प्रोफाइल प्रस्तुत करता है, जिनकी व्यक्तिगत संपत्ति 500 करोड़ रुपये या उससे अधिक है। इन सभी की कुल संपत्ति मिलाकर लगभग 100 लाख करोड़ रुपये के बराबर है, जो भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग एक तिहाई है। मुंबई देश का सबसे बड़ा फाइनेंशियल हब बनकर उभरा है। यहां 577 ऐसे लोग हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति बनाई है। इनकी संपत्ति देश की कुल संपत्ति का 40% है। दिल्ली 17% के साथ दूसरे और बेंगलुरु 8% के साथ तीसरे स्थान पर है। अहमदाबाद का योगदान 5% है। भारत में 40 साल से कम उम्र के 143 लोग ऐसे हैं जिन्होंने अपनी संपत्ति बनाई है। इनमें से कई डिजिटल वेंचर चला रहे हैं।




# ईरान ने इजराइल पर 25 'फतह-1' मिसाइलें दागीं

**तेहरान।** ईरान ने पहली बार इजराइल के खिलाफ फतह-1 मिसाइल से हमला किया है। उसने एक साथ ऐसी 25 मिसाइलें दागकर भारी तबाही मचाई है। ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी इरान की खबर के अनुसार इस्लामिक रिवोल्यूशन गाड्र्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा है कि फतह-1 मिसाइल हमला इजराइली प्रायोजक संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए कड़ा संदेश है। फतह-1 उन्नत मिसाइल है। यह लक्ष्य को कुछ ही मिनट में तबाह करने में सक्षम हैं। आईआरजीसी ने कहा कि फतह-1 को तेल अवीव ईरान की ताकत का संदेश देने के लिए भेजा गया, ताकि उसका युद्ध प्रिय सहयोगी अमेरिका भी जान सके कि लड़ाई कैसी होगी। फतह-1 ने इजराइल के आसमान पर नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। उसके ताजा हमले के बाद इजराइल के लोग रक्षा विहीन हो गए हैं।



## मतदाता फोटो पहचान पत्र 15 दिन में बनेगा

**नयी दिल्ली।** चुनाव आयोग ने मतदाताओं को उनके फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) तेजी और समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए नई मानक प्रक्रिया (एसओपी) तय की है। अब नए नामांकन या मतदाता विवरण में किसी भी बदलाव के 15 दिनों के भीतर मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) कार्ड प्राप्त हो जाएगा।

यह पहल मतदाताओं की सुविधा के लिए की जा रही विभिन्न पहलों का हिस्सा है, जिन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू व डॉ. विवेक जोशी के मार्गदर्शन में शुरू किया गया है।

# ईरान से भारतीयों के लिए ऑपरेशन सिंधु शुरू

## 110 छात्रों को लेकर विमान आज भारत पहुंचेगा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष और क्षेत्रीय हालात के बिगड़ने के मद्देनजर भारत सरकार ने ईरान में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए ऑपरेशन सिंधु की शुरूआत की है। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत 17 जून को ईरान के उत्तरी हिस्से में फंसे 110 भारतीय छात्रों को सुरक्षित निकाला गया। इन छात्रों को भारतीय दूतावास की निगरानी में सड़क मार्ग से ईरान से आर्मेनिया की राजधानी येरेवान पहुंचाया गया। वहां से सभी छात्र बुधवार को दोपहर 2:55 बजे विशेष विमान द्वारा भारत रवाना हुए और इनके 19 जून की तड़के नई दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है। यह ऑपरेशन सिंधु का पहला चरण है। भारत ने इस पूरे अभियान में सहयोग के लिए ईरान व आर्मेनिया की सरकारों का विशेष आभार जताया है, जिन्होंने निकासी प्रक्रिया को सहज और सुरक्षित बनाने में भरपूर सहायता की। भारत सरकार ने स्पष्ट किया है कि विदेशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।



**तेहरान में हेल्पलाइन नंबर**

1.केवल कॉल के लिए: +98 9128109115, +98 9128109109
2.व्हाट्सएप: +98 901044557, +98 9015993320, +91 8086871709
3.बंदर अब्बास:+ 989 9177699036
4. जाहेदान: +98 9396356649

**नयी दिल्ली में हेल्पलाइन नंबर**

800118797 (टोल फ्री), + 91-11-23012113, + 91-11-23014104, + 91-11-23017905। व्हाट्सएप: +91-9968291988

# लगातार दूसरे दिन भी शेयर बाजार में गिरावट

## सेंसेक्स 139 और निफ्टी 41 अंक लुढ़का

**एजेंसी**

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर आईटी, यूटिलिटीज, धातु, पावर, टेक और फोकस्ड आईटी समेत 17 समूहों में हुई बिकवाली से बुधवार को शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 138.64 अंक की गिरावट लेकर 81,444.66 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 41.35 अंक फिसलकर 24812.05 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 45,690.53 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत कमजोर रहकर 53,033.80 अंक रह गया।इस दौरान बीएसई में कुल 4115 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2448 में बिकवाली जबकि 1532 में लिवाली हुई वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2955 कंपनियों में से 1851 में गिरावट जबकि 1026 में तेजी रही वहीं 78 में टिकाव रहा।



बीएसई के 17 समूहों का रुझान नकारात्मक रहा। इससे कमोडिटीज 0.66, ऊर्जा 0.41, एफएमसीजी 0.47, वित्तीय सेवाएं 0.17, हेल्थकेयर 0.52, इंडस्ट्रियल्स 0.40, आईटी 0.76, दूरसंचार 0.01, यूटिलिटीज 0.75, कैपिटल गुड्स 0.48, धातु 0.65, तेल एवं गैस 0.47, पावर 0.67, रियल्टी 0.46, टेक 0.53, सर्विसेज 0.59 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.75 प्रतिशत लुढ़क गए। शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 269 अंक की गिरावट लेकर 81,314.62 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,858.97 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, बिकवाली होने से यह कारोबार के अंतिम चरण में 81,237.01 अंक के निचले स्तर तक टूट गया। अंत में पिछले दिवस के 81,583.30 अंक के मुकाबले 0.17 प्रतिशत उतरकर 81444.66 अंक पर आ गया।

इसी तरह निफ्टी भी 65 अंक गिरकर 24,788.35 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24947.55 अंक के उच्चतम जबकि 24,750.45 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,853.40 अंक की तुलना में 0.17 प्रतिशत कमजोर रहकर 24,812.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की नुकसान उठाने वाली प्रमुख कंपनियों में टीसीएस 1.79, अडानी पोर्ट्स 1.55, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.35, बजाज फिनसर्व 1.16, नेस्ले इंडिया 0.95, एनटीपीसी 0.85, एचसीएल टेक 0.84, आईसीआईसीआई बैंक 0.77, टाटा मोटर्स 0.73, एलटी 0.64, इंफोसिस 0.45, आईटीसी 0.37, टाटा स्टील 0.36, रिलायंस 0.10 और एसबीआई 0.06 प्रतिशत शामिल रही। वहीं, इंडसइंड बैंक 5.12, टाइटन 1.99, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.24, मारुति 1.12, एशियन पेंट 0.74, भारती एयरटेल 0.54, एक्सिस बैंक 0.35, और एचडीएफसी बैंक के शेयर 0.22 प्रतिशत लाभ में रहे।

**निवेशकों को 1.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान**

शेयर बाजार में गिरावट से निवेशकों की संपत्ति में करीब पौने दो लाख करोड़ रुपये की कमी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप घट कर 446.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। मंगलवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 447.91 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को करीब 1.72 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया।

